ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • भाद्रपद कृष्ण पक्ष 11 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 10 सितम्बर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 218 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

बॉलीवुड को एल्विश यादव जैसे हीरो की ... पेज 12 पर



## जी-20 : 'नई दिल्ली लीडर्स घोषणा पत्र' को मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। नई दिल्ली जी 20 लीडर समिट के डिक्लेरेशन (घोषणापत्र) पर आम सहमति बन गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यह ऐलान करते हुए विश्व नेताओं से लीडरशिप डेक्लेरेशन को अपनाने का आग्रह किया।पीएम मोदी ने शनिवार शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, एक खुशखबरी मिली है कि हमारी टीम के कठिन परिश्रम और आप सबके सहयोग से जी 20 लीडर समिट के डिक्लेरेशन पर सहमति बनी है। मेरा प्रस्ताव है कि लीडर्स डिक्लेरेशन को भी अपनाया जाए। मैं भी इस डिक्लेरेशन को अपनाने की घोषणा करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई




दिल्ली में 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन के दूसरे सत्र की शुरूआत में कहा, इस अवसर पर, मैं अपने शेरपा, मंत्रियों को बधाई देता हूं, जिन्होंने इसके लिए कड़ी मेहनत की और इसे संभव बनाया।

### अमिताभ कांत ने बताया जी-20 डेक्लेरेशन का महत्व

वहीं भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) पर घोषणा की कि नई दिल्ली लीडर्स शेष पृष्ठ 11 पर (विस्तृत खबरें पेज 12)

### क्या है घोषणापत्र में

- मजबूत, टिकाऊ, संतुलित और समावेशी विकास
- एसडीजी पर प्रगति में तेजी लाना
- सतत भविष्य के लिए हरित विकास समझौता
- 21वीं सदी के लिए बहुपक्षीय संस्थान
- बहुपक्षवाद को पुनर्जीवित करना
- सभी को किसी भी राज्य की क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ क्षेत्रीय अधिग्रहण की धमकी या बल प्रयोग से बचना चाहिए।
- आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति, सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक है। आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा।
- आतंकवाद के सभी कृत्य आपराधिक और अनुचित हैं, भले ही उनकी प्रेरणा कुछ भी हो, चाहे कहीं भी, कभी भी और किसी ने भी किया हो।
- यूक्रेन संघर्ष ने देशों, विशेष रूप से विकासशील और अल्प विकसित देशों के लिए नीतिगत माहौल को जटिल बना दिया है। ऐसे में कूटनीति और संवाद महत्वपूर्ण हैं।
- वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं।
- जी20 अकुशल कोयला और जीवाश्म ईंधन सब्सिडी को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने और तर्कसंगत बनाने के लिए प्रतिबद्ध।

## जेएसएससी ने 444 पदों पर निकाली वैकेंसी

### 2 नवंबर तक कर सकते हैं आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेएसएससी ने झारखंड महिला पर्यवेक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के लिए आवेदन मांगा है। कुल 444 पदों के लिए रिक्तियां निकाली गई हैं। जिसमें अनारक्षित 187, अनुसूचित जनजाति के लिए 101, अनुसूचित जाति के लिए 35, अत्यंत पिछड़ा वर्ग-1 के लिए 42, पिछड़ा वर्ग- 2 के लिए 35, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 44 पद हैं। इसके लिए सामान्य वर्ग के लिए परीक्षा शुल्क 100 रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए 50 रुपये परीक्षा शुल्क निर्धारित किया गया है। परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन भरा जाएगा। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को जेपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा। 31 अक्टूबर से आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी जो 2 नवंबर तक चलेगी। आवेदन प्रक्रिया 26 सितंबर से शुरू होगी और आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है। परीक्षा शुल्क शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### लालू प्रसाद यादव आज राबड़ी देवी के साथ आएंगे देवघर

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुप्रीमो और बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव 10 सितंबर को बाबा नगर देवघर आएंगे। जानकारी के अनुसार उनके साथ बिहार की पूर्व सीएम व उनकी पत्नी राबड़ी देवी भी होंगी। झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में पूजा-पाठ के साथ-साथ राजद नेताओं व कार्यकर्ताओं से भी वे मुलाकात करेंगे। इस दौरान लोकसभा-विधानसभा चुनाव को लेकर विचार-विमर्श भी करेंगे। लालू प्रसाद यादव के झारखंड आगमन को लेकर राजद के नेताओं और कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है।

### आंध्र के पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार

**अमरावती।** एक बड़े घटनाक्रम में, आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और तेलुगु देशम पार्टी प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू को राज्य पुलिस के अपराध जांच विभाग ने शनिवार को कौशल विकास निगम भ्रष्टाचार मामले में नंद्याल जिले में गिरफ्तार कर लिया। टीडीपी प्रमुख को पुलिस उपाधीक्षक एम। धनंजयडु के नेतृत्व में सीआईडी टीम ने सुबह करीब छह बजे गिरफ्तार किया।

### पलामू में हत्या के आरोप में मां-बेटी गिरफ्तार

**पलामू।** जिले के तरहसी थाना क्षेत्र अंतर्गत भालोगाड़ी में गत 7 सितंबर को एक कुएं से मिले सुरेन्द्र साव उर्फ विदेश साव के शव के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने सुरेन्द्र साव की हत्या के आरोप में पत्नी चिंता देवी (42) और उसकी बेटी पूजा कुमारी (19) को गिरफ्तार किया है। लेस्लीगंज के एसडीपीओ आलोक टूटी ने शनिवार को यह जानकारी दी। एसडीपीओ आलोक ने बताया कि इस मामले में मृतक की पत्नी चिंता देवी ने शव मिलने के बाद बिना किसी पर शक संदेह जाहिर किए आवेदन देकर यूडी कांड संख्या 03/2023 दर्ज कराई थी।

### संपत्ति की लालच में पुत्र ने करवाई थी पिता की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**लातेहार।** जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत धवईटोला निवासी सेवानिवृत शिक्षक क्लेमेंट लकड़ा की हत्याकांड का खुलासा शनिवार को पुलिस ने कर दिया। घटना का खुलासा करते हुए डीसीपी राजेश कुजूर ने बताया कि शिक्षक क्लेमेंट लकड़ा का बेटा मनोज लकड़ा ने ही संपत्ति के लालच में अपने पिता की हत्या करवाई थी। शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में डीएसपी ने बताया कि गलत 22 जुलाई को सेवानिवृत शिक्षक क्लेमेंट लकड़ा की हत्या उनके घर के पास ही धारदार हथियार से मारकर कर दी गई थी। इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कर मामले की अनुसंधान की जा रही थी। अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने पाया कि क्लेमेंट लकड़ा और उनके बड़े बेटे मनोज लकड़ा के बीच संपत्ति को लेकर हमेशा झगड़ा होता था। पुलिस ने जब इसकी गहनता से छानबीन की तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। इसके बाद पुलिस ने मनोज लकड़ा को हिरासत में लेकर पूछताछ आरंभ किया।

## सीएम हेमंत सोरेन ने ईडी को भेजा पत्र, कहा-

# जवाब देने के लिए और समय चाहिए

### तीसरा समन जारी हुआ था

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ईडी कब तीसरे समन पर सीएम हेमंत सोरेन एजेंसी के दफ्तर शनिवार को नहीं पहुचे। सीएम के द्वारा एक बार फिर एक पत्र भेजा गया है। जमीन घोटाले मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी के तीसरे समन पर भी एजेंसी के दफ्तर नहीं जाएंगे यह पहले से तय था क्योंकि शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राष्ट्रपति के द्वारा दिए गए निमंत्रण को लेकर दिल्ली चले गए है ऐसे में सीएम ने ईडी को पत्र भेज कर इसकी सूचना दी है।

रांची जमीन घोटाले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी के तीसरे समन पर भी एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे यह पूर्व से तय था। ईडी के तीसरे समन को लेकर सीएम ने तीसरी बार एजेंसी को पत्र भेजा है। इससे पहले ईडी के 14 और 24 अगस्त की उपस्थिति के समन पर भी मुख्यमंत्री नहीं गए थे। जिसके बाद ईडी ने 9 सितंबर का तीसरा समन भेजा था। मुख्यमंत्री शनिवार रात दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा जी 20 को लेकर दिए जा रहे डिनर में शामिल होंगे। सीएम दिल्ली के लिए रवाना भी हो चुके हैं। सीएम शनिवार की रात ही रांची लौट आएंगे। वहीं ईडी सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री के राष्ट्रपति के डिनर में शामिल होने के मौके की वजह से ईडी उन्हें चौथा समन भी दे सकती है। हालांकि मुख्यमंत्री ने अपने तीसरे पत्र में क्या लिखा है इसकी जानकारी अभी हासिल नहीं हो पाई है।



### मुख्यमंत्री के पूर्व पत्रों पर ईडी ने दिए थे कई जवाब, केस की दिशा व दिशा बताता है पत्र

मुख्यमंत्री ने ईडी के पिछले दो समन पर अनुपस्थित रहने का वजह बताते हुए ईडी को पत्र भेजा था। ईडी ने इस मामले में जवाबी पत्र भी सीएम को भेजा था, जिसमें केस की दिशा और दशा दोनों स्पष्ट है यह बतए गया था। ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उस आरोप को भी खारिज किया किया था कि एजेंसी का राजनीतिक इस्तेमाल हो रहा है। एजेंसी ने अपने पत्र में लिखा है कि ईडी प्रोफेशनल एजेंसी है एवं यह साक्ष्य व कानून के अनुसार काम करती है। दूसरे समन के जबाब में सीएम ने कोर्ट जाने की जानकारी ईडी को दी थी।

## झारखंड की धरती पर डाक्टर भारती कश्यप के कई कीर्तिमान

# राज्यपाल को 14 को रन फॉर विजन में आने का दिया न्योता

### कश्यप मेमोरियल आई बैंक ने अब तक 801 कार्निया प्रत्यारोपण किये

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड की धरती पर डाक्टर भारती कश्यप नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में एक बड़ा नाम हैं। इस प्रकार उनके द्वारा किये गये कार्य कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं। यही कारण है कि देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने उन्हें सम्मानित भी किया है। कश्यप मेमोरियल आई बैंक राज्य में कई आई कैंप लगाकर लाखों लोगों को गरीब और असहाय के जीवन में उजाला लाकर क्रान्तिकारी कदम उठाये हैं। आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब एवं कश्यप मेमोरियल आई बैंक का एक प्रतिनिधि मंडल शनिवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शिष्टाचार मुलाकात की। साथ ही संस्था के द्वारा किये गए कार्यों कलापों की एक स्मारिका भी उन्हें प्रस्तुत की। प्रयोजन था 14 सितंबर को आयोजित होने वाले ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन में आने का न्योता देना। मौके पर राज्यपाल को रन फॉर विजन में प्रयुक्त होने वाले नेत्रदान महादान से संबंधित टी-शर्ट प्रदान की गई। संस्था के सदस्यों ने गवर्नर को अवगत कराया कि संस्था नेत्र दान एवं नेत्र प्रत्यारोपण के क्षेत्र में झारखण्ड में बहुत अच्छा काम कर रही है। कश्यप मेमोरियल आई बैंक द्वारा 2022 से अब तक 154 कार्निया प्रत्यारोपण किए गये हैं। पिछले 5 साल में 340 कार्निया प्रत्यारोपण किए गये हैं। अब तक कुल एक 801 कॉर्निया प्रत्यारोपण किए गए हैं। बता दें कि कश्यप मेमोरियल नेत्र चिकित्सालय की राष्ट्रीय स्तर की डाक्टर भारती कश्यप और उनका पूरा परिवार असहाय लोगों के लिए भगवान का दूसरे रूप में विख्यात हो चुके हैं। कोई भी व्यक्ति जो एक बार यहां आया उसे कभी भी निराशा हाथ नहीं लगी। भारती की पूरी टीम उसे हर संभव मदद करते हुए आंख की जांच करते हैं।



## चोरी के आरोप में पिटाई से युवक की हुई मौत

### आक्रोशित ग्रामीणों का हंगामा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के सिकिदरी थाना क्षेत्र में बल्ब चुराने को लेकर हुए विवाद में एक युवक की हत्या कर दी गई। हत्या की वारदात के बाद पूरे इलाके में तनाव कायम हो गया है। आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जम कर हंगामा किया। सिकिदरी - रांची मार्ग को घंटों जाम किए रखा।

**क्या है पूरा मामला :** मिली जानकारी के अनुसार सिकिदरी इलाके के ही रहने वाले उमेश मुंडा की उसके ही गांव के कुछ लोगों ने मिलकर मार डाला, आरोप था कि उमेश गांव में रात के समय घूम-घूम कर बिजली के बल्ब चुराया करता था। इसी दौरान कुछ लोगों ने उसे पकड़ लिया और मार डाला। जैसे ही ग्रामीणों को यह जानकारी मिली कि उमेश मुंडा की हत्या कर दी गई है वह आक्रोशित हो गए और सड़क पर उतरकर हंगामा करने लगे। भीड़ इतनी आक्रोश शेष पृष्ठ 11 पर

## आदिम जनजाति महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म, पांच आरोपी गिरफ्तार

**लातेहार।** जिले के गारू थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में आदिम जनजाति महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना घटी है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार आदिम जनजाति महिला शुक्रवार को अपने गांव से दो किमी दूर पैदल साप्ताहिक बाजार आयी थी। बाजार करने के बाद वह शाम में वापस घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में नशे में धुत छह युवकों ने महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित वहां से फरार हो गए। इसके बाद महिला अपने घर पहुंची और पूरे घटना की जानकारी अपने परिवार वालों को दी। शनिवार सुबह परिवार वालों के साथ पीड़िता गारू थाना पहुंच कर सामूहिक दुष्कर्म के संबंध में मामला दर्ज कराई। शिकायत के बाद एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर गारू थाना प्रभारी राजीव भगत ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गैंग रेप में शामिल पांच युवकों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें शिवलाल सिंह,अनूप सिंह समिल सिंह समेत दो अन्य आरोपी शामिल हैं। इधर इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की छानबीन जारी है।

## पीएलएफआई का कुख्यात उग्रवादी दसाय पूर्ति गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के कुख्यात उग्रवादी दसाय पूर्ति उर्फ गेड़े को पुलिस ने शुक्रवार की देर रात मुरहू थाना के एतरे अलटंडा के जंगल से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, 8 एमएम की छह गोलियां, वॉकी टॉकी हेड सेट, पीएलएफआई का चंदा रसीद, लेवी के रूप में वसूले गए 5200 रुपये नकद और दैनिक उपयोग के सामान बरामद किये गये। एसपी कार्यालय में शनिवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी अमन कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि पीएलएफआई का एरिया कमांडर टीरा बोदरा उर्फ राडूंग बोदरा उर्फ लंबू अपने दस्ता के सदस्यों के साथ मुरहू थाना शेष पृष्ठ 11 पर

## गैंगस्टर कुणाल सिंह हत्याकांड में शामिल फंटूश की हत्या, पांच नामजद

**पलामू।** गैंगस्टर कुणाल सिंह हत्याकांड में शामिल रहे राजेश वर्मा उर्फ फंटूश(40) की हत्या गैंगवार में हुई। इस सिलसिले में शनिवार को राजेश के भाई राकेश कुमार वर्मा के बयान पर कुणाल सिंह के भाई चंदन सिंह, उसके साला छोटू सिंह, अमृतेश्वर सिंह उर्फ छोटे, सोनू कुमार एवं इरशाद-तारिक उर्फ मनन शाह पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। पुलिस ने अबतक एक दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभय कुमार सिन्हा ने प्राथमिकी दर्ज कराने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि कई लोगों को थाना लाकर पूछताछ की गई। जल्द मामले का उद्भेदन कर दिया जाएगा। गैंगस्टर कुणाल सिंह हत्याकांड में शामिल रहे राजेश वर्मा उर्फ फंटूश (40) की हत्या शुक्रवार की रात गोली मारकर कर दी गई। फंटूश को गोली उसके घर के पास ही मारी गई। गोली चालन का घटना गैंगवार का नतीजा बताई जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार ने गोली चलाने वाले दो अपराधियों को देर रात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तीन अन्य अपराधियों की तलाश जारी है।

## झारखंड में फिर फेल हुआ ओवैसी फॉर्मूला

# मांडर के बाद डुमरी की जनता ने भी नकारा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मांडर के बाद डुमरी उपचुनाव में भी एआईएमआईएम का सियासी समीकरण फेल हो गया। असदुद्दीन ओवैसी की मुस्लिम वोटरों को साधने की कोशिशें नाकाम हो गईं। डुमरी उपचुनाव में मुस्लिम वोट का ऐसा ध्रुवीकरण हुआ कि एआईएमआईएम के प्रत्याशी की जमानत जब्त हो गई। एआईएमआईएम के प्रत्याशी अब्दुल मोबीन रिजवी को नोटा से भी कम वोट मिले। मांडर उपचुनाव के बाद डुमरी में असदुद्दीन ओवैसी खूब गरजे और मुस्लिमों के अधिकारों को लेकर खूब बोले, उनकी सभा में भीड़ भी हुई थी। कहा जा रहा था कि ओवैसी ने चुनाव को त्रिकोणीय बना दिया है। लेकिन जब वोटों की गिनती हुई सब कुछ साफ हो गया। झामुमो की बेबी देवी 17,153 वोट के अंतर से जीत गईं।

मतदाताओं ने सबों को अपने फैसले से चौंका दिया, 2019 के विधानसभा में 24,132 वोट लाने वाले एआईएमआईएम के अब्दुल मोबीन रिजवी को इस बार महज 3,472 वोट मिले यानी पिछले चुनाव की तुलना में 20,660 वोट कम। नतीजे बताते हैं कि 2019 के विधानसभा चुनाव की तरह ओवैसी की पार्टी के प्रत्याशी अब्दुल मोबीन रिजवी को 24,132 वोट भी मिले होते तो तस्वीर कुछ और हो सकती थी।



राजनीति के जानकारों का कहना है कि अब ओवैसी झारखंड का राजनीति में पूरी तरह फेल हो गए हैं। उनके भाषणों को सुनने के लिए भले एक जमात के लोग जुटें लेकिन उनके वोट कहां किस पार्टी को जाएंगे अब वो भलिभांति समझ चुके हैं। बिहार में ओवैसी को कुछ सफलता जरूर मिली लेकिन बाद में इनके लोग भागकर बिहार में राजद में शामिल हो गये।

ओवैसी सोचते हैं कि मुस्लिम और दलित वोट से जीत जाएंगे, यह संभव नहीं है। गुजरात में भी ओवैसी को ऐसा परिणाम नहीं मिला। पिछली बार जो वोट मिला था वो गुजरात में इसबार नहीं मिला। जिस वर्ग का ओवैसी वोट लेते हैं, उसका मकसद होता है कि बीजेपी को नहीं जीतने देना है। डुमरी में यह बात वहां के वोटर समझ चुके थे। इनकी विश्वसनीयता खत्म होती जा रही है। मुस्लिम वोटर अब समझ चुके हैं कि जो भी बीजेपी को हराएगा, उसको उनका साथ मिलेगा। डुमरी में भी वही हुआ।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि डुमरी में इंडिया बनाम एनडीए की लड़ाई थी। जब भी अल्पसंख्यक को यह दिखेगा कि कोई वोट कटवा आ गया है तो वो इंडिया गठबंधन की तरफ जाएगा। यहां शेष पृष्ठ 11 पर

## हाईकोर्ट ने एनसीबी का फर्जी केस किया निरस्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के रांची में दर्ज एक केस को फर्जी बताते हुए निरस्त करके याचिकाकर्ता को तत्काल जेल से रिहा करने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट में आज एनसीबी के इस फर्जी केस के मामले में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता मंगा सिंह ने मामले को निरस्त करने का आग्रह करके एक याचिका दायर की थी। कोर्ट के आदेश पर याचिकाकर्ता को जेल से रिहा कर दिया गया है। आठ साल पुराने फर्जी केस में याचिकाकर्ता को जेल में रखने के कारण कोर्ट ने एनसीबी के एडिशनल डायरेक्टर जनरल को आठ लाख रुपये का मुआवजा याचिकाकर्ता को देने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता की




ओर से अधिवक्ता शैलेश पोद्दार ने पैरवी की। उन्होंने कोर्ट को बताया कि एनसीबी के अधिकारियों ने फर्जी तरीके से मंगा सिंह सहित दो के खिलाफ वर्ष 2015 में रांची में प्राथमिकी दर्ज की थी। एनसीबी ने याचिकाकर्ता को छह अक्टूबर, 2015 को बिहार के गया जिला स्थित बाराचट्टी के पटियाला ढाबे से पकड़ा था, जहां वह वेटर और साफ-सफाई का काम करता था। बाद में एनसीबी के अधिकारियों ने उसे रांची लाकर और उसके सहित दो के खिलाफ ड्रग के केस में प्राथमिकी दर्ज कर दी थी।

### श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा के प्रथम वर्षगांठ पर हुआ आशीर्वाद कार्यक्रम

# प्रत्येक व्यक्ति को सामाजिक सेवा में योगदान देना चाहिए : सुरेश चंद्र अग्रवाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पहाड़ी रोड स्थित तिरुपति मंदिर के सामने मे श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान में संचालित एवं स्व. सत्यनारायण नारसरिया एवं स्व. शारदा देवी नारसरिया की स्मृति में उनके परिवार के सौजन्य से अन्नपूर्णा भोजन सेवा के दूसरे अन्नपूर्णा सेवा केंद्र का 1 वर्ष पूरे हुए। इस अन्नपूर्णा सेवा केंद्र के प्रथम वर्षगांठ पर एक आशीर्वाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. सत्यनारायण नारसरिया एवं स्व.शारदा देवी नारसरिया के फोटो पर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। तत्पश्चात अन्नपूर्णा सेवा मे 1 वर्ष से भोजन बनाने वाले सभी 5 सेवादारों को पुष्प गुच्छ एवं उपहार देकर



सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने की। सुरेश चंद्र अग्रवाल ने अन्नपूर्णा सेवा के प्रथम वर्षगांठ पर बधाई देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समाज की सेवा में यथासंभव योगदान देना चाहिए नर सेवा नारायण सेवा है। उन्होंने कहा कि 1 वर्ष में इस अन्नपूर्णा सेवा में 75000 से भी अधिक लोगों ने भोजन किया है। मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पुरुलिया रोड स्थित प्रथम स्वर्णभूमि अन्नपूर्णा सेवा मे अब तक 17 माह मे एक लाख पच्चीस हजार से भी अधिक लोगों ने भोजन किया। दोनों अन्नपूर्णा सेवा केंद्र में अब तक 2 लाख से भी अधिक लोगों ने भोजन किया है, उन्होंने कहा की अन्नपूर्णा सेवा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए निरंतर चलते रहेगी। उन्होंने नारसरिया परिवार तथा इस सेवा में सहयोग देने वाले सभी दानदाताओं के प्रति भी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रदीप नारसरिया एवं रामोवतार नारसरिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन दोनों अन्नपूर्णा सेवा केंद्र का बहुत ही बेहतर एवं सुचारु ढंग से संचालन कर रहा है। मारवाड़ी सहायक समिति के उपाध्यक्ष मनोज चौधरी ने रांची मारवाड़ी सम्मेलन के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मारवाड़ी समाज गरीबों की सेवा का कार्य हमेशा बढ़-चढ़कर रही है तथा लोगों को प्रेरणा देने का भी कार्य कर रहा है।

# तुको में भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा कर्म के लिए किया आर्थिक सहयोग



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो प्रखंड के तुको गांव में विगत दिनों पहले हुई परनु महली का आकस्मिक निधन के सुचना पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर के द्वारा श्राद्ध कर्म के लिए खाद्य सामग्री का वितरण कर सहयोग किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष सुखदेव कच्छप, महामंत्री बलराम सिंह, नरकोपी मंडल महामंत्री राजेश साहू, मंत्री आदित्य ताम्रकार, भाजपा कार्यकर्ता आकाश कुमार, बिरन लाल, मनेन्द्र प्रज्ञा, उपेन्द्र गुप्ता व विक्की ठाकुर ने मृतक की मां विपती देवी से मिलकर ढांढस बंधाते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी से मांग किया कि परिवार की स्थिति को देखते हुए सरकारी सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

## समस्याओं को लेकर मेंस कांग्रेस ने दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक को सौंपा गया ज्ञापन



**सिल्ली।** दक्षिण पूर्व रेलवे कोलकाता के महाप्रबंधक रूप में पद ग्रहण करने के बाद अनिल कुमार मिश्रा के द्वारा विभिन्न मंडल का दौरा जारी है, उसी क्रम में शनिवार को हटिया आए और यहां के कार्यालय का निरीक्षण किया। इसी क्रम में दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल मंडल समन्वयक नित्यालाल कुमार की अगुवाई में महाप्रबंधक का भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती झारखंड की राजधानी रांची मंडल में पहली बार आगमन होने पर जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया और कुछ सुझाव समेत कर्मचारियों के ज्वलंत मुद्दे के समाधान के लिए एक ज्ञापन भी दिया गया। जिसमें रांची मंडल का अधिकतम निजी स्वास्थ्य केंद्र से टाइअप रहते हुए मंडल रेलवे हॉस्पिटल प्रशासन की लापरवाही द्वारा कई कर्मी, परिजन व सीनियर सिटिजन का केंद्रीय अस्पताल कोलकाता रेफर करने के कारण बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है, जबकि इसका निदान यही के निजी टाईअप अस्पताल से हो सकता है। यहां के निजी अस्पताल से सिर्फ जांच की सुविधा ली जा जाती है, जबकि समुचित इलाज यहां हो सकता है। सिग्नल एंड टेलीकॉम कर्मियों के रोड साइड स्टेशनों में 24 घंटे की ड्यूटी कराई जाती है इसे खत्म कर हॉयर के तहत से इनकी भी ड्यूटी कराई जाए। रनिंग कर्मचारियों के लाइन बॉक्स की व्यवस्था को पुन चालू किया जाए, दक्षिण पूर्व रेलवे के आसपास के जोन में यह व्यवस्था लागू है यह कर्मचारी के हितकारी है।

## अंतरराज्यीय प्रतिनिधियों का सम्मेलन 17 सितंबर को



**सिल्ली।** कुरमी/ कुड़मी (महतो) समन्वय समिति झारखंड, बंगाल एवं उड़ीसा के प्रतिनिधियों तथा समाज सेवायों की अंतर राज्य सम्मेलन आगामी 17 सितंबर को पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिला में आयोजित की गई है इस संबंध में कुड़मी(महतो)समन्वय समिति झारखंड, बंगाल एवं उड़ीसा के संयोजक लालचन ने प्रेस वार्ता जारी करते हुए कहां की समाज सभी संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों एवं जनप्रतिनिधियों से अपील करते हैं कि आगामी 17 सितंबर दिन रविवार को करमा पर्व के शुभ अवसर पर पुरुलिया जिला पश्चिम बंगाल के कांसाई नदी के शिमलिया घाट से जावा पाता(बाली उठाव) 10 बजे ,नगर भ्रमण 1 बजे आम सभा 2,30 बजे तीनो प्रदेश के प्रतिनिधियों(समाज कमियों)का सम्मेलन शाम 6 बजे से रात 1 बजे तक चलेगी। अधिक संख्या में पहुच कर सभी कार्यक्रमो को सफल बनावें। इस कार्यक्रम को लेकर समन्वय समिति के प्रवक्ता शशीभूषण महतो(मनोहरपुर पश्चिमी सिंहभूम) को समाज के सभी संगठनों के प्रमुखों को सूचित करने के लिए अधिकृत किया गया है।

## एसएसपी ने डीएसपी को दंगे में शामिल लोगों की सूची तैयार करने का दिया निर्देश

**रांची।** रांची पुलिस ने दुर्गा पूजा में सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी शुरू कर दी है। इसको लेकर नए एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने जिले के सभी डीएसपी के साथ बैठक की। एसएसपी ने माहौल बिगाड़ने वालों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया है। एसएसपी सभी डीएसपी को अब तक हुए दंगे में शामिल लोगों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया है, ताकि सभी लोगों को धारा 107 का नोटिस दिया जा सके। एसएसपी ने कहा है कि किसी भी हाल में पूजा के मौके पर मॉहौल खराब नहीं हो। उन्होंने संवेदनशील और अतिसंवेदनशील इलाके को चिहिन्त करने को भी कहा है। उन इलाकों में पूजा के दस दिन पहले से ही पुलिस बल की तैनाती करने की हिदायत दी है। बैठक में क्राइम कंट्रोल करने में आ रही दिक्कतों की भी जानकारी ली। सभी डीएसपी से कहा गया है कि उनकी समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा।

### विद्यालय के मैट्रिक टॉपर दशरथ लोहरा को किया गया सम्मानित

# कुछ अलग प्रतिभा ही आपको भीड़ में अलग पहचान देती है : संतोष तिर्की

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
प्रतियोगिता के इस दौर में विद्यार्थियों को भीड़ में अलग पहचान के लिए कड़े परिश्रम तथा लगन की आवश्यकता पड़ती है। आपके अंदर कुछ अलग प्रतिभा ही आपको भीड़ में अलग पहचान बनाती है। उक्त बातें शनिवार को आदिवासी बाल विकास विद्यालय गढ़डीपा सरसा में आयोजित शिक्षक दिवस सह मेधा विद्यार्थी सम्मान समारोह 2023 के दौरान बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी सह विधायक प्रतिनिधि संतोष तिर्की ने कही। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के मैट्रिक टॉपर छात्र छात्राओं को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। विद्यालय में 92% अंक लाकर मैट्रिक टॉपर बने दशरथ लोहरा तथा उसके पिता सुनील लोहरा को मुख्य अतिथि




के रूप में मौजूद विधायक प्रतिनिधि सह देवगांव पंचायत के पुर्व मुखिया संतोष तिर्की ने सम्मानित किया।इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान में प्रेरणादायक गीत, नृत्य एवं संगीत की प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर संतोष तिर्की ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ता है । कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जीवन सिंह ने किया। वहीं संचालन 10 वीं के छात्र ज्ञान रंजन लोहरा ने किया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष गंदुर लोहरा , कोषाध्यक्ष तुलसी भगत, दीपशिखा देवी, सुमति लिंडा , बसंत मिंज, सहायक शिक्षक सेवक सिंह, इंद्रदेव सिंह, महेंद्र महतो, विकास महतो, नंदलाल सिंह, गुनेश्वर सिंह, रामकुमार भगत, कृष्णा, विनित सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।

## किसानों को सड़क निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण का नहीं मिला अब तक मुआवजा

**बेड़ो।** पलमा से गुमला तक बन रहे सड़क चौड़ीकरण के कार्य में कई माह बीत जाने के बाद भी अबतक रांची जिला के कई किसानों को सड़क अधिग्रहण के मुआवजा राशि नहीं मिली है। इससे बेड़ो प्रखंड के जमीन रैयतों में काफी आक्रोश व्याख्या। जमीन के रैयतों ने मुआवजा राशि नहीं मिलने को लेकर मुआवजा नहीं मिलने को लेकर क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय के साथ बैठक कर अभी तक नहीं हो रहे जमीन रैयतों के भुगतान को लेकर उन्होंने बैठक के बाद एनएचआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर और संबंधित अंचल अधिकारी को आवेदन दिया है। उन्होंने बैठक के दौरान कहां की जमीन के रैयतों को जल्ऊ भुगतान कर दे अन्यथा जमीन रैयत जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर पूर्व की तरह आंदोलन करने को बाध्य होंगे। हम बैठक में दिलु गोप, महादेव टाना भगत, संतु गोप, सुखराम बाड़ा, रसीद मीर, लीला मुंडा, सुका महतो, दीपक उरांव, पंचाम उरांव, चरवा उरांव समेत अन्य जमीन के रैयत शामिल थे।

## मरीजों की हो रही निःशुल्क जांच, नहीं कोई डेंगू के मरीज



**सिल्ली।** सिल्ली सीएचसी में पैथोलॉजिकल में जांच के लिए मरीजों भीड़ लग रही है परंतु अब तक डेंगू के मरीज नहीं मिले हैं। औसतन प्रतिदिन दो तीन मलेरिया के मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। मरीज को पैथोलॉजिकल में जांच के आधे घंटे उपरांत रिपोर्ट निःशुल्क उपलब्ध हो जा रहे हैं। चिकित्सा प्रभारी सिद्धेश्वर बास्के ने बताया सिल्ली सीएचसी में इन दोनों मरीजों की संख्या बढ़ रही है। अस्पताल में आए हुए मरीज की पैथोलॉजिकल सैंपल जांच के बाद ही दवाइयां दी जा रही है। किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है ।तथाअस्पताल में दवाइयां उपलब्ध हैं। निजी अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा मरीज के सैंपल लेने के लिए निजी पैथोलॉजिकल में मनमानी पैसे वसूल रहे हैं। निजी पैथोलॉजिकल केंद्र के संचालक से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सैंपल जांच में लगने वाले किड्स का मूल्य बढ़ गया है। इसलिए मरीज से जांच के लिए 100 रुपए लिए जाते हैं।

# बीजेपी ने चलाया मेरी माटी मेरा देश अभियान, घर-घर पहुंचे पार्टी कार्यकर्ता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत झारखंड बीजेपी की ओर से आज विशेष अभियान की शुरूआत हुई। एक से 17 सितंबर तक आयोजित इस कार्यक्रम के तहत दो दिन 09 और 10 सितंबर को विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत गांव एवं शहरों में घर-घर से मिट्टी संग्रह किया जा रहा है। भाजपा कर रही मिट्टी संग्रहः दिल्ली में बनने वाले अमृत वन के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा किए जा रहे मिट्टी संग्रह अभियान के तहत जिस घर में मिट्टी उपलब्ध नहीं है वहां से एक मुट्ठी चावल लिए जाएंगे या पांच तुलसी का पत्ता। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में पीएम मोदी के आह्वान पर बीजेपी के द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है।इस विशेष अभियान के तहत शनिवार (9 सितंबर) को रांची के हरमू, विद्यानगर एवं लालपुर सहित राजधानी के कई गली मुहल्लों में भाजपा कार्यकर्ताओं




और नेताओं के द्वारा घर-घर जाकर मिट्टी संग्रह का कार्यक्रम किया गया। देशवासियों के सहयोग से अमृत वन का निमार्णः मिट्टी को नमन एवं वीरों को वंदन का नारा लगाते हुए घर-घर मिट्टी संग्रह करने निकले हरमू मंडल प्रभारी दीनदयाल बरनवाल ने कहा कि दिल्ली में अमृत वन का निर्माण हो रहा है, जिसमें देश के हर घर से एक चुटकी मिट्टी या चावल या 5 तुलसी के पत्ते लेने हैं। बताया कि इसे संग्रहित कर दिल्ली ले जाया जाएगा। पूरे देशवासी के सहयोग से भव्य अमृत वन का निर्माण वहां होगा। इधर, लालपुर में अजय राय के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता घर-घर मिट्टी संग्रह कार्यक्रम में निकले और लोगों को इस अभियान के बारे में जानकारी दी। इस दौरान आम लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते दिखे। भाजपा प्रदेश समिति के सदस्य और भाजपा मीडिया संपर्क विभाग के संयोजक अजय राय ने कहा कि पार्टी के इस विशेष अभियान के तहत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के जरिए घर-घर जाकर एक चुटकी मिट्टी या चावल संग्रह किया जा रहा है।

## खूंटी के नगर भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया शिक्षक दिवस

**खूंटी।** जेआईआईटी एकेडमी कंप्यूटर सेंटर के तत्वावधान में शनिवार को स्थानीय नगर भवन में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन हुआ। केंद्र क संचालक बिरेन्द्र नाग, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी, पूर्व अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने दीप प्रज्वलित और केक काट कर सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि दी और कार्यक्रम की शुरूआत की। शिक्षक दिवस समारोह में लगभग छह सौ विद्यार्थियों ने भाग लिया। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने कहा कि मेहनत के बल पर विद्यार्थी अपने लक्ष्य को पा सकते हैं। इसलिए सभी को कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई करना जरूरी है। संचालक बिरेन्द्र नाग ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे मुफ्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में भी विद्यार्थियों को जानकारी दी और कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

# चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर सामान सहित नगदी ले उड़े



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं आये दिन बढ़ती जा रही हैं। चोर तो पहले घरों में ही चोरी करते थे लेकिन अब भगवान के घरों को भी नहीं छोड़ते हैं। रात के समय मौका मिलते ही मंदिरों का ताला तोड़कर उसमें रखे सामान और दान पेटियों से पैसे निकाल का चंपत हो जाते हैं। हांलाकि पुलिस की पूरी तरह से गश्ती रहती लेकिन मौका मिलते ही आपने काम कामयाब हो जाते हैं। कुछ इसी तरह का मामला मांडर प्रखंड अंतर्गत ग्राम मंदरो के नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर में गेट का ताला तोड़कर शुक्रवार देर रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दे डाला। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर से चोरों ने इनवर्टर, बैटरी, और स्टेबलाइजर आदि कुल मिलाकर 45,000 रू के सामान की चोरी भी कर ली। नरकोपी थाना को इस संबंध में लिखित आवेदन दे दिया गया है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है।

## सरना सनातन मंच ने फूंका स्टालिन का पुतला

**खूंटी।** सरना सनातन मंच के विशेष बैठक शनिवार को कर्रा प्रखंड के मुरुचकेल ग्राम में राम लखन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सरना सनातन समाज के प्रतिनिधियों ने सनातन धर्म पर हो रहे हमले और ईसाई मिशनरियों द्वारा किये जा रहे धर्मांतरण पर गभीर चिंता व्यक्त की गई और इसकें खिलाफ आवाज बुलंद करने का निर्णय लिया गया। मौके पर उदय निधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म के खिलाफ दिये गये बयान की आलोचना की गई और उनका पुतला दहन किया गया। मौके पर विहिप के वीरेंद्र सोनी, विनय गुप्ता, पड़हा राजा जुरा पहान आदि उपस्थित थे।

## पतराहातू के सचिन ने जीता गोल्ड व सिल्वर मेडल



**सिल्ली।** ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित 2 सितंबर से 4 सितंबर तक झारखंड ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम मेगा स्पोर्ट्स कंपलेक्स रांची खेलगांव में आयोजित 14 वीं राष्ट्रीय ओपन नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता सह द्वितीय भगवान बिरसा मुंडा ट्रॉफी में पतराहातू (सिल्ली) के निवासी कृष्ण प्रमाणिक के सुपुत्र सचिन कुमार प्रमाणिक ने सीनियर वर्ग में क्यूरोगि में सिल्वर और फ्रेशर्स में गोल्ड मेडल जीतकर सिल्ली क्षेत्र का नाम को रोशन किया है। सचिन ने बताया कि वह जमशेदपुर के एग्रीको क्लब से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस जीत के लिए सचिन के अभिभावकों ने कोच सुभाष प्रसाद को धन्यवाद दिया है।

### कार्यक्रम | श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम में उत्सव मनाने की तैयारी

# कार्यक्रम स्थलों का किया गया निरीक्षक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
संत शिरोमणि श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज द्वारा संचालित एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सदस्यों की एक अति आवश्यक बैठक शनिवार को कार्यक्रम स्थल पर हो रही तैयारी का जायजा लेने के लिए हुई। शनिवार को संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम) पुंदाग रांची स्थित भवन में दोपहर 11:30 बजे से हुई। रविवार को भवन में आये हुए गुरु-शिष्यों ने संस्था के द्वारा होने वाले श्री कृष्ण जन्मोत्सव, नन्दोत्सव एवं भगवान की छठी महोत्सव नृत्य नाटिका बहुत ही धूमधाम से



संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में मनाने की तैयारी को लेकर हुई। निमार्णाधीन मंदिर परिसर में सफाई का कार्य जोर-शोर से लगा हुआ है। कार्यक्रम स्थल सजधज कर तैयार हो गया है। फुलो और गुबारो से सजावट करने के लिए बिमल मालाबार अपने कारीगरों के साथ कार्यक्रम स्थल आ गये है। श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में दोपहर 12:30 बजे से श्री कृष्ण प्रणामी के सदस्यों एवं उनके परिवार के सौजन्य से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव नन्दोत्सव एवं भगवान की छठी महोत्सव के उपलक्ष्य में 106 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का भी वितरण रविवार 10 सितंबर 2023 को दोपहर 12:30 बजे से किया जायेगा। श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के सयुंक्त कार्यक्रम 37 वां वार्षिक उत्सव श्री कृष्ण जन्मोत्सव, नन्दोत्सव एव छठी महोत्सव का सयुंक्त कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम को कलकता की रास मंडली द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी के सहयोग से संचालित किया जायेगा। कोलकाता से आये हुए रास मंडली के कलाकारों द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत में कान्हा का जन्मोत्सव लीला, शिव दर्शन लीला, नन्दोत्सव लीला एवं अंतिम में भगवान की छठी लीला कार्यक्रम का वर्णन नृत्य नाटिका एवं भजनों के माध्यम से बहुत ही सुन्दर रूप से वर्णन किया जायेगा। कोलकाता से आयी हुई रास मंडली के साथ भजनो का मधुर गायन कलकता से आये हुए मशहूर भजन गायक नरेन जी सोनी के द्वारा किया जायेगा। नरेन जी के साथ संस्था के मनीष सोनी, सज्जन पाड़िया,महिला मंडल की उर्मिला पाड़िया, सिता शर्मा इनके अलावा और भी भजन गायक रास मंडली का भजन गायन मे साथ देंगे। यह सभी जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।

## प्रशासन की सख्ती से बालू माफियाओं में हड़कंप

**खूंटी।** बालू खनन माफियाओं के खिलाफ खूंटी में लगातार कार्रवाई की जा रही है. गुरुवार (7 सितंबर) को एसडीओ ने अवैध खनन मामले में सात हाइवा और दो ट्रैक्टर जब्त किए थे। वहीं शुक्रवार को पांच हाइवा पर राजसात की कार्रवाई की गई थी। शेष जब्त गाड़ियों पर राजसात की कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. खूंटी डीसी लोकेश मिश्र ने बताया कि अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी. उपायुक्त ने दावा किया है कि जबतक अवैध खनन पर लगाम नहीं लग जाता तबतक राजसात की कार्रवाई जारी रहेगी।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**D.W.& S. Division Jhumritelaiya**

Notice No - **Very Short Quotation Notice** Date :-

Sealed Quotation is hereby invited from Registered Travel Agency for supply of Light motor vehicle /Bolero/Sumo/Scorpio on monthly basis with driver and fuel for D.W. & S. Division Jhumritelaiya for purpose of field visit /office work so as to reach the undersigned on 15.09.2023 up to 3.00 PM. The quotations will be the opened on the same day at 4:00 P.M in the presences of the quotationers or his authorized Person at that time.

| Sl no | Particular | Quantity | Unit | Rate inclusive all taxes |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Light motor vehicle (Bolero/Sumo/Scorpio ) | 1 | Each | |
| 2 | Fuel Average with AC | - | Per KM | |
| 3 | Fuel Average with Non AC | | Per KM | |

**Terms and Condition**
Rate must be quoted hire charge of vehicle and fuel per KM separately with A.C or Non A.C. Fuel rate will be variable as per current price. Monthly payment will be made as per availability of fund. Conditional quotation will not be accepted. The undersigned reserve the right to accept or reject any or all the quotations without any reason.

Executive Engineer
D. W. & S. Division, Jhumritelaiya

PR 306533Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

## NEWS इन ब्रीफ

### चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नवाचार पर की गई चर्चा

**रांची।** कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन शनिवार को 11 चिकित्सकों ने अपनी प्रस्तुति दी। वहीं, कोल इंडिया लिमिटेड और सहयोगी कंपनियों के 172 से अधिक चिकित्सकों ने चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नवाचार पर चर्चा की। इस वर्ष आयोजित किए जा रहे कॉन्फ्रेंस की थीम 'एकीकृत स्वास्थ्य प्रणाली-प्रौद्योगिकी नवाचार' है। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ प्रमोद कुमार कुचलाकांती के संचालन में ईसीजी कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। इसके बाद कोल इंडिया लिमिटेड के चिकित्सकों ने फ्री पेपर सत्र में अपनी प्रस्तुति दी। चेयरमैन अवॉर्ड में 5 चिकित्सकों ने प्रस्तुति दी। मौके पर डॉ आशीष प्रकाश, डॉ अमित गुप्ता व डॉ प्रकाश रॉय समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### जेसीआई रांची एक्सपो उत्सव 12 अक्टूबर से मोरहाबादी मैदान में



**रांची।** जेसीआई रांची एक्सपो उत्सव 12-16 अक्टूबर तक मोरहाबादी मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। इस वर्ष इस कन्ज्यूमर फेयर का 26वां संस्करण होगा। संस्था के अध्यक्ष अरविंद राजगढ़िया ने शनिवार को बताया कि एक्सपो के मुख्य संयोजक डॉ संजय जैन बनाए गए हैं, जो की एजुकेशनलिस्ट और आईटी स्पेशलिस्ट हैं। एक्सपो उत्सव में इस बार 300 से अधिक स्टॉल्स होंगे जो कि जर्मन हैंगर, महिला उद्यमियों के लिए पिंक हैंगर, रियल एस्टेट के लिए अपना घर, फर्नीचर जोन, ऑटो जोन, फूड जोन एवं बच्चों के लिए अम्यूजमेंट पार्क भी होगा।

### झारखंड आयेंगे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे

रांची। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बहुत जल्द आएंगे। झारखंड के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शनिवार को बताया कि झारखंड कांग्रेस इकाई ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से बात की है और उन्हें झारखंड आने का निमंत्रण दिया है, उन्होंने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। हालांकि अभी तारीख निश्चित नहीं हो पाई है लेकिन जल्द ही तय हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन को और मजबूत बनाने के साथ कांग्रेस को धारदार बनाने के लिए यह कार्यक्रम बनाया जा रहा है। उन्होंने ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के आने से झारखंड कांग्रेस में तो जोश भरेगा ही, इससे बड़ी बात होगी कि इंडिया गठबंधन मजबूत होगा और आनेवाले लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन के खिलाफ बेहद लाभ मिलेगा।

## श्री श्याम मंदिर में 78 वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद का किया गया वितरण

# श्रद्धालुओं ने मंदिर में की खुशहाली व समृद्धि की प्रार्थना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शनिवार को श्री श्याम मंदिर में 78 वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर में भागवान श्री श्याम के जय-जयकारों से गूंज रहा था। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमान बिरसा चौक निवासी दिनेश अग्रवाल ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। दिनेश अग्रवाल परीवार ने खाटू नरेश को प्राकृतिक पंखा डोलाकर भोग स्वीकार करने की मनुहार की। भोग लगे अमृतमय प्रसाद को अग्रवाल परिवार ने वृहद भंडारे में मिलाकर महाप्रसाद बनाकर मंदिर के आचार्यों को भंडारे का प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। ज्ञातव्य है कि प्रत्येक शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया जाता है । 78 वें श्री श्याम भंडारा के प्रसाद में कड़ाई पूरी केसरिया खीर आलू परवल लौकी की सब्जी का प्रसाद श्री श्याम मंदिर में ही मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में निर्मित किया गया था। भंडारे का वितरण समय होते-होते मंदिर परिसर भक्तों से अट गया। हरमू रोड में लंबी-लंबी कतारें लग गई । खाटू नरेश की जय जयकरो जय घोष से संपूर्ण इलाका गूंजने लगा। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जयकारों के बीच दिनेश अग्रवाल परिवार व मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में भंडारे का महाप्रसाद का वितरण शुरू किया गया। लगभग 3000 से ज्यादा लोगों ने अमृतमय महाप्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, दिनेश अग्रवाल, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू, पवन केडिया, पूर्व सांसद अजय मारू, अनिल नारनोली, राजीव रंजन मित्तल, स्नेह पोद्दार, अनुज मोदी, आशीष डालमिया, अमित सरावगी, वेद भूषण, अन्नपूर्णा सरावगी, कविता मित्तल, रमा सरावगी, सरिता अग्रवाल, अभिषेक सरावगी, कमल बिश्नोई साहित्य पवन मनीष वर्मा झूलन मुंडा उपेंद्र पांडे सुक्रा उरांव संजय शर्मा अमित महतो अभिषेक गुप्ता तरुण शर्मा नकुल मुंडा कुमार पवन शर्मा मदन सोनी अरविंद सोमानी रौनक पोद्दार संजय सराफ सहित 50 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया ।

### आज एकादशी कीर्तन

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में एकादशी के अवसर पर रविवार 10 सितंबर को प्रातः से ही विभिन्न कार्यक्रम होंगे। विशेष श्रृंगार होगा। रात्रि 9:30 बजे से एकादशी संकीर्तन होगा। राजेश सिंघानिया सारिका सिंघानिया हर्ष सिंघानिया खाटू नरेश की अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करेंगे। इसके बाद संगीतमय भजनों का कार्यक्रम होगा।

### मंगलवार को श्री सुंदरकांड पाठ

मंगलवार 12/09/2023 को सांय 4:30 बजे से 67 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का विशेष आयोजन किया गया है। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## रांची एसएसपी के पद पर चंदन सिन्हा ने दिया योगदान




**रांची।** रांची के सीनियर एसपी के पद पर आईपीएस चंदन सिन्हा ने शनिवार को अपना योगदान दे दिया है। चंदन सिन्हा ने किशोर कौशल से पदभार ग्रहण किया। किशोर कौशल को जमशेदपुर का एसएसपी बनाया गया है।

**राजधानी में पुलिसिंग है चुनौती :** रांची के सीनियर एसपी का पदभार संभालने के बाद चंदन सिन्हा ने बताया कि राजधानी में काम करना है अपने आप में एक बड़ी चुनौती है, जिसे निभाने के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे। एसएसपी ने बताया कि सरकार ने जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी है उसे वह पूरी तन्मयता के साथ पूरा करेंगे।

**24 घण्टे जनता के लिए देंगे :** एसएपी के अनुसार राजधानी राज्य का हृदय स्थल होता है। राजधानी में घटने वाली घटनाएं पूरे राज्य में असर डालती है ऐसे में बड़े अपराधीक कांड हो या फिर छोटे-छोटे अपराध सब पर नकेल कसना बेहद जरूरी है। राजधानी रांची में अफसरों की अच्छी टीम है और उनके सहयोग से राजधानी में बेहतर पुलिसिंग लोगों को देखने को मिलेगी। एसएसपी ने आम जनता को यह संदेश दिया कि वह 24 घण्टे उनके लिए उपलब्ध हैं उनका मोबाइल फोन हर समय ऑन रहता है और कोई भी किसी भी समय उनसे सहायता प्राप्त कर सकता है।

**किशोर कौशल जमशेदपुर एसएसपी के पद पर देंगे योगदान :** शुक्रवार की शाम राज्य सरकार ने 18 आईपीएस अफसरों का एक साथ तबादला किया था। रांची एसएसपी रहे किशोर कौशल अब जमशेदपुर के नए एसएसपी के तौर पर योगदान देंगे। गौरतलब है की राजधानी रांची में सीनियर एसपी, सिटी एसपी और ग्रामीण एसपी तीनों नए बनाए गए है। नया आईपीएस अफसर को राजधानी में कानून व्यवस्था की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए एक साथ मिलकर काम करना होगा ।हालांकि फिलहाल रांची ट्रैफिक एसपी के पद पर कोई भी नहीं है ऐसे में ट्रैफिक एसपी का पद प्रभार में ही चलेगा।

### रांची में पहली बार आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हॉकी का पहला मैच 27अक्तूबर को थाइलैंड के साथ

**रांची।** 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक झारखंड की राजधानी रांची में पहली बार आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला हॉकी का प्रतियोगिता झारखंड वूमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के लिए एशिया हॉकी महासंघ ने मैच सेडुलस जारी किया।प्रतियोगिता में कुल 06 टीम मेजबान भारत के साथ जापान,चीन,कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीम भाग ले रही है। प्रतियोगिता का पहला मैच 27अक्तूबर को जापान और मलेशिया के बीच होगा और फाइनल मैच 05 नवंबर को शाम 8:30 बजे होगा। भारत का पहला मैच 27 अक्तूबर को थाइलैंड के शाम 8:30 बजे, 28 को मलेशिया से,30को चीन से, 31 को जापान से और 02नबम्बर को कोरिया के साथ है।

### डाटा साइंस पावर प्लांट में 20 टीमों ने लिया भाग

**रांची।** बिड़ला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) मेसरा में डेटा साइंस समिट-2023 के दूसरे दिन शनिवार को पावर प्लॉट इवेंट का आयोजन किया गया। इसमें 20 टीमों ने भाग लिया। टीमों को उन्हें प्रदान किए गए डाटा सेट से जानकारी निकालने के लिए मिलकर काम करना था। इसके बाद डाटा शैरेड्स का आयोजन किया। इसमें टीमों को डाटा से जुड़े वाक्यांशों को अधिनियमित करना था। यह ज्ञान प्राप्त करने और अन्य डेटा प्रेमियों से बातचीत करने का एक विशेष मौका था। डेटा शैरेड्स में 22 टीमों ने भाग लिया। निर्णायकों में डॉ मनीष पांडेय, डॉ तमालिका कोले और डॉ सुप्रियो रॉय शामिल थे।

## रांची जिला के 92 मतदान केंद्रों के नाम में परिवर्तन

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने दी प्रस्ताव को स्वीकृति



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा आगामी लोकसभा/विधानसभा निर्वाचन-2024 के निमित रांची जिला अंतर्गत पड़नेवाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 58-तमाड़ (अ.ज.जा.), 61-सिल्ली एवं 64-हटिया के मतदान केन्द्रों के नाम में परिवर्तन संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गयी है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 58-तमाड़ (अ.ज.जा.), 61-सिल्ली एवं 64-हटिया के वैसे मतदान केन्द्र जो विद्यालयों में अवस्थित है एवं जिन विद्यालयों के नाम में परिवर्तन हो गया है। उन्हें मेनुअल ऑफ पुलिंग स्टेशन एडिशन 2020 के अध्याय-4 के कटिका 4.5 के आलोक में नामों में परिवर्तन की स्वीकृति प्रदान की गई है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 58-तमाड (अ.ज.जा.) के अंर्तगत कुल 76 मतदान केंद्रों के नाम परिवर्तन की स्वीकृति प्रदान की गई है। जबकि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 61-सिल्ली में कुल 11 और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 64-हटिया के कुल 5 मतदान केंद्रों के नाम परिवर्तन की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### विधायक ने मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत गांव से किया मिट्टी संग्रह

**रांची।** विधायक कोचे मुंडा ने तोरपा विधानसभा क्षेत्र के पैतृक गांव ममरला स्थित बूथ संख्या 82 में मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत शनिवार को गांव के पाहनों और अन्य ग्रामीणों के साथ गांव की पवित्र मिट्टी को कलश में संग्रहित किया। इस कलश को रांची और बाद में दिल्ली भेजा जाएगा। मौके पर विधायक ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान का उद्देश्य उन जांबाज स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए जीवन बलिदान कर दिया। साथ ही लोगों में देशभक्ति और भारत माता के प्रति सम्मान जागृत करना है। उन्होंने कहा कि अमृत कलश यात्रा के तहत देश के हर कोने से 7500 कलशों में मिट्टी और पौधा लेकर दिल्ली भेजी जाएगा। इनको मिलाकर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास अमृत वाटिका बनाई जाएगी। यह अमृत वाटिका एक भारत-श्रेष्ठ भारत की प्रतीक बनेगी। विधायक ने गांव के पाहनों और ग्रामीणों के साथ पौधरोपण भी किया।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# राज्य के प्रशिक्षु अधिकारियों को दिया गया चुनाव प्रबंधन का प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार की पहल और निर्देश पर भारतीय प्रशासनिक सेवा 2022 बैच के 6 प्रशिक्षु पदाधिकारियों के प्रशिक्षण हेतु निर्वाचन मामलों से संबंधित एक-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित इस एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रशिक्षु पदाधिकारियों को चुनाव से संबंधित विभिन्न विषयों पर सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला के आरंभ में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने सभी प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को निर्वाचन कार्य की महत्ता के बारे में बताया एवं निर्वाचन कार्यों के कुशल प्रबंधन को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोक प्रशासकों से जो अपेक्षाएं हैं उनके बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए श्री के रवि कुमार ने न केवल अपने प्रशासकीय अनुभव को प्रशिक्षु अधिकारियों के बीच साझा किया बल्कि उन्हें भविष्य में बेहतर चुनाव प्रबंधन के लिए शुभकामनाएं भी दीं। इस चुनाव प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशिक्षु पदाधिकारियों को निर्वाचन संबंधी जिन क्रियाकलापों के बारे में पीपीटी के माध्यम से अवगत कराया गया उनमें विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024, इलेक्ट्रॉनिक मतदाता सूची, मतदान केंद्र, स्वीप, चुनाव साक्षरता क्लब, जिला चुनाव प्रबंधन योजना, वल्नरेबिलिटी मैपिंग, ईआरओ नेट, आईटी टूल आदि शामिल हैं।

## गोमिया विधायक ने राजभवन में राज्यपाल से मिलकर की मांग

# कोयंबटूर में झारखंड निवासी असिस्टेंट प्रोफेसर की मौत की हो सीबीआई जांच



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलकर असिस्टेंट प्रोफेसर समीर कुमार की हत्या की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। उन्होंने राज्यपाल को इस बात से अवगत कराया है कि जो साक्ष्य और तथ्य मिले हैं, वह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या की गयी प्रतीत होता है। मृतक ने तमिलनाडु के कोयंबटूर स्थित कारोन्या इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज में 14 अगस्त को असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में योगदान दिया था। चार सितंबर को इसी इंस्टीट्यूट के हास्टल के कमरा नंबर 411 में मृत पाए गए। मृतक इससे पहले झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर अपराध शास्त्र विभाग में कार्यरत रहते हुए 10 अगस्त को त्याग पत्र दे दिया था। मृतक बोकारो जिले के कसमार प्रखंड अंतर्गत दांतू के रहने वाले विवेकानंद नायक के पुत्र थे। उन्होंने कहा कि कारोन्या इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज प्रबंधन व स्थानीय प्रशासन इस घटना को आत्महत्या बताने जुटा हुआ है। उन्होंने राज्यपाल को इस घटना की पूरी जानकारी देते हुए एक ज्ञापन भी सौंपा। साथ ही मौके पर मौजूद मृतक के भाई प्रवीर कुमार ने अंदेशा व आशंका जताई है कि उनके भाई ने वहां कुछ गंभीर,असामान्य व अराजक कार्यों को देखा इसके बाद वहां उपस्थित लोगों ने उनकी हत्या कर दी। राज्यपाल ने इस संबंध में तमिलनाडु सरकार तथा जिला प्रशासन से बात करने का आश्वासन दिया। साथ ही सीबीआई जांच के लिए आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। राज्यपाल से मिलने वालों में समाजसेवी सुजीत कुमार शामिल थे।

## कार्यक्रम: ईशा फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने बीएयू में मिट्टी बचाओ अभियान चलाया

# मिट्टी की मनुष्य के जीवन में अहम भूमिका : मोहित निरंजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ईशा फाउंडेशन के स्वयंसेवक मोहित निरंजन के नेतृत्व में स्वयंसेवकों का दल मिट्टी बचाओ अभियान के तहत बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) पहुंचा। भारत व्यापी साईकिल यात्रा के माध्यम से मिट्टी बचाओ अभियान चला रहे दल का बीएयू के कृषि संकाय में डीन एग्रीकल्चर डॉ. डीके शाही, एसोसिएट डीन (एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग) ई डीके रुसिया, यूनिवर्सिटी एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. बीके झा तथा कृषि महाविद्यालय में एनएसएस से जुड़े विद्यार्थियों ने किया।

मौके पर मोहित निरंजन ने बताया कि 'सेव सायल' अभियान ईशा फाउंडेशन का एक फ्लैगशिप कार्यक्रम है। मानव जीवन की रक्षा के लिए मिट्टी को बचाना आज सबसे आवश्यक हो गया है। मिट्टी से ही सभी जीव- जंतु एवं पौधों को पोषण मिलता है। आज मनुष्यों के विभिन्न क्रिया-कलापों से मिट्टी की सेहत एवं गुणवत्ता खराब हो रही है और खेत बंजर हो रही है। इसलिए मिट्टी को मनुष्य के उपयोगी बनाये रखना नितांत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने अपनी यात्रा 16 नवंबर को उत्तरप्रदेश के ललितपुर से की थी। अपनी साईकिल यात्रा के दौरान विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों, समाजसेवियों तथा राजनेताओं से मिलकर उन्हें जागरूक कर रहें है। उन्होंने बताया कि हमारे सद्गुरु ने इससे पहले लंदन से लेकर भारत के कावेरी बेसिन तक 30 हजार किलो मीटर की एकल बाइक यात्रा निकालकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोगों को जागरूक किया। जिसका प्रमुख उद्देश्य मृदा क्षरण एवं मृदा स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण मुद्दे पर लोगों को संबोधित और समर्थन के लिए एकजुट करना था। मौके पर डीन एग्रीकल्चर डॉ. डीके शाही ने भावी पीढ़ी के जीवन की सुरक्षा के लिए मिट्टी बचाओ अभियान को जरुरी बताया। उन्होंने इसके तहत झारखण्ड राज्य में मृदा अपरदन या मिट्टी क्षरण, अम्लीय भूमि प्रबंधन तथा मिट्टी स्वास्थ्य प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। डीन (एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग) ई डीके रुसिया ने मिट्टी बचाओ अभियान में मृदा एवं जल संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद यूनिवर्सिटी एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. बीके झा ने दी।

### राज्य सरकार की टीम मनरेगा-पीएम आवास योजनाओं की जांच करने के लिए जायेगी पलामू

**रांची।** राज्य सरकार की एक टीम मनरेगा, पीएम आवास योजना ग्रामीण, श्यामा प्रसाद मुखर्जी सहित अन्य ग्रामीण विकास की योजनाओं की जांच के लिए 11 सितंबर से पलामू जिले का दौरा करेगी। मिल रही गड़बड़ियों की शिकायतों के बाद सरकार ने वहां अनुसमर्थन दल को भेजने का फैसला लिया गया है। विभाग की संयुक्त सचिव शैल प्रभा कुजूर के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम पलामू जिले का दौरा करेगी। 14 सितंबर तक पलामू जिल के विभिन्न प्रखंड व पंचायतों में मनरेगा योजना का स्थल निरीक्षण करेगी। अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों की प्रगति की भी समीक्षा की जायेगी। ग्रामीण विकास विभाग ने टीम के दौरे को देखते हुए जिले के उपायुक्त और उपविकास आयुक्त को पत्र लिखा है और टीम के दौरे के दौरान अधिकारियों- कर्मियों को उपस्थित रहने को कहा है।

# भारत बंद के समर्थन में स्थानीय दुकानदारों ने बंद की अपनी दुकानें

**नवीन मेल संवाददाता। पिठोरिया**

कांके में राष्ट्रीय पिछड़ा मोर्चा नई दिल्ली एवं बुद्धा इंटरनेशनल सोसायटी के आह्वान पर संविधान विरोधी बयान के विरूद्ध सामाजिक न्याय का जन जागरण अभियान लोकहित अधिकार पार्टी, समता सैनिक दल, अंबेडकर ग्रामीण चेतना समिति, कंज्यूमर इस्लामिया कोकदोरो बालू एवं बिरसा मुंडा भ्रष्टाचार निरोधक संगठन के संयुक्त तत्वावधान में कांके पिठोरिया चौक पर लोकतंत्र व भारतीय संविधान को बदलकर नए संविधान बनाने एवं लागू करने जैसे बयानों के खिलाफ एकदिवसीय भारत बंद के समर्थन में स्थानीय दुकानदारों के द्वारा स्वेच्छा से अपनी-अपनी दुकानें बंद कर देश और संविधान विरोधी गतिविधियों का विरोध जताया गया। संविधान विरोधी बयान से आक्रोशित उपरोक्त सभी संगठनों के नेतागण अंबेडकर चौक पिठोरिया में एकत्रित होकर केंद्र सरकार के विरुद्ध भारतीय संविधान जिंदाबाद, डॉ. भीमराव अंबेडकर अमर रहे, लोकहित अधिकार पार्टी जिंदाबाद का नारा लगाते हुए पिठोरिया बाजार टांड़, मुख्य सड़क रांची पतरातु रोड ,पेट्रोल पंप सहित पिठोरिया क्षेत्र में रोड शो पैदल मार्च कर डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया।

मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू ने ने कहा जिस प्रकार कुछ दिनों पहले से सोशल मीडिया में वायरल देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के निजी सचिव श्री विवेक कुमार जी के द्वारा भारतीय संविधान को बदलकर नया संविधान देश में लागू कराने का बयान से पूरा देश और विशेष कर दबे कुचले वंचित शोषित बहुत संख्यक अति पिछड़े समाज, दलित,आदिवासी, नारी शक्ति महिलाएं, धार्मिक अल्पसंख्यकों में असुरक्षा भय एवं गुस्सा व्याप्त है।

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा पहुंची भुरकुंडा, कहा

# ‘बिना चढ़ावे के नहीं होता है कोई कार्य’



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा शनिवार को भुरकुंडा पहुंची। जहां पूर्व मुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। इससे पूर्व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के पहुंचने पर मकतमा चौक पर हजारों की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। भुरकुंडा में सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य के लोगों को प्रधानमंत्री आवास निर्माण व अन्य कार्यों के लिए बालू नही मिल पा रहा ह, लेकिन बालू माफिया दूसरे राज्यों में इसकी तस्करी कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में लोहा, कोयला बालू और पत्थर की लूट मची हुई है। कहा कि बड़े बड़े वाहनों में बालू दूसरे राज्यों में भेजा जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिना चढ़ावे के राज्य में लोगों का कोई भी काम नही होता। कहा कि चाहे जन्म प्रमाण पत्र हो या मृत्यु प्रमाण पत्र अथवा राशन कार्ड इन छोटे कार्यों के लिए भी लोगों को चढ़ावा देना पड़ता है। मरांडी ने कहा राज्य में अपहरण, दुष्कर्म, हत्या, फिरौती की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। कहा कि इन घटनाओं को रोकने को लेकर राज्य में कोई नीति नही बनाई जा रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए राज्य सरकार पर विकास के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करने का आरोप लगाया। कहा कि सड़की की दशा ऐसी है कि चलना मुश्किल हो गया है। राज्य के अस्पतालों में चिकित्सक और दवा उपलब्ध नही है। कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था पर इसमें वह पूरी तरह से विफल है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड का निर्माण तत्कालीन भाजपा सरकार की देन है। कहा की तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की पहल पर झारखंड राज्य का निर्माण हुआ था। मरांडी ने कहा केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 9 वर्षो से देश में जनहित के कार्य कर रही है। कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड में विकास के कई कार्य किए हैं। 5 मेडिकल कॉलेज का निर्माण करवाया गया। देवघर में ऐम्स , हवाई अड्डा का निर्माण सहित हाईवे का निर्माण करवाया गया। कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गांव, गरीब, किसान, दलित, वंचित के हित में लगातार कार्य को प्राथमिकता दे रही है। कहा कि कोरोना काल में कंद्र सरकार ने मुफ्त टीकाकरण अभियान चलाया। जनधन खाते के माध्यम से लोगों की मदद की। किसान सम्मान निधि के तहत किसानो को हर वर्ष 6 हजार रूपए की राशि प्रदान की जाती है। सभा को संबोधित करते हुए हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि राज्य की हेमंत सेरेन सरकार जिन वादों के साथ सत्ता में आयी थी, उनमें से एक को भी पूरा नही कर पाई। जिससे लोगों में राज्य सरकार के प्रति आक्रोश है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार लोगों के हित में कार्य कर रही है। मौके पर प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार, हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल,सरोज सिंह, रामगढ़ प्रभारी शशि भूषण भगत, राकेश प्रसाद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, प्रकाश मिश्रा, महामंत्री खिरोधर साहू, रंजन फ ौजी, मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी,प्रवीण कुमार सोनू, संतोष शर्मा सहित हजारों की संख्या में भाजपा सदस्य मौजूद थे।

## विधायक ने किया ट्रांसफार्मर का उदघाटन



**बरही ।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत करियातपुर के ग्राम गडलाही में सौ केवी ट्रांसफार्मर का उदघाटन मुख्य अतिथि विधायक सह निवेदन समिति सभापति उमाशंकर अकेला ने फीता काटकर किया। इसके पहले गांव की महिलाओं के द्धारा नारियल फोड़कर और पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा आयोजित स्वागत सामारोह में माला पहनाकर विधायक का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजीव रंजन ने किया। लोगों को संबोधित करते हुए विधायक श्री अकेला ने कहा कि लोगों का सम्मान करना मेरा पहला उद्देश्य होता है। उन्होंने कहा कि मैं क्षेत्र का विकास करने पर विश्वास करता हूं, दुसरे की तरह पीठ पोंछकर फुसलाने और झूठा आश्वासन नहीं देता। मेरा दरवाजा आप सबों के लिए हमेशा खुला है आप किसी भी समस्या हो तो मुझे बताएं उसे समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर मुखिया मनोज रविदास, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मन्नान वारसी, बिरेंद्र यादव, मो वारिश, अजय प्रजापति, राजु राणा, मोहन प्रजापति, गुडडू कतरियार, ललन राणा, निर्मल यादव, देवधारी प्रजापति, मनऊवर अंसारी सहित सैंकड़ों महिला-पुरूष शामिल हुए।

## बरकट्ठा : जरूरतमंद बच्चों के लिए समाजसेवी चंद्रकांत ने 40वीं बार किया रक्तदान



**बरकट्ठा।** हजारीबाग जिले के एक जरूरतमंद बच्चे के लिए बरकट्ठा निवासी समाजसेवी चंद्रकांत पांडेय ने 40वीं बार रक्तदान किया. चंद्रकांत पांडेय श्रीकांत मैथेमेटिक्स बाबूगांव हजारीबाग के निदेशक पिछले 15 वर्षों से समाजिक क्षेत्रों के अलावा रक्तदान सेवा कर क्षेत्र के लोगों में एक विशेष पहचान कायम की है. हजारीबाग जिला के अलावा अन्य क्षेत्रों के जरूरतमंदों को रक्त मुहैया करवाना उनकी दिनचर्या में शुमार हो गया है. तभी तो अगर क्षेत्र के कोई लोग बीमार पड़े और उन्हें रक्त की जरूरत है, तो सीधा चंद्रकांत पांडेय से संपर्क करते हैं. वह कहते हैं कि अगर उनके एक यूनिट खून से अगर किसी की जान बचती है, तो यह उनके लिए सौभाग्य की बात है. वैसे भी रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता है.

## पीएचईडी के कार्यों का बीडीओ ने किया निरीक्षण, उप प्रमुख और जेई रहे मौजूद



**बरही ।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में पीएचईडी द्वारा किए जा रहे कार्यों का बीडीओ क्रिस्टीन रिचा इंदीवर ने औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने विजैया, डपोक इत्यादि क्षेत्रों का भ्रमण कर नल जल योजना के तहत हो रहे कार्यों की वस्तुस्थिति को जाना. इस दौरान उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, विभागीय कनीय अभियंता बिमल किशोर, मो आसिफ अकरम और बिरेंद्र कुमार भी मौजूद रहे. बीडीओ ने जेई को नल जल योजना के तहत सड़क किनारे बिछाए जा रहे पाईप कम से कम ढाई से तीन फीट गहरा में डालने के साथ सड़क की मरम्मती भी करने का निर्देश दिया. इसके साथ ही जिस स्थान पर बोरिंग फेल हो गया है वैसे जगहो के लिए वैकल्पिक स्थान ढूंढकर बोरिंग करने की बात कही. उन्होंने बताया कि विजैया में पानी का स्तर सही नही है. लगभग पंद्रह से भी अधिक स्थानों पर बोरिंग सफल नहीं हो सका है. फिर भी हर संभव वैकल्पिक व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है.

## रामगढ़ के कमल बगड़िया जन्माष्टमी में अमेरिका के मिशीगन में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल



**रामगढ।** रामगढ़ के प्रसिद्ध समाज सेवी एवं भजन गायक कमल बगड़िया जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर अमेरिका मिशीगन स्थित भारतीय मंदिर पहुंचे। इस मौके पर मंदिर कमेटी के सदस्यों ने उनका उत्साह के साथ स्वागत किया। कमल बगड़िया ने बताया कि वे वहां प्रवासी भारतीय के निमंत्रण पर गए थे। बगड़िया ने बताया कि जन्माष्टमी पर रात्रि 9:15 बजे से वहां गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। बताया कि प्रवासी भारतीयों ने बड़े ही ध्यान पूर्वक उनके द्वारा पेश भजनों को सुना और उनकी खूब तारिफ की।

# धावाटांड़ मोड़ के पास वन विभाग ने तोड़ी झोपड़ियां



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** पालगंज पंचायत के धावाटाँड़ मोड़ के पास सड़क किनारे जंगल की जमीन पर बनी झोपड़ियों को स्थानीय ग्रामीणों की शिकायत के बाद वन विभाग ने कार्रवाई प्रारंभ कर दी है. शिकायत के बाद वन कर्मियों ने लगभग 150 ग्रामीणों की मदद से कूल छः झोपड़ी को गिरा दिया. इस बीच एक झोपड़ी के मालिक को नोटिस देकर दो दिनों के अंदर हटाने का आदेश दिया है. मालूम हो कि सुगवाटाँड़ की महिलाओं का आरोप था कि झोपड़ियों में महुवा शराब, माड़ी आदि की बिक्री होती है. जिससे बच्चे आदि बिगड़ रहे हैं. महिलाओं का आरोप है कि बाहर के कुछ लोग यहां झोपड़ी बना रहे है. इस संबंध में वन परिसर अधिकारी सूरज चौधरी ने कहा कि जंगल की जमीन पर कुछ लोग झोपड़ी बना कर दारू, आदि बेचते थे. विभाग ने छह झोपड़ियों को तोड़ दिया है साथ ही आक्रोशित महिलाओं को समझा बुझाकर शांत कराया. किसी कीमत पर जंगल की जमीन पर अवैध कब्जा नहीं करने दिया जाएगा. इस कार्रवाई में वन विभाग के वनपाल रोहित कुमार, उप परिसर पदाधिकारी सूरज कुमार चौधरी, दीपक कुमार, जूलियस जस्टिन मुर्मू व सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे.

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 12 पीठों का गठन

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार व झालसा रांची के निदेर्शानुसार 9 सितंबर को व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया. इस विशेष अदालत का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीणा मिश्रा, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अरविंद पांडे, एसपी दीपक शर्मा, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रकाश सहाय, महासचिव चुन्नू कांत व प्राधिकार के सचिव सौरभ कुमार गौतम ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया.

## लंबित पीएम आवास पूर्ण करें : बीडीओ

**गिरिडीह।** गावां बीडीओ महेंद्र रविदास ने प्रखंड कार्यालय के सभागार में 9 सितंबर को प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा के तहत चल रहे बरसाती योजना दीदी बाड़ी, आमबगानी समेत कई योजना से संबंधित समीक्षा बैठक की. इस दौरान लंबित आवास निर्माण कार्य को पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया गया. योजना अंतर्गत वैसे लाभुक जिन्हें प्रथम व द्वितीय किस्त का भुगतान किया जा चुका है, उन्हें नोटिस करने के बाद आवास को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश पंचायत सचिव को दिया गया.

# लोक अदालत में 91 हजार 7 मामलों का हुआ निपटारा



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** नालसा के निर्देश पर वर्ष 2023 के तीसरे नेशनल लोक अदालत में 9 सितंबर शनिवार को 122 करोड़ 57 लाख 41 हजार 645 रुपये की रिकवरी हुई. लोक अदालत में 91 हजार 7 विवादों का निपटारा किया गया. अदालत सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चली. चेयरमैन सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश धनबाद राम शर्मा ने कहा कि लोक अदालत में दोनों पक्ष जीतते हैं. महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बबार्दी से बचा जा सकता है. 23 नवम्बर 2013 से पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह मे किया जा रहा है. अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा निताशा बारला ने कहा कि बिना प्रशासनिक सहयोग के हम समाज तक न्याय नहीं पहुंचा सकते. इसके माध्यम से व्यापक पैमाने पर मुकदमों का निष्पादन किया जा रहा है, जिसमें समय की बचत के साथ वादकारियों को विभिन्न कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल रही है. मुकदमों के निपटारे के लिए 16 बेंचों का गठन किया गया था. लोक अदालत में बीसीसीएल के 14 मामले का भी निपटारा किया गया,जिसमें नियोजन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र व पावना आदि का मामला शामिल है. बेंच में प्रधान जिला जज कुटुंब न्यायालय तौफीकुल हसन, अतिरिक्त प्रधान जिला जज कुटुंब न्यायालय प्रथम प्रेमलता त्रिपाठी, जिला जज सुजीत कुमार सिंह, राज कुमार मिश्रा आदि उपस्थित थे.

## रेलवे ने हटाया अतिक्रमण 65 घरों को किया ध्वस्त

**धनबाद।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कुमारधुबी स्टेशन का सौंदर्यीकरण व विकास कार्य शुरू करने के तहत शनिवार 9 सिंतबर को आसनसोल रेल मंडल ने भारी सुरक्षा बल के साथ कुमारधुबी स्टेशन के स्लम क्षेत्र में अतिक्रमण हटाया. स्टेशन के समीप अवैध रूप से घर बनाकर रहने वाले 65 घरों को तीन जेसीबी मशीन की मदद से ध्वस्त कर दिया गया. इससे एक दिन पहले ही इन घरों का रेलवे के निर्देश पर चिरकुण्डा विद्युत विभाग ने बिजली कनेक्शन काट दिया था.

## बराकर नदी में डूबे दो युवक, एक की मौत दूसरे की खोज जारी

धनबाद। चिरकुंडा थाना क्षेत्र के दासपाड़ा के दो युवक गणेश दास (20) व उसका रिश्तेदार राजीव दास (22) की शनिवार 9 सितंबर की सुबह करीब सात बजे बराकर नदी में नहाने के क्रम में डूब गये. लोगों ने काफी मशक्कत के बाद गणेश दास को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला. जबकि राजीव दास की खोजबीन जारी है. राजीव दास भूली धनबाद का रहने वाला है, वह अपने फुआ के घर चिरकुण्डा आया हुआ था. इधर घटना की सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठी हो गई.

## अडवार स्टेडियम में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने किया खेल का आयोजन



**बरकट्ठा।** प्रखंड के अडवार स्थित स्टेडियम में बुधवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा खेलो झारखंड के तहत दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय एथलीट, वॉलीबॉल , कबड्डी, खो -खो आदि प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। वहीं बारिश एवं अवकाश के कारण समापन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम समापन में प्रमुख रेणु देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, जिप प्रतिनिधि सी के पांडेय, बीईईओ किशोर कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, विधायक प्रतिनिधि अनिल आजाद, अजप्ता प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद ,प्रधानाध्यापक रामकिशुन महतो उपस्थित रहे। मौके पर बीईईओ ने कहा ,खेल से खिलाड़ियों का मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है, इसलिए मनुष्य के जीवन में खेल आवश्यक है । प्रदीप प्रसाद ने कहा कि खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर नौकरी प्राप्त की जा सकती है। कहा कि खेल एक ऐसा माध्यम है जिससे अपने नाम एवं देश का नाम रोशन किया जा सकता है। रेणु देवी ने कहा कि खेल में अनेक संभावनाएं मौजूद रहती है।यह मनुष्य के सर्वांगीण विकास में मदद करता है ।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय बेलकपी के खेल शिक्षक संजय कुमार ने बताया कि इस खेल के प्रथम विजेता को जिला स्तरीय खेल हेतु हजारीबाग भेजा जाएगा। बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। ज्ञात हो कि इस खेल में 14, 17 एवं 19 आयु वर्ग के छात्र-छात्रा शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक हरिकांत पांडेय,गोपाल राम, सहदेव मंडल, सुखदेव हांसदा ,सुबोध चौधरी, राजीव कुमार दत्त समेत दर्जनों शिक्षक, बीआरसी कर्मी एवं सीआरपी/ बीआरपी का सहयोग सराहनीय रहा।

## बारह सूत्री मांग को लेकर मनोज हरि निकले पद यात्रा पर ,सकरेज गांव में लोगों ने किया स्वागत



**बरकट्ठा।** झारखंडी मूलवासी युवा मनोज हरि पद यात्रा पर निकले हैं। विदित हो कि युवा मनोज हरि टुंडी प्रखंड निवासी धनबाद जिले के शहीद रणधीर वर्मा चौक से पदयात्रा जंतर मंतर दिल्ली तक करेंगे। 3 महीने की पदयात्रा कर मनोज हरि जंतर मंतर दिल्ली पहुंचेंगे। जहां केंद्र सरकार से विभिन्न प्रकार के बारह सूत्री मांगों को लेकर जंतर मंतर पर अनिश्चित कालीन आमरण अनशन करेंगे। धनबाद जिले से इस वर्ष 3 सितंबर को पदयात्रा शुरू कर 8 सितंबर को क्रांतिकारी मूलवासी मनोज हरि बरकट्ठा के सकरेज गांव पहुंचे। जहां भीम आर्मी बरकट्ठा के लोगों ने मनोज हरी का स्वागत किया और सहयोग राशि भी दी। मौके पर भीम आर्मी अध्यक्ष प्रमोद दास, झामुमो नेता प्रमोद गुप्ता, राजु दास, विजय दास, अनिल दास, दीपक अम्बेडकर, बिनोद दास, बासुदेव दास, सहदेव दास, टिंकु दास, प्रसादी दास समेत अन्य दर्जनों लोग मौजूद थे।

**मांगें पूरी हो** | सदानों का विचार गोष्ठी सह आमसभा का आयोजन

# सदानों में राजनीतिक चेतना जगाना होगा : राजेंद्र प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सरकार जब तक खतियान आधारित नियोजन नीति और स्थानीय नीति नहीं बनाती है तब तक संयुक्त बिहार में बने नियोजन नीति 3 मार्च 1982 को लागू करे। उक्त बातें मुख्य अतिथि मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने सिमडेगा, के केरसई में मोर्चा द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी सह आमसभा को संबोधित करते हुए कही। ज्ञात हो कि मूलवासी सदानों के अधिकार को लेकर लगातार महापंचायत, सम्मेलन , और सेमिनार मोर्चा की ओर से लगातार किया जा रहा है। अधिकार आस्था और पहचान सदानी झण्डा सदान के सैकड़ों घरों में लगा। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि बालबच्चों के भविष्य को बच्चानी है तो मूलवासी सदानों के बीच राजनीतिक चेतना जगाना होगा। राजनेताओं को आड़े हाथ लेते हुए कड़ा प्रहार किया कहा कि राज्य में बनने वाली सरकारों ने मूलवासी सदानों की अधिकार को छीनने का काम किया है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में बाहरी लोगों को लोकसभा और विधानसभा में राजनीतिक दल उम्मीदवार बनाकर सांसद विधायक बना रहे हैं। इससे मूलवासी सदानों की राजनीतिक उपेक्षा हो रही है। प्रसाद ने कहा कि सदान झारखण्ड की सबसे पुराना वाशिंदे है। सदान शब्द से हमारी पहचान है। उन्होंने कहा कि सदानी झंडा हमारे पहचान और आस्था का प्रतीक है इस झंडे को हर घर और प्रतिष्ठानों में लगाने का आह्वान किया। प्रसाद ने कहा कि सदानी झंडा चेतना का संचार करेगा । प्रसाद ने कहा कि सदानों के बिना झारखंड का अस्तित्व ही नहीं है। उन्होंने कहा कि सदानों की बलिदान से राज्य मिला है। उन्होंने कहा कि पिछड़ी जातियो और सदान से आने वाले स्वर्णों की जातिए सर्वेक्षण और जनगणना कराने की मांग सरकार से की । उन्होंने कहा कि झारखण्ड में विधानसभा सभा की सीटों को 160और लोकसभा की सीटों को 28 करने की मांग केन्द्र सरकार से की है, जिससे सदानों को भी विधानसभा और लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल सके। उन्होंने कहा कि मूलवासी सदानों की आबादी 65% है। उन्होंने कहा कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने पिछड़ी जाति को 36से 50%पच्चास प्रतिशत तक आरक्षण देने की अनुशंसा की है सरकार आयोग के निर्णय को लागू करे। प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान समुदाय से आने वाले सवर्णों को 10% मिलने वाले आरक्षण का लाभ झारखंड के सदान स्वर्ण को मिले। उन्होंने कहा कि आज सदान 112 प्रखंडों के सभी पंचायतों में मुखिया ,प्रमुख ,जिला परिषद अध्यक्ष नहीं बन सकते हैं। सिमडेगा सहित 7 दिनों में ओबीसी का आरक्षण शून्य है। इसे तुरंत सुधारने की मांग करते हुए आबादी के अनुसार ओबीसी को आरक्षण देने की मांग सरकार से की है। सभा की अध्यक्षता करते हुए प्रणव कुमार ने कहा कि सदान मोर्चा जाति की नहीं , जमात की बात करता है। हिंदू और मुस्लिम दोनों सदान समुदाय से आते हैं । अधिकार के लिए सदान मोर्चा के आह्वान पर हमेशा सड़क पर उतरें।

## हजारीबाग पहुंची भाजपा की संकल्प यात्रा, हजारों कार्यकर्ता हुए शामिल



# राज्य में अपराध का बोलबाला, वसूली में लगी है पुलिस : बाबूलाल मरांडी

- बाबूलाल ने साधा राज्य की विधि व्यवस्था पर निशाना
- 5000 रुपए देने पर राशन कार्ड में जुड़ता है नाम : बाबूलाल मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की 40 दिनों की संकल्प यात्रा शनिवार को हजारीबाग पहुंची. यहां बाबूलाल मरांडी ने अपने कार्यकताओं का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें संबोधित किया. उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार से अब उम्मीद नहीं की जा सकती है. यह सिर्फ घोषणा कर रही है. चुनाव के पहले झूठ घोषणा पत्र बनाए और जब सरकार बन गई तो विधानसभा में भी झूठ पर झूठ बोल रही है. उन्होंने विधि व्यवस्था पर निशाना साधते हुए कहा कि सूबे में अपराध का बोलबाला है. प्रदेश में पुलिस का काम अपराधियों को पकड़ना है. लेकिन झारखंड सरकार ने पुलिस को वसूली में लगा दी है. हर अपराधियों को पुलिस संरक्षण देने का काम कर रही है. उन्होंने हजारीबाग के जिला स्कूल मैदान में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संकल्प लेने का दिन आ गया है कि अब इस सरकार को आगामी चुनाव में उखाड़ फेंकना है. झारखंड में अपराध मुक्त सरकार बनाना है और यह तभी संभव होगा जब भाजपा की सरकार बनेगी. उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश में भ्रष्टाचार इस तरह व्याप्त है कि बिना पैसे का काम नहीं होता. आवासीय, मृत्यु प्रमाण पत्र से लेकर कोई भी प्रमाण पत्र बनाना है तो वहां पैसा देना होता है. इस राज्य में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गई है. उन्होंने बड़ा बयान देते हुए कहा कि राशन कार्ड में नाम जुड़वाने के लिए गरीबों से ?5000 अधिकारी ले रहे हैं. उन्होंने कहा कि यह स्थिति इसलिए उत्पन्न हुई है क्योंकि पदाधिकारी पैसा देकर अपना पोस्टिंग ले रहे हैं. उन्हें हर महीने पैसे ऊपर तक पहुंचाना होता है. जब पैसे सरकार तक पहुंचाना हो, तो आम जनता से पैसे वसूलना उनकी मजबूरी हो गई है. इस कारण राज्य में अब सरकार को अपदस्थ करना ही एकमात्र विकल्प बचा है. उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि उनका सहयोग मिलेगा, तो झारखंड में भी भ्रष्टाचार दूर हो जाएगा. जो सरकार लुटेरों को संरक्षण दे रही है, उसे हटाकर भाजपा की सरकार ही जनता को राहत दे सकती है. बाबूलाल मरांडी ने केंद्र सरकार के बारे में रहते हुए कहा कि केंद्र सरकार की योजना के कारण ही जिले में रेल पहुंची है. 200 रुपए गैस में सब्सिडी दी गई है. आयुष्मान कार्ड केंद्र सरकार ने उपलब्ध कराया. लेकिन राज्य सरकार नया राशन कार्ड ही नहीं बना रही है. झारखंड में दलाली चरम सीमा पर पहुंच गई है. यही नहीं पदाधिकारी के घर में जब छापेमारी होती है, तो नोट गिनने की मशीन लानी पड़ती है. इस संकल्प यात्रा का उद्देश्य संकल्प लेने का है ताकि विधानसभा और लोकसभा में कमल हर सीट पर खिले. हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा ने भी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब हम लोगों को नारा बदलने की जरूरत है. हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ का नारा हम लोग देते हुए आए हैं. लेकिन अब यह नारा हेमंत हटाओ झारखंड बनाओ का हो गया है. जयंत सिन्हा ने हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में अपराध चरम सीमा पर है. लूट और भ्रष्टाचार झारखंड की पहचान बन गई है. सिर्फ राज्य में लूट का बोलबाला नहीं है बल्कि अपराधियों का भी बोलबाला है. केंद्र सरकार जिसके ठिकाने पर छापामारी करती है वहां नोट गिनने की मशीन लगानी पड़ती है. उन्होंने कहा कि उन लोगों को ऐसा झारखंड बनाना है जहां बच्चे स्कूल में जाकर शिक्षा पाएं. स्वास्थ्य सेवा हर एक व्यक्ति को मिल सके. शांति के साथ व्यापार लोग कर सकें. यही नहीं पर्यटक दूर-दराज से झारखंड पहुंचे. लेकिन इस सरकार में न तो स्कूल में शिक्षक है, न पुस्तकालय में किताब और न ही अस्पताल में डॉक्टर. झारखंड को समृद्ध बनाने के लिए हेमंत सरकार को हटाना ही एकमात्र विकल्प बन गया है. उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी की यह संकल्प यात्रा राज्य को समृद्ध बनाने के लिए है. यह आप लोगों के सहयोग के बिना संभव नहीं है. सदर विधायक मनीष जायसवाल ने भी राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि जितनी भी योजना सरकार ने गिनवाई, एक भी धरातल पर नहीं उतर रहा है. कृषि लोन माफी योजना, पेट्रोल सब्सिडी में भी लोगों को लाभ नहीं मिल रहा है. उन्होंने कहा कि नया बिजली मीटर जो लगाया जा रहा है उसमें छेड़छाड़ कर दिया गया है. 100 यूनिट बिजली मुफ्त में देने की बात कही गई थी, वह उसी में ही जोड़ दिया गया है. राज्य में पांच लाख लोगों को नौकरी देने का वादा किया गया था, वह भी नहीं मिला. यही नहीं बेरोजगारी भत्ता की बात की जाए, तो वह भी नहीं मिल रहा है. राज्य में कोयला, बालू, छर्री, ट्रांसफार्मर, ब्लॉक, थाने सभी जगह लूट का साम्राज्य बनकर खड़ा हो गया है. अब भाजपा ही एकमात्र विकल्प है. उन्होंने कहा कि बाबूलाल की नेतृत्व में सरकार बनेगी, तो ही राज्य वासियों का भला होगा. संकल्प यात्रा के जरिए बाबूलाल के हाथों को मजबूत करना है. उन्होंने यह भी कहा कि राज्य की जनता बाबूलाल को ही अगला मुख्यमंत्री बनाना चाहती है. मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि यह गरीब विरोधी, युवा विरोधी और रोजगार विरोधी सरकार है. इसे 2024 में उखाड़ फेंकना है. यात्रा से हेमंत सरकार घबरा गई है. प्रदेश अध्यक्ष अपने कार्यकाल में कार्यकताओं को ऊर्जा देने के लिए पहुंच रहे हैं. सिर्फ भाजपा ही नहीं, बल्कि पूरा झारखंड बाबूलाल मरांडी की ओर देख रहा है ताकि सुशासन वाली सरकार राज्य में बन सके. उन्होंने कहा कि झारखंड की स्मिता बचानी है, तो संकल्प लेने की आवश्यकता है और राज्य में भाजपा की सरकार बनानी है. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन मूलवासी विरोधी सरकार है. आने वाले दिनों में विधानसभा चुनाव में 70 सीट जीतकर पार्टी का हाथ मजबूत करना है. कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद संकल्प लिया गया कि हर एक विधानसभा क्षेत्र जाकर ब्लॉक स्तर के कार्यकताओं से बाबूलाल मरांडी रूबरू होंगे. उन्होंने कहा कि जब यह यात्रा शुरू हुई, तो राज्य में सुखाड़ की स्थिति थी और मानसून कि बेरुखी की मार से आम जनता परेशान थे. लेकिन जैसे ही यह यात्रा शुरू हुई इंद्र देवता भी हम लोगों के साथ दे रहे हैं. हर जगह बारिश हो रही है यह एक शुभ संकेत है. बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव ने भी अपनी आवाज बुलंद करते हुए कहा कि बाबूलाल ने जो संकल्प लिया है, वह कार्यकताओं को पूरा करना है. उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा में संकल्प यात्रा के दौरान कार्यकर्ता उपस्थित हो रहे हैं. भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकना ही संकल्प है. मौके पर सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पुराने सदर अस्पताल के डॉक्टरों व कर्मियों को धनंजय कुमार पुटूस ने किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ प्रखंड कार्यालय के निकट स्थित पुराना सदर अस्पताल में रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह आरबीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने अस्पताल खुलने के सात वर्ष पूरे होने की खुशी में पुराने सदर अस्पताल में सेवा दे रहे डॉक्टरों, कर्मियों, नर्सों, सफाईकर्मियों, सहिया दीदियों को फूल देकर एवं मिठाई खिला कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में धनंजय कुमार पुटूस के समर्थक व रामगढ़ के विभिन्न प्रखंडों से आए आम लोग शामिल हुए। मालूम हो कि छत्तरमाण्डू में सदर अस्पताल शुरू होने के बाद रामगढ़ प्रखंड कार्यालय के निकट स्थित पुराने सदर अस्पताल को बंद कर दिया गया था, जिससे रामगढ़ शहर व आस पास के लगभग एक लाख लोगो को काफी दिक्कत हो रही थी। पुराने सदर अस्पताल में फिर से चिकित्सा व्यवस्था शुरू कराने के लिए अस्पताल दो या मौत दो के नारे के साथ धनंजय कुमार पुटूस ने आमरण अनशन किया था। काफी संघर्ष के बाद मांग को सही मानते हुए जिला प्रशासन द्वारा लिखित आदेश दिया गया था और 9 सितंबर 2016 को तत्कालीन एसडीओ किरण कुमारी पासी ने जूस पिला कर धनंजय कुमार पुटूस का अनशन तुड़वाया था। उसके बाद से ही पुराने सदर अस्पताल में मेडिकल सुविधा चालू है। सम्मानित होने पर वहां के कर्मियों ने धनंजय कुमार पुटूस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, कोरोना काल से लेकर हर समय हमलोग सेवा देते हैं, लेकिन एकमात्र धनंजय जी ने सम्मानित किया हैं,इससे हम सभी का मनोबल बढ़ा है। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि काफी संघर्ष के बाद ये जीत मिली है। ये जीत रामगढ़ के आम लोगो की जीत है। पुराने सदर अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्था शुरू होने से लोगो को काफी राहत मिला है।

### बीएलटीएफ की बैठक, इंद्रधनुष की सफलता पर हुई चर्चा

## 11 को घियाही में, 14 को हथगढा में और अलगडीहा में 16 सितंबर को विशेष कैंप



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** बीडीओ सी आर इंदीवर की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में मेडिकल टीम के साथ बीएलटीएफ की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई. जिसमे मुख्य रूप से इंद्रधनुष योजना के तहत प्रखंड के बचे क्षेत्र में टीकाकरण पूरा करवाने पर चर्चा की गई. मेडिकल टीम में मुख्य रूप से डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, एचएम सुधांश सिन्हा, बीडीएम मो इरशाद और डबल्यू एच ओ के मिथिलेश कुमार शामिल रहे. मेडिकल टीम ने बताया कि जागरूकता के अभाव में भंडारों के अलगड़ीहा, हथगढ़ा और केदारूत के घियाही में बच्चो टीकाकरण पूरी तरह नही हो सका है. इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित बुद्धिजीवियों की मदद आवश्यक है. बीडीओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अभियान को सफल बनाने का निर्देश दिया. उन्होंने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, कर्मियो को इस कार्य के लिए पूर्ण भागीदारी निभाने की बात कही. इसके लिए घियाहि में 11 सितंबर, 14 सितंबर को हथगढा और 16 सितंबर को अलगड़िहा में विशेष शिविर लगाकर टीकाकरण करने का निर्णय लिया गया. विदित हो कि इंद्रधनुष योजना के तहत सुनने से 5 वर्ष तक के बच्चों को टीकाकरण किया जाना है. बैठक में संबंधित पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य सहित प्रखंड के हेड क्लर्क महेंद्र राम, सीडीपीओ कार्यालय की पर्यवेक्षिका आदि मौजूद थे.

## हजारीबाग में सांसद सांस्कृतिक महोत्सव 10-11 सितंबर को

**हजारीबाग।** हजारीबाग में अटल सांस्कृतिक मंच की पहल पर 10 और 11 सितंबर को सांसद सांस्कृतिक महोत्सव होगा. स्वामी विवेकानंद के 130वें शिकागो स्मृति दिवस के अवसर पर यह आयोजन सांसद जयंत सिन्हा के प्रयास से किया जा रहा है. इसका उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद के चरित्र के बारे में बताना है. कार्यक्रम का उद्घाटन 10 सितंबर की सुबह 10 बजे सांसद जयंत सिन्हा करेंगे. इसमें तीन विधाओं में प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है. 10 सितंबर को दो वर्गों में दो प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी. पूर्वाह्न 11बजे से प्रधान कैफेटेरिया बुढ़वा महादेव मंदिर के समीप पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिता होगी.

## राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण रंगोली कार्यक्रम का आयोजन



**रामगढ़।** केंद्र प्रायोजित मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत पूरे देश में 1 सितंबर 2023 से 30 सितंबर 2023 तक की अवधि को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों के आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पोषण रंगोली कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। इस दौरान आंगनबाड़ी सेविकाओं व सहायिकाओं द्वारा ग्रामीणों को राष्ट्रीय पोषण में मनाए जाने के उद्देश्यों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही सभी को अपने-अपने क्षेत्र में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने, शौचालय का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, खाने में हरी पत्तेदार सब्जियां, दूध, अंडा सहित अन्य प्रोटीन युक्त सामग्रियां शामिल करने, नवजात बच्चों के पोषण हेतु शुरूआत के हजार दिनों में ध्यान देने योग्य बातों आदि के संबंध में जानकारी देते हुए सभी को जागरूक किया गया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की कई दुविधाओं को भी दूर किया गया।

## बच्चों का सर्वांगीण विकास प्रतियोगिता का उद्देश्य : सुधीर मंगलेश



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के हरहद कंडेर में खेलो झारखंड खेल कूद प्रतियोगिता के तहत प्रखंड स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कबड्डी और खो खो प्रतियोगिता के अंडर 14, अंडर 17 और अंडर 19 के बालक और बालिका वर्ग में छात्र शामिल हुए। प्रतियोगिता समापन के मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने विजेता व उपविजेता प्रतिभागी छात्र छात्राओं को शील्ड व मेंडल देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना है। उनमें अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना, प्रतिस्पर्धा की भावना व निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करना है। साथ ही सशस्त्र बलों, सुरक्षा सेवाओं व विभिन्न विभागों में शामिल होने के लिए छात्रों की शारीरिक शक्ति का विकास करना है।

## विभावि की परीक्षा परिषद की बैठक में पांच प्रस्तावों पर लगी मुहर

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय परीक्षा परिषद के तहत आयुक्त सह कुलपति सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने पांच प्रस्तावों पर मुहर लगा दी. विभावि के पीआरओ डॉ. सुकल्याण मोइत्रा ने बताया कि विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद के कुलसचिव के पत्र पर विचार करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि स्नातक सत्र 2015-18 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के जेनेरिक विषय की परीक्षा विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग की ओर से ली जाएगी. यह भी निर्णय लिया गया कि विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद के कुलसचिव को पत्र प्रेषित कर आग्रह किया जाएगा कि वह अपने विश्वविद्यालय के अधीन महाविद्यालय में परीक्षा आयोजित कराएंगे. हालांकि इससे संबंधित सारी प्रक्रिया विनोबा भावे विश्वविद्यालय की ओर से संपन्न करायी जाएगी.

## राज्य स्तरीय कराटे में ईशा उमंग ने दो गोल्ड मेडल किया प्राप्त




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले के चेटर निवासी ईशा उमंग कश्यप जो संत अन्ना स्कूल कैथा की 9वीं क्लास में पढ़ती है। उसने 15 दिन हजारीबाग के कार्मेल स्कूल में आयोलित प्रमंडल स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल किया था। इधर, ईशा ने दुमका में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में 2 गोल्ड मेडल प्राप्त कर अपने गांव, जिला और क्षेत्र का नाम रौशन किया है। ईशा की सफलता पर गोडियारी बागी स्थित टेंपल ऑफ वॉरियर्स में कार्यक्रम का आयोजन कर उसे सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने ईशा उमंग कश्यप को सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि ईशा प्रतिभाशाली है और आनेवाले समय में कई सफलताएं अर्जित करेगी। विदित हो की ईशा के पिता डॉ सुनील कुमार कश्यप उत्क्रमित मध्य विद्यालय मांडू के प्रधानाध्यापक हैं। जबकि माता कुमारी प्रतिमा भी शिक्षक हैं। वहीं, ईशा को कराटे का प्रशिक्षण शशि पांडे द्वारा दिया जा रहा है। ईशा की सफलता पर समाजसेवी निरंजन महतो, पातो देवी ,रामप्रसाद महतो ,शीला वाला, संजीव कुमार ,सुधांशु ,शीला कुमारी ,केदार कुमार महतो आदि ने बधाई दी है।

### बदहाल व्यवस्था | लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागर में स्वास्थ्य सुविधाओं का बुरा हाल

# हजारीबाग जेल में दवाइयां कम और बिल मनमाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार में स्वास्थ्य सुविधाओं का बुरा हाल है. जेल अस्पताल में न तो ढंग से बंदियों का इलाज किया जाता है और न ही हर प्रकार की दवाएं उपलब्ध कराई जाती है. छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए भी मरीजों को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया जाता है. बताया जाता है कि छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए यहां दवाइयां भी उपलब्ध नहीं रहती है. अगर दवाइयां हैं, तो मरीजों को क्यों नहीं दी जाती है, यह भी यक्ष प्रश्न है. सेंट्रल जेल में दवाइयों की आपूर्ति के लिए टेंडर का प्रावधान है. यह टेंडर सदर अस्पताल में पूरे सरकारी संस्थानों के लिए कराया जाता है. उन्हीं एजेंसियों में कुछ सेंट्रल जेल में दवाओं की आपूर्ति करते हैं. बताया जाता है कि सदर अस्पताल से बंदी मरीजों का इलाज करा लिया जाता है और जेल के दवाओं की खपत बिल के माध्यम से दिखा दी जाती है. यह जेल प्रशासन की मर्जी पर निर्भर होता है कि कितनी दवाओं की खपत दिखा कर कितने का बिल बनाना है. बताया जाता है कि जेल के अंदर भेजी जाने वाली दवाइयां कम होती हैं और बिल मर्जी के अनुसार बना लिया जाता है. इसमें एजेंसी से 10 से 15% तक कमीशनखोरी की बात कही जा रही है. इसी कमीशनखोरी की वजह से कई ऐसी एजेंसियां थीं, जिसने जेल में दवाओं की आपूर्ति बंद कर दी. ऐसे एजेंसी संचालकों का कहना है कि वह टेंडर भी लेते हैं और उनसे दवाएं भी नहीं खरीदते हैं. सिर्फ बिल का खेल चलता है, जिसे देना वे लोग भी पसंद नहीं करते हैं. चूंकि उनका दिया गया बिल पक्का होता है, इसलिए जितनी दवाइयां देंगे, उतने का ही बिल देंगे. जेल के एक बंदी सोहर हेंब्रम को कांख में छोटा सा जख्म हुआ था. उसका इलाज जेल अस्पताल में न कर गुरुवार को सीधा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया. दवा का अभाव बताकर उसे सदर अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया गया. बंदी विष्णुगढ़ के अरजरी का रहनेवाला है. वह 29 दिसंबर को झाड़-फूंक करने वाले ओझागुणी की हत्या के आरोप में 19 दिसंबर 2022 से जेल में है. उसने बताया कि जेल अस्पताल में दवाई नहीं थी, इसलिए सदर अस्पताल भेजा गया. गिरिडीह पुलिस लाइन रोड निवासी सुनील कुमार राय 13 साल से हजारीबाग जेपी केंद्रीय कारा में बतौर बंदी है. उसे हल्की बुखार आयी और दवाई के अभाव में उसे शुक्रवार को सदर अस्पताल भेज दिया गया. बंदी सुनील कुमार राय ने बताया कि सीने में हल्का दर्द है और बुखार लग रहा है, इसलिए सदर अस्पताल भेजा गया.

**जेल से इलाज के लिए नहीं भेजा गया है कोई बंदी : अधीक्षक**

जेपी केंद्रीय कारा के अधीक्षक कुमार चंद्रशेखर ने कहा कि इस जेल से कोई बंदी इलाज के लिए सदर अस्पताल नहीं भेजा गया है. जहां तक दवाओं की बात है, तो जेल में गायत्री इंटरप्राइजेज से आपूर्ति की जाती है. उन्होंने यह भी कहा कि जिस बीमारी के विशेषज्ञ डॉक्टर जेल में नहीं हैं और उस बीमारी की शिकायत आती है तो बंदी को तो सदर अस्पताल भेजा ही जाएगा.

### सिमडेगा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

# अदालत में 262 मामलों का निष्पादन






**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया । जहां पर 79984706 रुपए की राजस्व वसूली की गई। लोक अदालत का शुरूआत एडीजे आशा डी भट्ट, उपायुक्त अजय कुमार सिंह, एसपी सौरभ एवं बार एसोसिएशन के अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।एडीजे आशा डी भट्ट ने कहा कि लोक अदालत के फैसले पर फिर कहीं अपील नहीं होती है, यह अंतिम न्याय होता है। जहां आपको सुलभ तरीके से न्याय मिलता है। उन्होंने कहा यहां न्यायालय के माध्यम से एक मौका दिया जाता है जहां खुद पदाधिकारी और सरकार के विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि आपको आपकी परेशानी दूर करने के लिए समझौते के तहत मामलों का निपटारा करते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत विभागवार अलग-अलग 6 बैंच को बैठा कर लंबित मामलों को आपसी समझौतों के तहत निपटारा किया जा रहा इसका लाभ उठाएं, उन्होंने कहा लोक अदालत को लेकर और जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है जिससे लोग अधिक से अधिक इसका लाभ ले सकें। उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने कहा कि सरल सस्ता और सुगम तरीके से राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से मामलों का निपटारा होता है जिसमें आप अधिक से अधिक इस गोल्डन ऑपच्यरुनिटी का लाभ लें। उन्होंने कहा कि कई मामले ऐसे होते हैं जिन्हें लंबे समय से लोग निपटारा नहीं कर पाते हैं ऐसे मामले को लोक अदालत के माध्यम से दूर करने का कार्य किया जाता है। साथी कहा कि न्यायिक व्यवस्था में राष्ट्रीय लोक अदालत बहुत ही उपयोगिता है यह एक वैकल्पिक व्यवस्था है जिसे सुलहनीय वादों का निष्पादन किया जा सकता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में कल 16418 मामले रखे गए जिनमें 262 मामले को निष्पादित किया गया जिसमें 79984706 रुपए की राजस्व वसूली की गई मौके पर डालसा सचिव मनीष कुमार सिंह, सीजेएम आनंदमणि त्रिपाठी एसडीजेएम मनजीत कुमार साहू सहित न्यायिक पदाधिकारी एवं लोक अदालत में आए हुए सिमडेगा जिले के विभिन्न विभाग एवं बैंकों के पदाधिकारी तथा ग्रामीण मौजूद रहे।

### नगर प्रशासक ने विभिन्न योजनाओं का किया स्थल निरीक्षण

**कोडरमा।** कोडरमा नगर पंचायत के नगर प्रशासक शशि शेखर सुमन ने शनिवार को नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न कार्यों व योजनाओं स्थल निरीक्षण किया. इस दौरान कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये. शशि शेखर ने सबसे पहले बरसोतियाबार वार्ड नंबर 15 में स्थिति आश्रयगृह का निरीक्षण किया. उसके बाद अरधोती नदी का निरीक्षण कर सफाई एवं सुंदरीकरण के लिये योजना तैयार करने का निर्देश कनीय अभियंता हरी सोरेन को दिया. प्रेम सागर तालाब के सुंदरीकरण के कार्य का निरीक्षण कर संवेदक को गुणवत्ता युक्त कार्य करने का निर्देश दिया. सुधा स्वीट्स के पास मार्केट कॉम्प्लेक्स और वेंडिंग मार्किट का निरीक्षण किया. इस दौरान सभी को वेंडिंग जोन में ही दुकान लगाने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि नाली के ऊपर लगे स्लैब पर दुकान नहीं लगाएं. साथ ही सभी दुकानदारों से कहा कि अपना एक डस्टबिन रखें. प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी योजना के तहत बन रहे वर्टीकल-3 किफायती आवास योजना बोनकाली का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये.

### राजद ने किया कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

## लालू यादव, तेजस्वी के नीति और सिद्धांतों पर चलना है : सुभाष यादव



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय स्थित सुमित्रा कार्तिक मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शनिवार को राजद ने कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजद के वरीय नेता सुभाष यादव, जिप अध्यक्ष सह पार्टी के जिलाध्यक्ष रामधन यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवनाथ यादव व प्रदेश महासचिव जावेद अख्तर मौजूद रहे. कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती और उसके विस्तार पर चर्चा की गयी. मुख्य अतिथि सुभाष यादव ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं. हमें लालू व तेजस्वी के नीति व सिद्धांतों पर चलना है. हमें सामाजिक एकता के बंधन में बंधे रहना है. राजद ए टू जेड की पार्टी है. इस पार्टी में हर वर्ग को सम्मान दिया जाता है. जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि राजद हर जात व जमात की पार्टी है. हमें लालू यादव की विचारधारा को जन-जन तक पंहुचाने की आवश्यकता है. हमें अपने बूथ कमेटी पंचायत कमेटी व प्रखंड कमेटी को मजबूत करना है. हम अगर लोकसभा में भाजपा को हरा देते हैं तो विधानसभा जीतना और भी आसान हो जाएगा. कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुखिया अशोक दास ने पुनः राजद का दामन थामा. मुख्य अतिथि सुभाष यादव समेत अन्य नेताओं ने माला पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया.

### कोडरमा : सर्पदंश से वृद्ध की मौत, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

**कोडरमा।** जिले में सर्पदंश से लोगों की मौत होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. ताजा मामला डोमचांच प्रखंड के पुरनाडीह का है. जहां शनिवार अहले सुबह सांप काटने से एक वृद्ध की मौत हो गयी है. मृतक की पहचान जगदीश पंडित (80 वर्षीय) के रूप मे हुई है. मिली जानकारी के अनुसार, जगदीश पंडित रात में अपने कमरे में सोये थे. इसी दौरान सांप ने जगदीश पंडित के हाथ में डंस दिया. जगदीश पंडित को परिजनों को इसकी जानकारी दी. आनन-फानन में उन्हें सदर अस्पताल ले जाया गया. जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया. अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गया. परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है.

### कीटनाशक पीकर महिला ने की आत्महत्या

**सिमडेगा।** बानो थाना क्षेत्र अंतर्गत सिम्हातू गांव की 45 वर्षीय महिला लक्ष्मी देवी ने शुक्रवार देर रात कीटनाशक का सेवन कर लिया जिसके बाद महिला की तबीयत बिगड़ी । अचानक बिगड़ तबीयत देख उसके छोटे बेटे ने बड़े भाई को फोन कर बुलाया और उसे तत्काल बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अ लाया जहां पर उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा लाया गया, जहां पर इलाज के क्रम में महिला की मौत हो गयी। मामले की जानकारी सिमडेगा पुलिस को दी गई जिसके बाद सिमडेगा पुलिस पहुंची एवं शव को अपने कब्जे में लिया तथा पोस्टमार्टम करवाते हुए परिजनों को सौंप दिया। जानकारी देते हुए उसके पुत्र ने बताया कि वे लोग काम करने गए थे और अचानक छोटे भाई द्वारा उसे पता चला कि उसकी मां ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। इधर आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है।

## सिमडेगा में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम भाजपा ने किया शुरू




**सिमडेगा।** देशभर में चल रहे मेरी माटी मेरा देश अभियान कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा नगर मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद की अगवाई में सिमडेगा शहर क्षेत्र के सलडेगा देवी गुड़ी में विधिवत पूजन पाठ के साथ मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की शुरूआत हुई जहां पर कार्यक्रम के सह प्रभारी नवीन सिंह मौजूद रहे। मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की जो सच है वह आज चरीतार्थ हो रही है आज मेरी माटी मेरा देश के माध्यम से उन शहीदों को भी नमन किया जा रहा है साथ ही उन गांव की भी मिट्टी को भी नमन किया जा रहा है जिन गांवों तक पहुंच कर मिट्टी लेकर उसे बनने वाले अमृत वाटिका में शामिल किया जाएगा।मौके पर बुथ के प्रभारी कृष्णा राम महतो, जिला उपाध्यक्ष सतीश पांडे, गजानंद बेसरा एवं रवि वर्मा वही महिला मोर्चा की सुश्री कमला कुमारी हंसारानी, जयंती देवी एवं जिला कार्य समिति सदस्य पिंकी प्रसाद उपस्थित रहे।

## डीसी ने किया सदर अस्पताल का निरीक्षण, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने शनिवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों को उपलब्ध करायी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। अस्पताल निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने चिकित्सकों तथा कर्मियों की उपस्थिति पंजी की जांच की। वहीं उन्होंने रेडियो डायग्नोस्टिक सेंटर, दवाई भण्डार, जन औषधि केंद्र, एम.सी.एच., पलाश आजीविका दीदी कैफे, सी.टी. स्कैन, महिला वार्ड, पुरूष वार्ड, ड्रेसिंग रूम, पंजीकरण काउण्टर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमडेगा, विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई, कुपोषण उपचार केन्द्र सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए अधिकारीयों को अस्पताल आने वाले मरीजों को सभी तरह की सुविधाएं उपलबध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने साफ-सफाई, शौचालय, पानी, की व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं को सुव्यवस्थित रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सदर अस्पताल परिसर में बने कुपोषण उपचार केन्द्र का निरीक्षण कर एमटीसी में उपस्थित चिकित्सक, एएनएम और इलाजरत बच्चों के उपचार से संबंधित जानकारी लिया। निरीक्षण के दौरान उपचार केन्द्र में छः बच्चों का ही भर्ती पाया गया, जिसके तहत उन्होंने निर्देश देते हुए एमटीसी में शत प्रतिशत बच्चों का भर्ती सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बच्चों के भर्ती पंजी, वजन, साफ-सफाई, रख-रखाव और भोजन के बारे में जानकारी लिये। उन्होंने एम.सी.एच. का निरीक्षण कर बच्चों को मिलने वाली वैक्सीनेशन की समीक्षा किया। उपायुक्त ने जन औषधि केंद्र का निरीक्षण कर दवाइयां की उपलब्धता की स्थिति के बारे में जानकारी लिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सुविधा को और बेहतर व सुदृढ़ करने को लेकर चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिये।मौके पर अस्पताल प्रबंधक अलका कुल्लू, कार्यक्रम प्रबंधन प्रदीप कुमार व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### बांसजोर प्रखंड में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम शुरू

**बांसजोर।** भारतीय जनता पार्टी बांसजोर मंडल अध्यक्ष तपेश्वर साहू के नेतृत्व में देश भर में चल रहे ¥मेरा माटी मेरा देश¥ कार्यक्रम के निमित्त तरगा पंचायत के जगरनाथ मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर मिट्टी संग्रह का कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के जिला सयोंजक पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर ने मौके पर कहा कि राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले वीरो को समर्पित अभियान के निमित्त घर-घर से मिट्टी संग्रह करते हुए पूरे देश में मिट्टी को नमनः वीरों को वंदन किया जा रहा है। मिट्टी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर शहीदों के सम्मान में बनने वाले अमृत वाटिका में समर्पित की जाएगी।

## बानो हाई स्कूल मैदान में खेलो झारखंड के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** एस एस हाई स्कूल मैदान बानो में खेलो झारखंड 2023 -24 का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन बीपीओ निर्मला लिंडा ने दीप प्रज्वलित कर किया।प्रतियोगिता में हाई जम्प बालिका वर्ग में अंडर17 में पार्वती कुमारी, आश्रिता सोरेंग चाँदनी कुमारी।अंडर14में मनिसा मड़की ,अंजली कुमारी,बालक वर्ग में अंडर17 बच्चन सुरीन, आशिम कंडुलना, अनिल बागे,एवं अंडर19में दिलीप भुइयाँ, गोबर्धन सिंह ,पवन मुंडा, एवं लम्बी कूद में आसिफासुरीन अंजली कुमारी सोमारी कुमारी ,अंदर 19 में पार्वती कुमारी, आश्रिता कंडुलना, चांदनी कुमारी ने क्रमश प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान लाया ।कब्बडी में बालिका वर्ग में एस एस हाई स्कूल बानो की छात्राएं बिजयी रही ।प्रतियोगिता में गोला फेंक ,खोखो,कबड्डी बॉलीबॉल आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सभी विजेताओ को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।बीपीओ निर्मला लिंडा ने कहा आज सरकार द्वारा कई तरह की की योजनाएं चलाई जा रही हैं। दौड़ प्रतियोगिता हो लॉन्ग जम्प सभी खेल आगे चलकर आपके जीवन को सवार सकती हैं।आज हमारा सिमडेगा जिला खेलों के नाम से जाना जाता है।

### ग्रिजली स्कूल के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय जुडो प्रतियोगिता में 2 स्वर्ण समेत 5 पदक जीते




**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के विद्यार्थियों ने 13वीं झारखंड राज्य सब जूनियर एवं जूनियर जुडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर अपने विद्यालय का नाम पूरे राज्य में रौशन किया है. झारखंड जुडो एसोसिएशन के तत्वावधान में रामगढ जुडो एसोसिएशन द्वारा 11 से 13 अगस्त तक पटेल चौक छात्रावास रामगढ़ में आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्र अपने कोच तरनुम खान एवं टीम मैनेजर दिलीप कुमार के साथ शामिल हुए थे. इस प्रतियोगिता में छात्रों ने 2 स्वर्ण, 1 रजत तथा 2 कांस्य पदक अपने नाम किया है. स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्रों में सिद्धार्थ पांडेय एवं सुधांशु कुमार शामिल है. वहीं छात्रा ज्योति यदुवंशी को रजत पदक प्राप्त हुआ. कांस्य पदक प्राप्त करने वालों में पवन कुमार एवं खुशी रंजन शामिल है. विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित कर पदक विजेताओं को सम्मानित किया गया. छात्रों की इस सफलता पर निदेशक मनीष कपसिमे, अविनाश सेठ, सीईओ प्रकाश गुप्ता, सीओओ तनिष्क सेठ, प्राचार्या अपर्णा सिन्हा, संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेंद्र चौधरी, बीडी नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, तुषार राय चौधरी, प्रीति जगनानी, स्टूडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार, स्पोर्ट्स को-ऑर्डिनेटर अमित दास ने सभी सफल छात्रों एवं उनके कोच तरनुम खान एवं दिलीप कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है.

### संचालित योजना एवं कार्यों की समीक्षा

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में नगर परिषद, सिमडेगा अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की गई।बैठक में उपायुक्त के द्वारा राजस्व संग्रहण, शहरी परिवहन, मुख्यमंत्री श्रमिक योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, 15वें वित्त आयोग, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, शहरी जलापूर्ति, अर्बन हेल्थ सेंटर, प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी सहित अन्य निर्माण कार्य की योजनावार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने शहरी विकास को लेकर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शहरी क्षेत्र अंतर्गत सड़क को बेहतर बनाने की बात कहीं। तथा राजस्व संग्रहण की दिशा में आवश्यक निर्देश दिये। शहरी क्षेत्र में मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत जॉब कार्ड होल्डर को कार्य देने का निर्देश दिया। उन्होंने शहरी क्षेत्र को सुंदर एवं सुव्यस्थित बनाने की दिशा में कार्य करने का भी निर्देश दिया। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सुमित कुमार महतो, सिटी मैनेजर आकाश डेविड सिंह, सिटी मैनेजर निशांत जोशी तिर्की, सिटी मिशन प्रबंधक सुनीता कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### सशिविमं सलडेगा में अभिभावकों की बैठक

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में शनिवार को शिक्षक एवं अभिभावकों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में विद्यालय के अध्यनरत कक्षा के छात्र छात्राओं के अभिभावकों के बीच प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहु ने प्रथम सावधिक परीक्षाफल का वितरण करते हुए उनमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संस्कार, संस्कृति, सेवा भाव, स्वावलम्बन एवं ज्ञान -विज्ञान के क्षेत्र में बेहतर परिणाम के लिए सार्थक चचाएं की तथा आगामी माध्यमिक परीक्षा में बेहतर परिणाम एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु तैयारियों के निमित्त सूक्ष्म कार्ययोजना का निर्माण करते हुए अन्य विषयों पर शिक्षक अभिभावक के बीच बात कर सकारात्मक समन्वय स्थापित किया । प्रथम सवधिक परीक्षा के परिणाम के अनुसार कक्षा 10 ₹अ₹शिल्पा कुमारी को प्रथम स्थान, संदीप सिंह को द्वितीय स्थान तथा महिमा कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कक्षा दस ₹ब₹ से कशिश कुमारी को प्रथम स्थान, आयुष कुमार को द्वितीय स्थान तथा सुरभि बाड़ा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ । बैठक की अध्यक्षता श्याम सुंदर बड़ाईक तथा बंधु मांझी जी ने की।

### सिमडेगा एसपी ने मासिक क्राइम गोष्ठी का किया आयोजन, त्योहार को लेकर दिए दिशा निर्देश

**सिमडेगा।** एसपी सौरभ की अध्यक्षता में मासिक क्राइम गोष्ठी का आयोजन एसपी कार्यालय सभागार में किया गया ।जहां पर उन्हें सभी थाना प्रभारी को पिछले महीने दिए गए टास्क के अनुरूप अब तक किए गए कार्यों की बारीकी से जानकारी ली तथा आगामी पर्व त्यौहार को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार पुलिस पदाधिकारी को उन्होंने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसपी सौरभ ने कहा कि मासिक क्राइम गोष्ठी का मुख्य रूप से मुद्दा है अपराध नियंत्रण पिछले दिनों बानो थाना क्षेत्र में हुए आगजनी घटना को लेकर समीक्षा की गई। इसके अलावा विभिन्न थाना में लंबे समय से जब्त वाहन जो खराब हो रहे हैं उन्हें किस प्रकार से निपटारा किया जाए उन सभी बिंदुओं को लेकर चर्चा की गयी। मौके पर एसपी ने बताया कि सिमडेगा जिले को सुरक्षा व्यवस्था में बेहतर बनाने के लिए सभी पहलुओं पर काम की जा रही है जगह-जगह पर सीसीटीवी के माध्यम से नजर रखी जा रही है ताकि सभी जगह पर अपराध में अंकुश लगाया जा सके इसके अलावा सभी थाना क्षेत्र में सघन वाहन जांच देसी शराब के विरुद्ध अभियान सामुदायिक पुलिसिंग के तहत लोगों के बीच जागरूकता अंधविश्वास के प्रति जागरूकता तथा साइबर क्राइम एवं अन्य चीजों को लेकर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ,पुलिस उपाधीक्षक ,पुलिस अंचल निरीक्षक एवं सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।

**मिशन इंद्रधनुष** — दूसरे चरण की सिविल सर्जन ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

# 3208 बच्चे-705 गर्भवती को लगेगा टीका




**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** सिविल सर्जन अनिल कुमार ने कार्यालय सभागर में शनिवार को प्रेस वार्ता की. उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुसार कोडरमा जिले में इस वर्ष सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 (आइएमआइ) 2023 कार्यक्रम चलाया जा रहा है. इसके तहत 0-5 वर्ष के छूटे हुए बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण पूर्ण किया जाना है. यह टीकाकरण तीन राउंड में 7-12 अगस्त, 11-16 सितंबर एवं 9-14 अक्टूबर तक चलाया जाना है. प्रत्येक राउंड 6 कार्य दिवसों के लिए आयोजित किया जाना है. इसमें नियमित टीकाकरण भी शामिल है. प्रथम राउंड समाप्त होने के उपरांत दूसरा राउंड 11-16 सितंबर 2023 तक आयोजित किया जाना है. इसके लिए सभी प्रखंडों के एएनएम के द्वारा दूसरे राउंड का सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया गया गया है. जिसमें 0-5 वर्ष के 3208 बच्चे एवं 705 गर्भवती महिलाएं छूटे हुए पाये गये. जिनका टीकाकरण किया जायेगा. इसकी निगरानी के लिए जिला एवं प्रखंड स्तर पर रैपिड रिस्पॉन्स टीम का गठन किया गया है. इस कार्यक्रम में छूटे हुए बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं को अपने निकटतम केंद्र पर टीकाकरण कराने के लिए सेल्फ रजिस्ट्रेशन की भी सुविधा उपलब्ध करायी गयी है. इस कार्य में कुल 126 एएनएम को वैक्सिनेटर के रूप में तथा लगभग 800 सहियाओं को मोबीलाईजर के रूप में काम पर लगाया गया है. जिला स्तर पर सभी प्रखंडों में कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए टीम गठित की गई है. प्रखंड स्तर पर कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए अलग से टीम गठित की गई है. कार्यक्रम का उद्घाटन जिला स्तर पर एवं प्रखंड स्तर पर 11सितंबर को किया जायेगा.

# अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन आज, सारी तैयारियां पूरीं

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिला फुटबाल संघ के तत्वावधान में आयोजित झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन 10 सितंबर को किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। इसकी जानकारी चिनिया रोड स्थित होटल पद्मावती के हॉल मे आयोजित एक प्रेस वर्ता में आयोजन समिति के अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम न सचिव आलोक मिश्रा ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में झारखंड के सभी जिलों के फुटबॉल खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि उद्घाटन समारोह का आयोजन 12 बजे किया जाएगा। उद्घाटन मैच गढ़वा बनाम चतरा के बीच खेला जाएगा। उद्घाटन मैच का आयोजन रामासाहू स्टेडियम में अपराह्न 2:00 बजे से किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि उक्त प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न जिलों से आने वाले खिलाड़ियों के लिए ठहरने व भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई है। ताकि खिलाड़ियों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि उक्त प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 18 सितंबर तक किया जाएगा। इस दौरान 23 मैच का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उक्त प्रतियोगिता के तहत गढ़वा जिला के सुदूरवर्ती क्षेत्र में भी मैच का आयोजन किया जाएगा ताकि सुदूरवर्ती क्षेत्र के फुटबॉल खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर सके। उन्होंने कहा कि उक्त प्रतियोगिता को लेकर राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय रेफरी को बुलाया गया है। ताकि मैच के दौरान किसी तरह की विवाद उत्पन्न ना हो सके। उन्होंने कहा कि तीनों अनुमंडल रंका, नगरऊंटारी एवं गढ़वा अनुमंडल मिलकर नौ प्रखंडों में मैच के आयोजन किया जाएगा। सभी मैचों का संचालन रेफरी सह मैच कमिश्नर मोहम्मद फरीद एवं




मोहम्मद साजिद अहमद की देखरेख में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला में पहली बार झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जो गढ़वा जिला के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को स्टेट टीम में शामिल किया जाएगा। प्रेस वार्ता में रेफरी सह मैच कमिश्नर मोहम्मद फरीद एवं मोहम्मद साजिद अहमद, वाहन प्रभारी आशुतोष पांडेय भी उपस्थित थे।

## उद्घाटन मैच गढ़वा बनाम चतरा के बीच खेला जाएगा

झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता के तहत 10 सितंबर को गढ़वा बनाम चतरा के बीच उद्घाटन मैच खेला जाएगा। 11 सितंबर को जामताड़ा बनाम खूंटी, लातेहार बनाम दुमका, लोहरदगा बनाम देवघर, 12 सितंबर को गुमला बनाम चक्रधरपुर, पलामू बनाम साहिबगंज, कोडरमा बनाम गिरिडीह, घाटशिला बनाम हजारीबाग के बीच मैच खेला जाएगा। वहीं सेकंड राउंड का मैच 13 सितंबर को विनर ऑफ 1बनाम बोकारो, विनर ऑफ टू बनाम रांची, विनर ऑफ 3 बनाम सरायकेला खरसावां, विनर का 4 बनाम गोड्डा, 14 सितंबर को विनर ऑफ 5 बनाम चाईबासा, विनर ऑफ 6 बनाम जमशेदपुर, विनर ऑफ 7 बनाम धनबाद, विनर ऑफ 8 बनाम रामगढ़ के बीच मैच खेला जाएगा। वहीं क्वार्टर फाइनल 15 सितंबर को विनर ऑफ 9 बनाम विनर ऑफ 10, विनर ऑफ 11 बनाम विनर ऑफ 12, विनर ऑफ 13 बनाम विनर ऑफ 14, विनर ऑफ 15 बनाम विनर ऑफ 16 के बीच मैच खेला जाएगा। इसके अलावे सेमीफाइनल 16 सितंबर को विनर ऑफ 17 बनाम विनर ऑफ 18 तथा विनर ऑफ 19 बनाम विनर ऑफ 20 के बीच मैच खेला जाएगा। फाइनल मैच 18 सितंबर को विनर ऑफ 21 बनाम विनर ऑफ 22 के बीच मैच खेला जाएगा।

### महिला जनप्रतिनिधियों की जगह बैठते हैं उनके पति

# प्रोटोकॉल की उड़ रहीं धज्जियां

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

जिले के डंडई प्रखंड में प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ रही है। इन दिनों प्रोटोकॉल प्रखंड में सीधे तौर पर मजाक बनकर रह गया है। प्रतिशत आरक्षण देकर सरकार के द्वारा गांव की सरकार में स्थानीय महिलाओं को जिस उद्देश्य से जनप्रतिनिधि बनाया गया है प्रखंड में वह एक दिखावा साबित हो रहा है।

निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों की जगह उनके पति ही सरकारी कार्यों को निपटाने का काम करते रहते हैं। यहां तक कि पदाधिकारी के साथ बैठक करने से भी वे बाज नहीं आते हैं। वहीं पदाधिकारी के द्वारा भी महिला जनप्रतिनिधियों को नजरअंदाज कर उनके पति को ही ज्यादा तवज्जो देने का काम किया जाता है, जिस कारण उनके साथ बेबाक रूप में वे मीटिंग करने का काम करते हैं। शनिवार के दिन प्रखंड मुख्यालय के एक पीडीएस



दुकान की जांच के दौरान यह आमतौर पर देखा गया। दुकान की जांच करने पहुंचे एम ओ चोनाराम हेंब्रम के साथ उप प्रमुख की जगह उनके पति रामाशीष प्रसाद को कुर्सी पर डट कर बैठा देखा गया। उक्त मामले को लेकर ग्रामीणों के द्वारा जब पुरजोर विरोध किया जाने लगा तो आनन फानन में उप प्रमुख अंजली देवी को वहां पर बुलाया गया। दुकानदार रामगुलाम साह की दुकान पर जिस शिकायत के मामले की जांच करने एम ओ पहुंचे थे उस शिकायत को ग्रामीणों के द्वारा दुर्भावना से ग्रसित शिकायत बताया।

ग्रामीण याकूब अंसारी, राजेंद्र राम, अकबर अंसारी, कुदुस अंसारी, अजय ठाकुर, नंदू प्रसाद इत्यादि लोगों ने कहा कि यह एक दुकानदार की बात नहीं है बल्कि प्रखंड के सभी जन वितरण दुकानदारों से जुड़ा है। उप प्रमुख को इस विषय को लेकर किसी व्यक्ति विशेष के बजाय प्रखंड भर के पीडीएस दुकानदारों के बारे में शिकायत करनी चाहिए थी क्योंकि यह मामला सभी से जुड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने उप प्रमुख की इस शिकायत को दुर्भावना से ग्रसित होकर शिकायत करने की आशंका जताई। वार्ड सदस्य श्रीकांत प्रसाद ने भी इसका खुलकर विरोध किया और कहा कि यह शिकायत दुर्भावना से ग्रसित लग रही है। इस दौरान श्रीकांत ने एम ओ को लिखित आवेदन दिया और कहा कि उक्त दुकानदार के लाभुकों की तरह ही प्रखंड के अन्य जन वितरण दुकानदार के लाभुकों से भी पूछताछ करने की जरूरत है। उन्होंने डंडाई पंचायत के डीलर पारस नाथ, ज्वाला महिला समूह, विंध्याचल महिला समूह, शफीक अंसारी, महजुद्दीन अंसारी इत्यादि पीडीएस दुकानदारों के नामों का उल्लेख किया। वहीं एम ओ ने कहा कि डीएसओ के निर्देश पर वह उक्त मामले की जांच करने आए हैं।

# गुरूड़ गांव की महिला की सड़क दुर्घटना में मौत

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार प्रखंड क्षेत्र के लोहरगाड़ा पंचायत के गुरूड़ गांव निवासी आनंद मेहता की पत्नी सबिता देवी (22) की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सबिता जाता गांव से अपने बहन से मुलाकात कर अपने घर गुरूड ससुर के साथ बाइक से आ रही थी। इसी दौरान आटौला गांव के समीप सबिता बाइक से अचानक गिर गई, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लगी थी। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिकी उपचार के बाद गंभीरावस्था को देखते हुए डॉक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स ले जाने के दौरान सबिता की रास्ते में ही हो गई। महिला का शव शनिवार को गुरूड़ गांव पहुंचा, गांव में शव पहुंचते ही मातम पसर गया। परिजनों ने बताया महिला का पति पुणा में मजदूरी करता है। उसके वहां से आने के बाद रविवार को अंतिम संस्कार किया जायेगा।

## सड़क हादसे में मां-बेटा गंभीर रूप से घायल

**गढ़वा।** गढ़वा-चिनियां मार्ग पर मेराल थाना क्षेत्र के डंड़टूटी के समीप सड़क दुर्घटना में मां-बेटा गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों में मेराल थाना क्षेत्र के पेंदली गांव निवासी मुस्तफा अंसारी की पत्नी शहरून बीबी एवं पुत्र अमीर हसन अंसारी शामिल हैं। दोनों घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया गया कि शहरून बीबी ने दांत का इलाज कराने के लिए अपने पुत्र के साथ मोटरसाइकिल से गढ़वा आ रही थी। इस दौरान डंड़टूटी के समीप सड़क पर एकाएक कुत्ते का झुंड उसकी मोटरसाइकिल के सामने आ गया। इससे बचने के प्रयास में अमीर हसन अंसारी की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में मां-बेटा गंभीर रुप से घायल हो गए। अमीर हसन के सिर, चेहरा समेत शरीर के विभिन्न हिस्से में चोट लगी है। शहरून बीबी के चेहरे में चोट लगी है।

## संक्षिप्त

### आंगनबाड़ी केंद्र पर मनाया गया पोषण दिवस



**केतार।** केतार प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत के ताली गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में शनिवार को पोषण दिवस कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर दो महिलाओं का गोदभराई और एक बच्चा का अन्नप्राशन कराया गया। कार्यक्रम में पौष्टिक भोजन बनाने की समाग्री का प्रदर्शन भी किया गया। आंगनबाड़ी सेविका सोनी देवी ने कहा कि निरोग एवं स्वास्थ्य रहने के लिए पौष्टिक आहार लेना जरूरी है। उन्होंने गर्भवती और धात्री महिलाओं को अंकुरित अनाज, दाल, सब्जी, फल और हरे पत्तेदार सब्जी में मिलने वाले पौष्टिक आहार की जानकारी दी। वहीं बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और लाभों के बारे में भी जानकारी दी गई।

### 'इंडिया गठबंधन की जीत लोकतंत्र की जीत'

**केतार।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव में इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी की जीत पर यूथ कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष चंदन प्रसाद ने लोकतंत्र की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव इंडिया महागठबंधन का पहला चुनाव था। इसमें पार्टी की जीत उत्साहित करने वाली है। उन्होंने कहा कि देश में मंहगाई, बेरोजगारी बढ़ गई है। युवा रोजगार के लिए दर- दर की ठोकरें खा रहे हैं। डुमरी की जानता ने भाजपा के दो सौ रुपये रसोई गैस में छुट जैसे लॉलीपॉप को नकार दिया है। आने वाले लोकसभा चुनाव में इंडिया महागठबंधन की जीत सुनिश्चित है।

### डुमरी की जीत पर झामुमो ने मनाया जश्न

**भवनाथपुर।** डुमरी उपचुनाव में मिली जीत पर भवनाथपुर में झामुमो कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। खरौंधी मोड़ में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। पूर्व विस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने कहा कि डुमरी की जनता ने भारी विजयी दिलाकर जननेता स्व जगन्नाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि देने का काम किया है। डुमरी उपचुनाव में मिली जीत हेमंत सरकार की लोकप्रियता को दर्शाता है। 2024 में फिर से भारी बहुमत से जेएमएम गठबंधन की सरकार बनेगी। प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि यह जीत असत्य पर सत्य की जीत है। मौके पर कुंदन ठाकुर, गोपाल यादव, शमशेर अंसारी, सुरेश गुप्ता, नावलेज पासवान मनोज चंद्रवंशी, विजय रावत, विनोद सिंह, दीपक वर्मा आदि मौजूद थे।

### मवि का अनुश्रवण व भौतिक सत्यापन हुआ

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के चितविश्राम ग्राम स्थित उच्च विद्यालय तथा बरडीहा ग्राम स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय का अनुश्रवण एंव भौतिक सत्यापन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन एंव सीआरपी संजय कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस अनुश्रवण एंव भौतिक सत्यापन में मुख्य रूप से पीएम श्री के लिये चयनित स्कूल के विभिन्न इंडिकेटर्स का भौतिक सत्यापन किया गया प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन ने विद्यालय में निरीक्षण के दौरान पीएम श्री चयनित स्कूलों के तहत विद्यालय में उपस्थित सभी अहर्ताओं का सूक्ष्म तरीके से मूल्यांकन किया गया। साथ ही मूल्यांकन के क्रम में सभी पात्रता को देखा गया और जो कमियां पाई गई उन्हें सुधार करने का सुझाव दिया गया। उपस्थित शिक्षक तनवीर आलम ने कहा कि विद्यालय में जो भी कमियां हैं उसे दुरुस्त कर लिया जायेगा। मौके पर बीआरसी रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल, कंप्यूटर आपरेटर रोहित कुमार, शिक्षक द्वारिका नाथ पांडेय सहित विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।


### सरैया में सहिया का चुनाव वोटिंग से हुआ

**भवनाथपुर।** प्रखंड के पंडरिया पंचायत के सरैया में सहिया का चुनाव सर्वसम्मति नहीं बनने के कारण वोटिंग के माध्यम से किया गया। रंगिता कुंवर पति स्व चितरंजन कुमार को 38 मत, नमिता गुप्ता पति आशीष कुमार को 15 मत, रिंकू देवी पति सोमनाथ साह को 14 मत प्राप्त हुआ। रंगिता कुंवर को विजय घोषित किया गया। मौके पर पर्यवेक्षक बीटीटी ब्रज मोहन पासवान, मुखिया प्रतिनिधि अनिल चौबे, एएनएम अंचला कुमारी, ग्रामीण महावीर साह, रमेश साह, भरत साह बीरबल साह, अनिल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अखिलेश साह, चंद्रकेश्वर साह, ब्रजेश कुमार, संतोष साह, शिवनंदन साह, आशीष साह, अवधेश साह, पंकज, नंदू साह, अतुल कुमार, अभिशेख, रीना देवी, गीता देवी, ललिता देवी, सोनी देवी, सुनीता, संगीता देवी, कंचन देवी उपस्थित थे।

### वृद्ध को सांप ने डसा, सदर अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के चिरौंजिया गांव निवासी अलमुद्दीन अंसारी को सांप ने डस लिया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि अलमुद्दीन अंसारी ने धान के फसल में खाद डाल रहा है। इस दौरान उसके बायां पैर में सांप ने डस लिया। इसके बाद उसके स्वजनों ने उसे सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया।

### सीओ ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त



**मेराल।** अवैध रूप से बालू ले जा रहे ट्रैक्टर को शुक्रवार के रात्रि में संगबरिया गांव में सेमर पेड़ के पास से सीओ निकिता बाला ने जब्त कर लिया। थाने में प्राथमिक दर्ज कराई गई। इस संबंध में सीओ ने बताया कि भ्रमण के दौरान मेराल बंका मार्ग में संगवारिया गांव के सेमर पेड़ के पास अवैध बालू ले जा रहे ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। ट्रैक्टर का चालक रात्रि का फायदा उठाकर फरार हो गया। सीओ निकिता बाला ने कहा कि अवैध रूप से बालू ढुलाई करने वालों के खिलाफ अभियान और तेज किया जाएगा।

# डीसी ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

उपायुक्त अबु इमरान ने शनिवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। एक-एक कर लोगों ने अपनी-अपनी समस्यओं को लेकर उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्री इमरान से मिल उन्हें समस्याएं सुनाया। उपायुक्त ने जनता दरबार में मिलने आए सभी शिकायतकताओं की बारी बारी से समस्याएं सुन, जल्द समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया। समस्याओं में मुख्य रूप से जमीन, राशन, कब्रिस्तान घेराबंदी समेत अन्य मामले शामिल है। ज्ञात हो कि उपायुक्त श्री इमरान के निदेर्शानुसार जिले के सभी प्रखंड क्षेत्रों में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के द्वारा रोस्टर अनुसार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। जिससे सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों के शिकायतों का निष्पादन प्रखंड मुख्यालय स्तर पर ही किया जा सके। वहीं सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

# पाठ्य पुस्तकें व नोटबुक पहुंचाना सुनिश्चित करें

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में शनिवार को की गई। इसमें मुख्य रूप से छात्र-छात्राओं का बैंक खाता, मध्याह्न भोजन (एमडीएम), छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल बैग, नोटबुक, किताब, पोशाक, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, उत्कृष्ठ विद्यालय, मॉडल स्कूल, स्मार्ट क्लासेस समेत अन्य की प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सभी योग्य छात्र-छात्राओं का बैंक एवं पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाएं। राज्य से प्राप्त छात्र-छात्राओं के लिए नोटबुक व किताबों का वितरण शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। वैसे बच्चें जो अधूरी पढ़ाई कर स्कूल छोड़ रहे है उन्हें चिन्हित कर वापस स्कूल लाने का निर्देश दिया गया।

# मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान के क्रियान्वयन को लेकर हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में इन्द्रधनुष 5.0 के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें मिशन इंद्रधनुष 5.0 टीकाकरण अभियान को लेकर तैयारियों की जानकारी लेते हुए समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी दीपाली भगत, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, व अन्य जिला पदाधिकारी, सभी बीडीओ एवं अंचल अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित थे।

जिला में 7 से 12 अगस्त तक प्रथम चरण में चलाया गया। 11 से 16 सितंबर द्वितीय चरण व 9 से 14 अक्टूबर को तृतीय चरण के तहत टीकाकरण किया जाएगा। इस दौरान उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के तहत वैसे बच्चे




जिनका टीकाकरण अधूरा रह गया है उन्हें चिन्हित कर टीकाकरण कराने का लक्ष्य रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारी ये सुनिश्चि करें कि इस बार कोई भी बच्चा बिना टीकाकरण के नहीं रहना चाहिए। डीपीएम द्वारा बताया गया की सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं व योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान के अंतिम व्यक्ति को मिले इस उद्देश्य से जिला अंतर्गत आगामी 14 सितंबर से 18 सितंबर तक प्रखंड स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाना है। प्रखंड स्वास्थ्य मेला में सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, कुष्ठ नियंत्रण, टीकाकरण, परिवार नियोजन परामर्श, टीबी नियंत्रण, आईईसी परिवार कल्याण, मलेरिया, मोतियाबिंद जांच, ईएनटी जांच (आंख, कान, गला), अंधापन की रोकथाम (आंखों की जाच) धूम्रपान और तंबाकू के सेवन के प्रभाव, कैंसर नियंत्रण जागरूकता, व्यक्गित / पर्यावरणीय स्वच्छता, दंत चिकित्सा जांच, त्वचा की जांच, पुर्नवास, पोषण के लिए परामर्श, आरटीआई / एसटीआई/ एड्स नियंत्रण के लिए परामर्श, भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद, युनानी, होम्योपैथी निम्नलिखित सेवाएं प्रदान की जानी है।

# महुआडांड़ में विधायक ने रखी चार योजनाओं की आधारशिला

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड।** विधायक रामचंद्र सिंह ने शनिवार को प्रखंड के दर्जनों ग्रामो का दौरा कर अपने विधायक मद से 14 लाख रुपये की लागत से चार जनोपयोगी योजना तथा तीन करोड़ चौदह लाख रुपये की लागत से ग्रा. वि. वि.(ग्रा. का. मा.) कार्य प्रमंडल लातेहार, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद अंतर्गत बोहटा से खपरतल्ला होते हुए बरदौनी तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य की आधारशिला रखी। सिंह ने इस दौरान विधायक योजनामद से प्रखंड के ग्राम हामी चर्च में चबूतरा निर्माण, सुग्गी में चर्च के सामने स्थित आखरा में पीसीसी निर्माण, केनाटोली आखरा में पीसीसी निर्माण तथा ग्राम चटकपुर में देवी मंडप से सिबरू बड़ाईक के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य समेत कुल पांच योजनाओं का शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मो. इफ्तेखार अहमद, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, उपप्रमुख अभय मिंज, रामनरेश ठाकुर, संवेदक मनीष सिंह, मो. असीम जफर, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर सोहेल, मो. रानु खान, मो. तनवीर उर्फ रिन्कु, समाजसेवी सुभाष प्रसाद, नुरूल अंसारी, मुखिया रेणुका टोप्पो, उषा खलखो, उपमुखिया राजेश कुजूर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

**धर्म-कर्म**

### कर्ज लेकर बड़ा आदमी होने का दिखावा करना अपराध है : जीयर स्वामी

# कामना उत्पन्न होते ही कर्तव्य से विमुख हो जाता है मनुष्य

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

जीयर स्वामी ने कहा कि मनुष्य के अंदर कामना उत्पन्न होते ही अपने कर्तव्य से तथा अपने भगवान से विमुख हो जाता है। और नाशवान संसार के समीप चला जाता है। साधक को न तो लौकीक इच्छाओं की पूर्ति की आशा रखनी चाहिए और ना ही परमार्थी की इच्छा की पूर्ति से निराशा ही होनी चाहिए। कामनाओं के त्याग में स्वतंत्र अधिकारी योग्य और समर्थ है परंतु कामनाओं की पूर्ति में कोई भी स्वतंत्र अधिकारी योग्य और समर्थ नहीं है। जैसे-जैसे कामनाएं नष्ट होती जाती है वैसे वैसे साधुता आती है। और जैसे-जैसे कामनाएं बढ़ती जाती है वैसे-वैसे साधुता आती होती जाती है। कामना मात्र से कोई भी पदार्थ नहीं मिलता अगर मिलता भी है तो सदा साथ नहीं रहता। ऐसी बात प्रत्यक्ष



होने पर भी पदार्थों की कामना रखना प्रमाद ही है। मेरे मन की हो जाए इसको कामना कहते हैं। यह कामना ही दुख का कारण है इसका त्याग किए बिना कोई सुखी नहीं रह सकता। जब हमारे अंतरण में किसी प्रकार की कामना नहीं रहेगी तब हमें भगवत प्राप्ति की भी इच्छा नहीं करनी पड़ेगी। प्रत्यूत भगवान स्वतः प्राप्त हो जाएंगे। संसार की कामना से पशुता का और भगवान की कामना से मनुष्यता का आरंभ होता है। मनुष्य की जीवन तभी कष्ट में होता है जब उसके मन में सुख की इच्छा होती है और मृत्यु तभी कष्टमई होती है जब जीने की इच्छा होती है। यदि वस्तु की इच्छा पूरी होती हो तो उसे पूरी करने का प्रयत्न करते और यदि जीने की इच्छा पूरी होती तो मृत्यु से बचने का प्रयत्न करते। परंतु इच्छा के अनुसार ना तो सब वस्तुएं मिलती है और नाहीं मृत्यु से बचाव ही होता है। इच्छा का त्याग करने में सब स्वतंत्र हैं कोई पराधीन नहीं है और इच्छा की पूर्ति करने में सब पराधीन है कोई स्वतंत्र नहीं है। सुख की इच्छा आशा और भोग यह तीनों संपूर्ण दुखों के कारण है। हमको बहुत सम्मान मिले इसी कारण जीवन में अपमान मिल जाता है। किसी भी चीज की मन में चाह रखना ही दरिद्रता है। लेने की इच्छा करने वाला सदा दरिद्र ही रहता है। मनुष्य को कर्मों का त्याग नहीं करना है बल्कि कामना का त्याग करना है। मनुष्य को वस्तु गुलाम नहीं बनाती उसकी इच्छा गुलाम बनाती है। यदि शांति चाहते हो तो कामना का त्याग करो कुछ भी लेने की इच्छा भयंकर दुख देने वाली है। जिसके पास भी ईक्षा है उसको किसी न किसी के पराधीन होना ही पड़ेगा। अपने लिए सुख चाहना राक्षसी वृति है। भोग और संग्रह की इच्छा पाप कराने के सिवा और कुछ नहीं कराती। अतः इस इच्छा का त्याग कर देना चाहिए। अपने लिए भोग और संग्रह की इक्षा करने से मनुष्य पशुओं से भी नीचे गिर जाता है तथा इक्षा का त्याग करने से देवताओं से भी ऊंचे उठ जाता है।

# दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिजनों को एक लाख मुआवजा

**केतार।** सड़क दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर एक लाख रुपये मुआवजा राहत के रूप में देने का प्रावधान है।

इसकी जानकारी देते हुए शनिवार को बीडीओ सह सीओ मुकेश मछुआ ने बताया कि इसका लाभ लेने के लिए सड़क दुर्घटना से संबंधित पीड़ित परिवार को अंचल अधिकारी के नाम से आवेदन देना होगा। आवेदन के साथ में मृतक का पोस्टमार्टम रिपोर्ट, मृत्यु प्रमाण पत्र,आश्रित परिवार का खाता, आधार संलग्न कर अंचल कार्यालय में एक सप्ताह के अंदर जमा करें ताकि मुआवजा के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा सके और मुआवजा का लाभ अविलंब दिलाया जा सके।

## एक नजर इधर भी

# दुनिया के दिग्गज नेताओं का भारत आगमन-अतिथि देवो भवः

***वैश्विक*** स्तर पर तेजी से उभरकर चांद पर पहुंचकर अब सूर्य तक पहुंचाने के लिए कदम बढ़ा चुके दुनियां के महाशक्ति तारे बनने की ओर कदम बढ़ा चुके भारत द्वारा जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। इस समिट में हिस्सा लेने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन 8 सितंबर 2023 को शाम दिल्ली पहुंचे। बाइडन से पहले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अल्बनीज, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति, इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत पहुंची थीं। बांग्लादेश को भारत की ओर से बतौर अतिथि जी-20 में बुलाया गया है। जी20 समिट का का मुख्य कार्यक्रम दिल्ली के प्रगति मैदान में बनाये गये भारत मंडपम में होगा। इसके अलावा अन्य कुछ कार्यक्रम अलग-अलग स्थलों पर होंगे। शनिवार को सुबह 9:30 बजे सभी देशों और शिष्टमंडलों के नेता भारत मंडपम में पहुंचें हैं जिस तरह अनेकों महीनों से पूरे भारत में जी 20 की बैठकों की मेजबानी भारत ने की है, उससे विकसित और विकासशील देश बहुत खुश नजर आये। शायद यही कारण है कि ब्रिटेन फ्रांस ऑस्ट्रेलिया सहित भारत का करीबी दोस्त सहित रणनीतिक साझेदार अमेरिका से 8 सितंबर 2023 को दोनों रणनीतिक साझेदार करीबी से द्विपक्षीय वार्ता कर अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा जी20 के सफल नेतृत्व के लिए भारत की सराहना की है, क्योंकि जिस तेजी से भारत अपनी क्षमताओं को वैश्विक पटेल पर रख रहा है और भारत अमेरिका रणनीतिक साझेदारी तेजी से अपनी मंजिल पर पहुंच रही है, नये-नये समझौते हो रहे हैं, पुराने समझौते तेजी से क्रियान्वयन हो रहे हैं, लगातार इससे संबंधित अधिकारी मंत्रियों की बैठकें हो रही है उससे यही लगता है कि आने वाले वर्षों में भारत अमेरिका का विश्वस्त साझेदारी और विश्वस्त दोस्त माने जायेंगे और दोनों ही सर्वाधिक पावरफुल महाशक्तियां मानी जायेगी। चूंकि दुनियां के टॉप मोस्ट दिग्गज नेताओं सहित अमेरिकी राष्ट्रपति 8 सितंबर 2023 को अपने पहले भारतीय दौरे पर आये हैं इसके लिए भारत भी पूर्ण रूप से अतिथि देवो भवः की थीम पर स्वागत किये है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत अमेरिका विभिन्न मुद्दों पर द्विपक्षीय बैठक पर दुनियां की नजरे, रणनीतिक साझेदार मिल बैठ इतिहास रचेंगे। साथियों बात अगर हम अमेरिकी राष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा की करें तो, दिल्ली में 9-10 सितंबर को जी 20 शिखर सम्मेलन शुरू हो गया है। भारत और अमेरिका ने 8 सितंबर 2023 को देर शाम संयुक्त बयान में बताया कि बाइडेन ने भारत की जी20 अध्यक्षता की सराहना की। मोदी और बाइडेन ने जी20 के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई और विश्वास जताया कि शिखर सम्मेलन के नतीजे साझा लक्ष्यों को आगे बढ़ायेंगे। दोनों नेताओं ने अपनी सरकारों से रणनीतिक साझेदारी को सभी आयामों में परिवर्तित करने का काम जारी रखने का आह्वान किया। दोनों देशों ने साझा बयान जारी कर बताया कि भारत की मेजबानी में 2024 में होने वाले क्वाड समूह की मीटिंग के लिए देश यूएस के प्रेसिडेंट बाइडेन का स्वागत करने को उत्सुक हैं। क्वाड की बैठक 2024 के शुरूआती महीने में होगी। इस ग्रुप में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया है। बाइडेन ने पीएम मोदी के साथ मीटिंग के दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की पैरवी की। उन्होंने इस दौरान चंद्रयान-3 और आदित्य एल-1 को लेकर भी बधाई दी। बाइडेन अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार भारत दौरे पर आये है। यहां वह जी20 भागीदार स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और जलवायु परिवर्तन से निपटने सहित वैश्विक मुद्दों से निपटने के लिए कई संयुक्त प्रयासों पर चर्चा करेंगे। बता दें इस सप्ताह भर में सम्मेलन में शामिल होने के लिए अमेरिका से अनेक विमानों से आए है।

■ **किशन भावनानी गोंदिया**

# 'महत्वपूर्ण खनिज व टिकाऊ भविष्य की ओर भारत की राह'

ज्यों-ज्यों नई दिल्ली में जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के आयोजन का समय निकट आ रहा है, स्वच्छ ऊर्जा का रुख करने में महत्वपूर्ण खनिजों की अहमियत के संबंध में आम सहमति बढ़ती जा रही है। गोवा में जी-20 ऊर्जा परिवर्तन मंत्रियों की बैठक के परिणाम दस्तावेज में 'ऐसे महत्वपूर्ण खनिजों और सामग्रियों की विश्वसनीय, जिम्मेदार और टिकाऊ आपूर्ति श्रृंखला बनाए रखने की आवश्यकता' पर ध्यान दिया गया है। जो खनिज उपयोग की दृष्टि से महत्वपूर्ण होते हैं और जिनका कोई व्यवहार्य विकल्प नहीं होता, लेकिन जो देश की आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण होते हैं, उन्हें प्रायः महत्वपूर्ण खनिजों के रूप में परिभाषित किया जाता है। कोबाल्ट, लिथियम, सिलिकॉन, ग्रेफाइट और दुर्लभ मृदा तत्व (आरईई) जैसे महत्वपूर्ण खनिजों का उपयोग सौर मॉड्यूल, पवन टर्बाइन और बैटरी जैसी स्वच्छ प्रौद्योगिकियों में किया जाता है। इन प्रौद्योगिकियों के उपयोग से 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म बिजली क्षमता और 2030 तक उत्सर्जन-तीव्रता को 2005 के स्तर से 45 प्रतिशत कम करने के भारत के संधारणीय या सतत लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिल सकती है। इसलिए ये खनिज आर्थिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं और इन्हें आधुनिक सभ्यता की बुनियाद करार दिया जा सकता है। स्वच्छ प्रौद्योगिकियों की बढ़ती मांग के कारण विभिन्न महत्वपूर्ण खनिजों के वैश्विक खनन में तेजी आई है। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) के सहयोग से मंत्रालय द्वारा संचालित एक अध्ययन के अनुसार, 2016 और 2022 के बीच लिथियम, आरईई और कोबाल्ट जैसे प्रमुख खनिजों के वार्षिक उत्पादन में क्रमशः 240 प्रतिशत, 134 प्रतिशत, और 67 प्रतिशत वृद्धि हुई। कोबाल्ट, तांबा और निकल जैसे खनिजों के मामले में, वर्तमान खनन उत्पादन पहले से ही वैश्विक भंडार के 2 प्रतिशत से अधिक है। हालांकि, महत्वपूर्ण खनिजों की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं जटिल हैं और व्यापार संबंधी सरोकारों, भू-राजनीतिक कारकों और प्राकृतिक आपदाओं जैसे अप्रत्याशित व्यवधानों के प्रति असुरक्षित हो सकती हैं। हमारी आयात निर्भरता कम करने, राष्ट्रीय सुरक्षा सुदृढ़ बनाने और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए घरेलू मूल्य श्रृंखला विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित बनाना महत्वपूर्ण है। आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार अन्वेषण, प्रसंस्करण, उपयोग और रीसाइक्लिंग पर ध्यान देने सहित घरेलू महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 में 2015, 2020, 2021 और हाल ही में 2023 में किये गये प्रमुख परिवर्तनों के माध्यम से समय-समय पर किये गये संशोधनों के जरिये नीतिगत सुधार लाये गये हैं। उत्पादन के घरेलू स्रोत बढ़ाने के लिए खनिजों के अन्वेषण में सहायता कर रहा है और निजी एजेंसियों को भी अन्वेषण गतिविधियों के लिए धन प्राप्त करने के लिए सूचीबद्ध किया जा रहा है। एमएमडीआर संशोधन अधिनियम, 2023 भी गहराई में पाये जाने वाले तथा महत्वपूर्ण खनिजों के लिए अन्वेषण लाइसेंस (ईएल) के प्रावधान 24 महत्वपूर्ण खनिजों से संबंधित रियायतों की विशेष रूप से नीलामी करने का उत्तरदायित्व लिया है। इस उपाय से राज्य सरकार की राजस्व प्राप्तियों में सुधार होगा, जिससे उनकी राजकोषीय स्थिति को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहन मिलेगा। घरेलू व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने के अलावा

**स्वच्छ प्रौद्योगिकियों की बढ़ती मांग के कारण विभिन्न महत्वपूर्ण खनिजों के वैश्विक खनन में तेजी आई है। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) के सहयोग से मंत्रालय द्वारा संचालित एक अध्ययन के अनुसार, 2016 व 2022 के बीच लिथियम, आरईई व कोबाल्ट जैसे प्रमुख खनिजों के वार्षिक उत्पादन में क्रमशः 240 प्रतिशत, 134 प्रतिशत, और 67 प्रतिशत वृद्धि हुई।**

**इन दिनों**



प्रल्हाद जोशी

खान मंत्रालय ने 2015 में नई नीलामी व्यवस्था आरंभ कर पारदर्शी और समयबद्ध प्रक्रिया के माध्यम से खदान विकास के लिए खनन पट्टे (एमएल) और समग्र लाइसेंस (सीएल) प्रदान किये। इसके अलावा, राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (एनएमईटी) महत्वपूर्ण को शामिल कर खनन की सुविधा देता है। इसने लिथियम सहित 6 खनिजों को 12 परमाणु खनिजों की सूची से हटा भी दिया है। सहकारी संघवाद के लिए एक मिसाल कायम करते हुए सरकार ने संबंधित राज्य सरकारों के लिए राजस्व प्राप्ति सुनिश्चित करते हुए बहुपक्षीय और द्विपक्षीय संबद्धताओं के माध्यम से सहयोगपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय प्रयास लचीली महत्वपूर्ण खनिज मूल्य श्रृंखला के निर्माण में मदद कर सकते हैं। लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में सामूहिक कार्रवाई महत्वपूर्ण है और सरकार महत्वपूर्ण खनिजों के संबंध में सक्रिय रूप से नई साझेदारियां और गठबंधन बना रही है जैसे -खनिज सुरक्षा साझेदारी (एमएसपी) में भारत का प्रवेश, ऑस्ट्रेलिया-भारत आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता (ईसीटीए) तथा खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड (केएबीआईएल)का चिली और अर्जेंटीना जैसे देशों में खनिज अधिग्रहण के अवसर तलाशने का प्रयास करना। जी-20 में हुई चर्चा के अनुरूप, महत्वपूर्ण खनिजों के संबंध में नवाचार, पर्यावरण, सामाजिक और शासन व्यवस्था (ईएसजी) और सकुर्लेरिटी को सम्मिलित करते हुए स्वैच्छिक उच्च-स्तरीय सिद्धांत भारत के महत्वपूर्ण खनिजों को भविष्य के लिए सुरक्षित करने के हमारे प्रयासों को और ज्यादा मजबूती प्रदान करेंगे। भारत की जी-20 की अध्यक्षता के तहत प्रधानमंत्री का 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का विजन साझा भविष्य के लिए उत्सर्जन में कमी और जलवायु परिवर्तन शमन से संबंधित हमारे साझा लक्ष्यों के महत्व को रेखांकित करता है। भारत की जी-20 की अध्यक्षता के दौरान किया गया आरंभिक कार्य महत्वपूर्ण खनिजों के संबंध में हमारे काम को मजबूती प्रदान करेगा, जिसकी बदौलत भारत नेतृत्वकारी भूमिका निभायेगा।

**लेखकः प्रल्हाद जोशी केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री**

# एक राष्ट्र-एक चुनाव पर बहस का कोई मतलब नहीं

***एक*** राष्ट्र-एक चुनाव फिलहाल 'शिगूफा' से कम नहीं। प्रश्न क्या 'एक राष्ट्र एक चुनाव नीति' को लागू करना जरूरी है, उससे पहले यह यक्ष प्रश्न उत्पन्न होता है कि क्या सरकार वास्तव में इस संबंध में गंभीर है? यदि वास्तव में कोई संशोधन बिल लाना ही चाहती होती तो, सरकार उक्त उद्देश्य को इस विशेष सत्र बुलाने की घोषणा में समावेश कर लेती। जैसा कि पूर्व में जब-जब विशेष सत्र बुलाये गये हैं, तो उनके उद्देश्य घोषित किये गये थे। तदनुसार संसद में उन विषयों पर कार्यवाही भी हुई। चूंकि वर्तमान में कोई उद्देश्य (एजेंडा) घोषित किये बिना बुलाये इस विशेष सत्र में सरकार इस संबंध में कोई विधेयक लायेगी, इसकी संभावना इसलिए भी नगण्य सी लगती है, जब सरकार ने इस संबंध में एक कमेटी बना ही दी है, तब उसकी रिपोर्ट/सिफारिश आने तक तो इंतजार करना ही होगा। यह रिपोर्ट 15 दिन के अंदर आ जाय, ऐसा संभव लगता नहीं है। क्योंकि इस कमेटी का कार्यकाल का समय निश्चित नहीं किया गया है। दूसरा संसदीय मंत्री का यह कथन कि कमेटी की रिपोर्ट आयेगी। फिर चर्चा होगी। परन्तु उन्होंने भी यह नहीं कहा कि इसी 'विशेष सत्र' में ही चर्चा होगी। इसलिए मीडिया या विपक्ष का इस संबंध में हंगामा खड़ा करना उचित नहीं है। वैसे भी यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर सरकार ने विस्तृत जनचर्चा कराई व मीडिया ने खूब सुर्खियां भी बटोरी। परन्तु आज वह 'कोड' संसद में किस कोने पर है? कहने की आवश्यकता नहीं है। 'हर शख्स बुद्धिमान है, जब तक वह बोलता नहीं', इस सिद्धांत के धुर विरोधी राहुल गांधी के इस संबंध में दिये गये बयान की बात कर लेते हैं। देश की विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस जो 'इंडिया' को लीड करती हुई दिख रही है, के सर्वोच्च प्रभावशाली नेता राहुल गांधी का यह कथन की 'वन नेशन वन इलेक्शन' 'संघवाद पर चोट है' न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि यह उनकी समझ पर भी 'प्रश्न वाचक चिह्न' लगाता है, जैसा की उनकी भारत यात्रा के पूर्व कई अवसरों पर लगाया जाता रहा है। प्रश्न यह है कि क्या केंद्रीय सरकार 'वन नेशन वन इलेक्शन' के द्वारा कोई नई चीज ला रही है, नई बात कह रही है? बिल्कुल भी नहीं। राहुल गांधी आलोचना में कभी इतने अंधे हो जाते हैं कि जब वे इस

**तदनुसार संसद में उन विषयों पर कार्यवाही भी हुई। चूंकि वर्तमान में कोई उद्देश्य (एजेंडा) घोषित किये बिना बुलाये इस विशेष सत्र में सरकार इस संबंध में कोई विधेयक लायेगी, इसकी संभावना इसलिए भी नगण्य सी लगती है, जब सरकार ने इस संबंध में एक कमेटी बना ही दी है, तब उसकी रिपोर्ट/ सिफारिश आने तक तो इंतजार करना ही होगा।**

मुद्दे पर आलोचना करते हुए यह कह जाते हैं की यह 'संघवाद पर आघात' है, तो वे यह भूल जाते हैं कि वर्ष 1952 से लेकर 1967 तक हुए चुनाव 'वन नेशन वन इलेक्शन' के तहत ही हुए थे। तब समस्त समय कांग्रेस की सरकार ही थी। क्या तब भी वह संघवाद पर आघात था? 'हंसुआ के ब्याह में खुरपी के गीत गाने वाले' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विरोध करते हुए कहा कि मोदी सरकार चाहती है कि लोकतांत्रिक भारत धीरे-धीरे तानाशाही में तब्दील हो जाय। एक राष्ट्र, एक चुनाव पर समिति बनाने की ये नौटंकी भारत के संघीय ढांचे को खत्म करने का एक हथकंडा है। 'हमारे घर आओगे क्या लाओगे, तुम्हारे घर आयेंगे क्या खिलाओगे' के आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश के लिए क्या जरूरी है, वन नेशन वन इलेक्शन या वन नेशन वन एजुकेशन (अमीर हो या गरीब, सबको एक जैसी अच्छी शिक्षा), वन नेशन वन इलाज (अमीर हो या गरीब, सबको एक जैसा अच्छा इलाज), आम आदमी को वन नेशन वन इलेक्शन से क्या मिलेगा। यह कोई नई नीति नहीं, पूर्व प्रचलित प्रणाली ही है। मैं पहले ही कह चुका हूं कि 'वन नेशन वन इलेक्शन' कोई 'नया सिद्धांत' 'नीति' या 'प्रणाली' नहीं है। बल्कि वर्ष 1952 से लेकर वर्ष 1967 तक वर्तमान (समय-समय पर संशोधन) जनप्रतिनिधित्व कानून के अंतर्गत ही इस देश में इसी नीति के तहत सफलतापूर्वक चुनाव होते रहे हैं। इसलिए इस नीति के 'गुण' (मेरिट) पर न तो कोई आपत्ति की जा सकती है और नहीं कोई विवाद हो सकता है। इस नीति को पुनः धरातल पर उतारने से न केवल समय की बचत होगी, बल्कि भारी धन अपव्यय होने से भी बचेगा। क्योंकि जब स्थानीय निकायों से लेकर विधानसभा, लोकसभा के चुनाव होते हैं, तब दो-ढाई महीने पूर्व से चुनाव की तारीख की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू कर दी जाती है और सरकार को नीतिगत निर्णय लेने से चुनाव आयोग द्वारा रोक दिया जाता है। वैसे समय-समय पर विभिन्न राजनेता गण इसकी वकालत करते रहे हैं। चुनाव आयोग ने वर्ष 82-83 में एक साथ चुनाव कराने के संबंध में सुझाव दिये थे।

■ **राजीव खंडेलवाल**

## है न विचित्र बात !

# मदर इंडिया का महान फिल्मकार महबूब खान

***भारतीय*** सिनेमा (बॉलीवुड) को देश और विदेश में एक सम्मानित पहचान दिलाने में कई महत्वपूर्ण फिल्मकारों ने अपना योगदान दिया है। सिनेमा के शुरूआती दिनों में जब इसे बेहद हिकारत की नजर से देखा जाता था तब कई पढ़े-लिखे और विदेश से लौटे फिल्मकारों जैसे हिमांशु रॉय आदि तथा कुछ ऐसे भारतीय लोग जो कभी किसी स्कूल में नहीं गए ने फिल्मों का ऐसा स्कूल तैयार किया जिससे कोई पढ़ा-लिखा व्यक्ति भी बहुत कुछ सीख सकता है। भारतीय जनमानस की सच्ची तस्वीर प्रस्तुत करने वाले इन फिल्मकारों ने तथाकथित फॉर्मूलों फिल्मों से बिल्कुल अलग भारतीय संस्कृति की विविधता में निहित एकता, किसानों और मजदूरों के श्रम और मानवता के संदेश को बहुत व्यापक और भव्य रूप में पर्दे पर अंकित किया। इस कड़ी में अनेक नाम हैं लेकिन व्ही. शांताराम, के.आसिफ और महबूब खान के नाम तुरंत ही याद आते हैं। इन्होंने अपने जुनून से भारतीय सिनेमा को देश में तो लोकप्रिय बनाया ही बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी विशेष छाप छोड़ी। महबूब खान का जन्म गुजरात के बड़ौदा जिले के बिलिमोरा स्थित गांव सरार में नौ सितंबर, 1907 को हुआ था। सामान्य मुस्लिम परिवार में जन्मे महबूब खान के कई भाई बहन थे, जिस कारण उनकी पढ़ाई-लिखाई और परवरिश ठीक प्रकार से नहीं हो पाई। पिता इकलौते कमाने वाले थे और सिपाही थे। उन्हीं के गांव के एक परिचित रेलवे में गार्ड थे। सिनेमा देखने की चाहत और उसमें काम करने की ललक के चलते 16 वर्ष की उम्र में ही महबूब खान भागकर बंबई (मुंबई) पहुंच गये। वह गार्ड सज्जन इंपीरियल स्टूडियो के मालिक आर्देशिर ईरानी को जानते थे तो उन्होंने किसी तरह उनसे उन्हें मिलवाया। लेकिन आर्देशिर ईरानी ने पहली मुलाकात में ही उन्हें कह दिया कि घर लौट जाओ और गांव में रहकर अपने मां-बाप की सेवा करो और खेती करो। मन मार कर महबूब खान वापस अपने गांव लौट आये। पिता ने उनकी शादी कर दी। मगर महबूब खान का बंबई जाने का सपना नहीं तोड़ पाये। दो साल बाद यानी 18 साल की उम्र में जेब में तीन रुपये डालकर वह दोबारा बंबई पहुंच गये और फिर से इंपीरियल फिल्म कंपनी जाकर आर्देशिर ईरानी से मिले। उनकी लगन और धार्मिक प्रवृत्ति देखकर वह प्रभावित हुए और उन्होंने 30 रुपये के मासिक वेतन पर एक एक्स्ट्रा के रूप में उन्हें अपनी कंपनी में रख लिया। उनकी पहली फिल्म थी अलीबाबा चालीस चोर। इसी दौरान उन्होंने एक फिल्म की कहानी लिखी और उसे सिनेमाटोग्राफर फरदून ईरानी की मदद से सागर मूवीटोन के मालिक डॉ. अंबालाल पटेल और चिमनलाल देसाई को सुनना चाहा। 71 बार यह कहानी सुनाने की असफल कोशिश के बाद 72 वें प्रयास में वे किसी तरह सफल हुए और उन्हें जजमेंट ऑफ अल्लाह नामक इस फिल्म का निर्देशन करने का अवसर भी मिल गया। फिल्म सफल रही और उनके जीवन की दिशा ही बदल गई। तभी द्वितीय विश्व युद्ध के कारण सागर मूवीटोन बंद हो गई तब महबूब खान ने इसकी पूरी यूनिट को साथ लेकर नेशनल स्टूडियो बनाया। इस बैनर तले उन्होंने तीन यादगार फिल्में औरत, बहन और रोटी का निर्माण-निर्देशन किया। सन 1943 में उन्होंने स्वयं की कंपनी महबूब खान प्रोडक्शन की स्थापना की और इसके तहत उन्होंने- नजमा, तकदीर, हुमायूं ,अनमोल घड़ी, ऐलान, अनोखी अदा, अंदाज, आन और अमर जैसी बेहतरीन फिल्मों का निर्माण किया। मदर इंडिया उनकी 19वीं फिल्म थी और 1940 में बनाई उनकी ही फिल्म औरत का रिमेक थी। मदर इंडिया एक तरीके से पूरे भारत विशेषकर ग्रामीण भारत और उसमें मां की संघर्षशील भूमिका को बहुत ही सच्चाई के साथ प्रस्तुत करती है।

■ **अजय कुमार शर्मा**

# स्वाधीनता संग्राम का बीज मंत्र-'भारत' माता की जय

***देश*** के नाम को लेकर अच्छी खासी बहस चल पड़ी है। भारत अति प्राचीन नाम है। इस नामकरण के पीछे अनेक कथाएं भी चलती हैं। संविधान सभा में 18 सितंबर, 1949 के दिन बहस हुई थी। हरिविष्णु कामथ ने भारत, हिन्दुस्तान, हिन्द भरत भूमि और भारतवर्ष आदि नाम का सुझाव देते हुए दुष्यंत पुत्र भरत की कथा से भारत का उल्लेख किया। मद्रास के केएस सुब्बाराव ने भारत को प्राचीन नाम बताया और कहा कि, 'भारत नाम ऋग्वेद में भी है।' कमलापति त्रिपाठी ने भी भारत के पक्ष में वैदिक और पौराणिक तर्क दिए। स्वाधीनता संग्राम के समय 'भारत माता की जय' पूरे देश का बीज मंत्र बना था। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' में चीनी यात्री ईतिसिंग द्वारा देश को भारत कहे जाने का उल्लेख किया है। भारत दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। राजनैतिक दृष्टि से भारत एक राष्ट्र राज्य है। लेकिन सांस्कृतिक अनुभूति में यह भारत माता है। भारत एक सांस्कृतिक प्रवाह है। एक सतत प्रवाहमान कविता। विश्व कल्याण में तत्पर एक संपूर्ण जीवन दृष्टि। भारत एक विशेष प्रकार की एकात्म प्रकृति है। हजारों वर्ष पुराने इतिहास में भारत ने कभी भी दूसरे देश पर आक्रमण नहीं किया। भारत का अर्थ ही प्रकाश सलंग्नता है। भा का अर्थ प्रकाश और रत का अर्थ सलंग्नता। भारत परम व्योम से धरती में प्रवाहित एक गुनगुनाने योग्य कविता- ऋचा है। ऋग्वेद के प्रतिष्ठित ऋषि विश्वामित्र गायत्री मंत्र के नाम से चर्चित **'तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात**' के द्रष्टा रचयिता हैं। ऋग्वेद में उनके बारे में कहा गया है, 'विश्वामित्र के देखे रचे मंत्र सूक्त भारत के जनों की रक्षा करते हैं- विश्वामित्रस्य रक्षति ब्रह्मदं भारतं जनं।' ऋग्वेद वाले विश्वामित्र मंत्र द्रष्टा हैं। राम कथा वाले विश्वामित्र राक्षसों का वध कराने वाले हैं। शकुंतला विश्वामित्र की पुत्री थीं। शकुंतला और दुष्यंत के प्रेम से इतिहास प्रसिद्ध भरत का जन्म हुआ। महाभारत (शान्ति पर्व 2.96) के अनुसार इन्हीं भरत के नाम पर इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा। संजय ने धृतराष्ट्र को बताया, 'अत्र ते वर्णयिष्यामि वर्षं भारत भारत - आपको भारतवर्ष का वर्णन सुनाता हूं। आगे बताया गया कि यह देश इन्द्र, वैवस्वतमनु, ययाति, अम्ब्रीश, मुचकुन्द, शिवि आदि सबको प्रिय रहा है। (भीष्म पर्व नवां अध्याय) ऋग्वेद के रचनाकाल में आर्य जनों और गणों में विभाजित थे। ऋग्वेद में भरत जन हैं। भरतों की विशिष्ट इतिहास परम्परा है। यज्ञ की अग्नि से उनका संपर्क था। भारत कहने से अग्नि का ध्यान होता था। भारत अग्नि का विशेषण बन गया था - त्वं नो असि भारता अग्ने। (2.7.5) भरत और भारत ऋग्वेद में हैं। वैदिक मंत्रों की रचना और गायन के कारण ऋषियों की वाणी को भारती कहा गया। मंत्रों का गायन सरस्वती के तट पर होता था। अग्नि की स्थापना इन्हीं ऋषियों ने की थी। एक मंत्र (3.28) के रचनाकार देवश्रवा और देववात भारत हैं। कहते हैं कि, 'भरत के पुत्र देवश्रवा और देववात भारत ने अग्नि को मंथन द्वारा उत्पन्न किया है। इस मंत्र में ऋषि नाम के साथ भारत जुड़ा हुआ है।' वैदिक इंडेक्स में मैकडनल और कीथ ने ऋग्वेद के उद्धरण देकर भरतों का उल्लेख किया है। संभवतः दुष्यंत पुत्र भरत के कारण ही देश का नाम भारत हुआ। भरतजनों का सजग इतिहासबोध भी भारत नाम पड़ने का कारक हो सकता है। ऋषभ देव की परम्परा में भी भरत हैं। कुछ विद्वान उन्हें भी भारत के नामकरण से जोड़ते हैं। जो भी हो भारत अतिप्राचीन संज्ञा है, इस देश का नाम है। पुराणों में भी भारत नाम की प्रतिष्ठा है। विष्णु पुराण के ऋषि कहते हैं कि, 'समुद्र के उत्तर में और हिमालय के दक्षिण में जो देश है उसे भारत कहते हैं तथा उसकी संतानों (नागरिकों) को भारती कहते हैं - 'उत्तरं यत समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम। वर्षं तद् भारतं नाम भारती यत्र सन्ततिः।' गीता में अनेक प्रसंगों में श्रीकृष्ण अर्जुन को भारत कहते हैं। भारतवासी होना सौभाग्य का विषय है। दुनिया की सभी प्राचीन सभ्यताओं में देवता हैं। उन्हें दिव्य जाना गया है। उनकी उपासना होती है। वे भारत भूमि में जन्म लेने की इच्छा व्यक्त करते हैं। एक सुन्दर श्लोक में कहा गया है, 'देवतागण भारत देश के उत्कर्ष का गान करते हुए यहां पर स्वयं जन्म लेने की इच्छा प्रकट करते हैं - गायन्ति देवाः किल गीतिकानि धन्यास्तु ते भारतभूमिभागे। स्वर्गापवर्गास्पदहेतुभूत भवन्ति भूयः पुरुषाः सुरत्वात।' भारत निवासी घर परिवार के सभी अनुष्ठानों में संकल्प मंत्र का पाठ करते हैं। संकल्प मंत्र में 'जम्बूद्वीपे भारतखण्डे' शब्द का प्रयोग हुआ है। राष्ट्रगीत वन्दे मातरम भारत भक्ति का ही गीत है। इसी तरह राष्ट्रगान भी। कुछ विद्वान नाम को महत्वपूर्ण नहीं मानते। अपनी बात के समर्थन में शेक्सपियर का उल्लेख करते हैं कि 'नाम में क्या रखा है?' नाटक की नायिका जूलिएट ने प्रेमी रोमियो से कहा था कि, 'तुम अपना कुल नाम लिखते हो। यह निरर्थक है। तुम रोमियो हो। मैं तुमसे प्रेम करती हूं। गुलाब को गुलाब कहा जाय या किसी और नाम से पुकारा जाय। नाम से कोई फर्क नहीं पड़ता।' लेकिन यह बात सही नहीं है। तुलसीदास ने नाम की महिमा बताई है। रामचरितमानस बालकाण्ड में तुलसीदास ने श्रीराम सहित सभी देवताओं को नमस्कार किया है। आखिर में कहा है कि मैं श्रीराम के नाम को नमस्कार करता हूं। यह नाम महामंत्र है। कहते हैं, 'कोई विशेष रूप भी बिना नाम के नहीं पहचाना जा सकता। रूप के बिना नाम का स्मरण करने से विशेष प्रेम के साथ वह हृदय में बैठ जाता है।' एक सुन्दर चैपाई में कहते हैं, 'नाम रूप गति अकथ कहानी/ समझत सुखद न परहि बखानी।' भारत नाम वैसा ही है। भारत का एक भूगोल है, रूप है। इस रूप में पवित्र नदियों का प्रवाह है। आकाश छूने को व्याकुल पहाड़ हैं। दिव्य और भव्य मंदिर हैं। हजारों वर्षों में फैला इतिहास है। अद्वैत दर्शन का जन्म यहीं हुआ। पूर्व मीमांसा, न्याय व वैशेषिकदर्शन का विकास यहीं हुआ और लोकायत का भी। यहां विश्ववरेण्य संस्कृति है। अनेक भाषाएं हैं। अनेक बोलियां हैं। दुनिया की सबसे अनुशासित और रसपूर्ण भाषा संस्कृत का विकास यहीं हुआ। यहां के लोगों का मन भारत की आत्मीयता में रमता है। भारत तमाम संभावनाओं से भरा पूरा एक बीज है। सभी बीजों में पौध होने, पौध में पत्तियां उगने, पत्तियों में फूल खिलने और फूलों से बीज बनने की अनंत संभावनाएं होती हैं। भारतीय इतिहास में श्रेय और प्रेय की प्राप्ति के अनुकरणीय उदाहरण हैं। ऐसे राष्ट्र देवता और उसके नाम को स्मरण रखना हम सबका कर्तव्य है।

**मद्रास के केएस सुब्बाराव ने भारत को प्राचीन नाम बताया और कहा कि, 'भारत नाम ऋग्वेद में भी है।' कमलापति त्रिपाठी ने भी भारत के पक्ष में वैदिक और पौराणिक तर्क दिए। स्वाधीनता संग्राम के समय 'भारत माता की जय' पूरे देश का बीज मंत्र बना था। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' में चीनी यात्री ईतिसिंग द्वारा देश को भारत कहे जाने का उल्लेख किया है। भारत दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। राजनैतिक दृष्टि से भारत एक राष्ट्र राज्य है। लेकिन सांस्कृतिक अनुभूति में यह भारत माता है। भारत एक सांस्कृतिक प्रवाह है।**

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

■ **हृदयनारायण दीक्षित**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।**

NEWS इन ब्रीफ

## राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह के खिलाफ परिवाद दाखिल

**पटना।** सनातन धर्म को लेकर राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के खिलाफ बिहार के नालंदा में बिहारशरीफ व्यवहार न्यायालय में परिवाद दाखिल किया गया है। यह परिवाद लहेरी थाना क्षेत्र के मथुरिया मोहल्ला निवासी सामाजिक कार्यकर्ता वीरेश पांडेय ने दाखिल किया है।
वीरेश पांडेय ने टीका-चंदन लगाने वालों के संबंध में जगदानंद सिंह की ओर से दिये गए बयान पर आपत्ति जताते हुए शनिवार को परिवाद दाखिल किया। उन्होंने कहा है गुरुवार की रात टीवी पर समाचार देख रहे थे। उसी दौरान जगदानंद सिंह का बयान देखा। जिसके बाद उन्होंने व्यवहार न्यायालय में उनके खिलाफ परिवाद दाखिल कर दिया है।
उन्होंने कहा कि जगदानंद सिंह ने कहा है कि टीका लगाने वालों ने देश को गुलाम बना दिया। इससे वे काफी आहत हुए। उनकी मानसिक स्थिति खराब हो गई है। इस बयान से समाज के एक वर्ग के लोगों के प्रति नफरत की भावना बढ़ेगी। देश और समाज में अराजकता का माहौल बन जाएगा

## यात्री बस डिवाइडर पर चढ़ी, छह यात्री घायल दो गंभीर

**रायपुर/कोरबा।** कोरबा से राजधानी रायपुर आ रही एक यात्री बस पंतोरा थाना अंतर्गत हादसे का शिकार हो गई है। कनकी-पंतोरा मार्ग पर तेज रफ्तार बस अनियंत्रित मुख्य सड़क को छोड़कर डिवाइडर को तोड़ते हुए एक चक्का उसके उपर जा चढ़ी। हादसे में लगभग छह यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से दो को गंभीर चोट आई है।
दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे की शिकार हुई बस राधे-कृष्ण कंपनी की है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार घटना शनिवार सुबह लगभग 4:00 बजे की है। यात्री बस पर लगभग 20 लोग सवार थे, जिसमें से सभी यात्री कोरबा बस स्टैंड से बस में सवार हुए थे। बस की रफ्तार काफी तेज थी। जिसके चलते बस अनियंत्रित हो गई और चालक सड़क के बीच बने डिवाइडर को तोड़ते हुए ऊपर चढ़ गई। हादसे के बाद आसपास के लोग ने पुलिस को सूचित किया।

## कार और ट्रक की भिड़ंत, मां-बेटे और चार साल के बच्चे की मौत

**शिवपुरी।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में बड़ा हादसा हो गया है। यहां एक तेज रफ्तार कार और ट्रक की आमने सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य बच्चे समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। घायलों को ईलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। हादसे का शिकार लोग एक ही परिवार के है और राजस्थान के सिमरानिया किसी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। जानकारी अनुसार ग्वालियर का एक परिवार कार से राजस्थान के सिमरानिया के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। कार में दो बच्चों समेत कुल छह लोग सवार थे। इस दौरान शनिवार दोपहर करीब एक बजे सतनवाड़ा थाना क्षेत्र के खूबत घाटी के पास एक तेज ट्रक की कार से आमने सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जिसमें चार साल का मासूम और मां बेटे शामिल हैं। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**देवरिया।** सदर कोतवाली क्षेत्र में किसी कारणवश युवक ने घर में पंखे में रस्सी के सहारे फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली । पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।
सदर कोतवाली क्षेत्र के राम गुलाम टोला के रहने वाले शुभम पुत्र विजय शर्मा की मां सुमन देवी अपने मायके गई थी ।

# अच्छी बारिश हो रही, उत्पादन भी अच्छा होने की उम्मीद : भूपेश

**एजेंसी। रायपुर**

मुख्यमंत्री भूपेश ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से गोधन न्याय योजना के अंतर्गत ऑनलाइन राशि वितरण कार्यक्रम में हितग्राहियों के बैंक खातों में 23 करोड़ 93 लाख रुपये अंतरित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल बारिश अच्छी हो रही है और उत्पादन भी अच्छा होने की उम्मीद है। हमारी सरकार हर साल धान खरीद का रिकॉर्ड बनाया है। इस साल हमें आशा है कि 125 लाख मीट्रिक धान खरीद की जाएगी।
मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस बार भी छत्तीसगढ़ से चावल खरीद का कोटा घटा दिया है, हमारे बारदाने का कोटा भी कम कर दिया है। मैंने इस संबंध में केंद्र सरकार को पत्र लिखकर आग्रह किया है। मुख्यमंत्री भूपेश ने कहा कि गौठानों में चार रुपये लीटर की दर से गौमूत्र खरीदकर महिला स्व-सहायता




समूह की महिलाएं इससे ब्रह्मास्त्र और जीवामृत तैयार कर रही है, जिसे किसानों को रियायती दरों पर उपलब्ध कराया जा रहा है। किसान अब महंगे पेस्टीसाइट के बदले जैविक कीटनाशक ब्रह्मास्त्र और जीवामृत का उपयोग करने लगे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम में बटन दबाकर गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों के खाते में 23 करोड़ 93 लाख रुपये ऑनलाईन राशि अंतरित की। जिसमें गोबर विक्रेताओं को 5.36 करोड़ रुपये , गौठान समितियों को 1.63 करोड़ रुपये एवं स्व-सहायता समूहों की 1.14 करोड़ रुपये की लाभांश राशि के साथ ही स्व-सहायता समूहों को 12.32 करोड़ रुपये तथा सहकारी समितियों को 1.23 करोड़ रुपये की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि और स्वावलंबी गौठान समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्यों को 2.25 करोड़ रुपये की मानदेय राशि शामिल है। शनिवार को गोधन न्याय योजना के तहत हितग्राहियों को 29 करोड़ 93 लाख रुपये के भुगतान के बाद अब तक कुल 581.24 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।उल्लेखनीय है कि गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीद के मामले में स्वावलंबी गौठान समितियों की भागीदारी लगातार बढ़ती जा रही है। राज्य में निर्मित एवं संचालित 10288 गौठानों में से 6252 गौठान स्वावलंबी हो चुके हैं, जो स्वयं की राशि से गोबर विक्रेताओं से गोबर क्रय कर रहे है। स्वावलंबी गौठानों ने अब तक 76 करोड़ 42 लाख का गोबर स्वयं की राशि से क्रय किया है। इस अवसर पर कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह, प्रबंध संचालक गोधन न्याय मिशन डॉ. अय्याज फकीर भाई तंबोली, राज्य नोडल अधिकारी रीपा गौरव सिंह, संचालक कृषि एवं पशुधन चंदन त्रिपाठी, उप सचिव तूलिका प्रजापति, नोडल अधिकारी पद्मिनी भोई साहू उपस्थित थे।

## प्रतिबंधित पीएफआई के राज्य सचिव रियाज मारूफ चकिया से गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के राज्य सचिव रियाज मारूफ को शनिवार को चकिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है।रियाज की गिरफ्तारी मोतिहारी पुलिस की बड़ी कामयाबी मानी जा रही है,क्योंकि बिहार एटीएस और एनआईए इसे लंबे समय से तलाश रही थी। जानकारी के अनुसार चकिया नगर परिषद के वार्ड 13 के कुअंवा गांव निवासी रियाज मारूफ शनिवार की सुबह मछली खरीदने बाजार पहुंचा था। इसी दौरान चकिया पुलिस ने चकिया के सुभाष चौक के समीप गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तारी के बाद उसे गुप्त स्थान पर रख कर पूछताछ कर रही है। मोतिहारी पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी की सूचना एनआईए और एटीएस को दे दी है। जिनके सत्यापन के बाद अग्रेतर कारवाई की जायेगी। मोतिहारी एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि रियाज मारूफ की गिरफ्तारी की सूचना बिहार एटीएस और एनआईए को दी गयी है।

### प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति मामला

# कलकत्ता हाईकोर्ट ने दिया जांच का आदेश



**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार में कई चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। अब पता चला है कि प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए लिए गए इंटरव्यू की वीडियोग्राफी में भी फजीर्वाड़ा किया गया था। इसे लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश अभिजीत गांगुली ने जांच का आदेश दिया है। कोर्ट ने सभी को 2014 प्रारंभिक टेट में छह गलत प्रश्नों के लिए अतिरिक्त छह अंक देने का आदेश दिया था। साथ ही जज ने आदेश दिया था कि जो लोग संख्या में वृद्धि के परिणामस्वरूप पात्र होंगे उन्हें 2022 की भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए। लेकिन अमन्ना परवीन नाम की अभ्यर्थी ने शिकायत की कि टीईटी पास करने के बाद भी अंक बढ़ने के कारण बोर्ड उन्हें भर्ती प्रक्रिया में भाग नहीं लेने दे रहा है।
इस मामले की सुनवाई में बोर्ड ने कोर्ट को बताया कि इंटरव्यू और एप्टीट्यूड टेस्ट के आधार पर अभ्यर्थी को भर्ती प्रक्रिया से बाहर रखा गया है। इसके बाद जस्टिस गांगुली इंटरव्यू और एप्टीट्यूड टेस्ट की वीडियोग्राफी फुटेज जांचने को कहा लेकिन वह भी फर्जी निकला। इसके बाद कोर्ट ने वीडियो फुटेज की जांच का आदेश दिया है। आगामी 15 सितंबर को फुटेज कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# केके पाठक ने बीपीएससी को पत्र लिखकर कोर्ट में घसीटने की दी धमकी

**एजेंसी। पटना**

बिहार में शिक्षा विभाग और राजभवन में चली तकरार अभी थमी भी नहीं कि शिक्षा विभाग और बिहार लोक सेवा आयोग अब आमने-सामने आ गए हैं। बीपीएससी के पत्र के जवाब में शिक्षा विभाग के अपर सचिव केके पाठक ने भी एक और पत्र आयोग को लिखा है और कहा है कि इस विवाद को अधिक बढ़ावा नहीं दें वरना मामला न्यायालय तक पहुंच सकता है। इस मामले की शुरूआत तब हुई जब माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव ने बीपीएससी के सचिव को पत्र भेजकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों, कर्मियों और शिक्षकों को शिक्षक अभ्यर्थियों के प्रमाण




पत्र सत्यापन कार्य से अलग करने का आग्रह किया था। इस पत्र के जरिए कहा गया था यह प्रतिनियुक्ति किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है और न ही यह शिक्षा हित में है। इसके बाद आयोग के सचिव ने भी शिक्षा विभाग के सचिव को पत्र लिखकर संविधान के दायरे में रहने की हिदायत दी थी। बीपीएससी के पत्र के जवाब में शनिवार को शिक्षा विभाग की तरफ से पत्र जारी कर कहा गया है कि आयोग के तरफ से जो पत्र लिखा गया है उसके संदर्भ में यह कहना है कि बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक (नियुक्ति, स्थानान्तरण, अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवा शर्त) नियमावली में विहित प्रावधानों के विपरीत आयोग द्वारा की जा रही कार्रवाई से ध्यान भटकाव के लिए अनर्गल एवं अवांछित तथ्यों का उल्लेख किया गया है, जो न आवश्यक है और न ही उचित।आयोग अपनी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है एवं इसकी सूचना शिक्षा विभाग के तरफ से पहले ही दी जा चुकी है। आयोग की आंतरिक प्रक्रिया का निर्वहन वह स्वयं करे।

# गोसेवकों को सीएम योगी का उपहार, अब गोवंश के लिए प्रतिदिन 50 रुपये प्रति गोवंश मिलेंगे

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने निराश्रित गोवंश स्थलों तथा गोवंश की सेवा कर रहे सभी परिवारों को गोवंश के भरण-पोषण के लिए प्रतिदिन 50 रुपये प्रति गोवंश देने का निर्णय लिया है। वर्तमान में 30 रुपये प्रति गोवंश की दर से धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री ने 30 से बढ़कर 50 रुपये करने का आदेश देते हुए कहा कि इस संबंध में कोई भी बकाया अवशेष न रहे।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पशुओं में लंपी वायरस से बचाव के प्रबंधन की समीक्षा के दौरान कहा कि हाल के दिनों में गोवंश पर लंपी वायरस का



दुष्प्रभाव देखने को मिला है। इस संक्रमण के कारण कई राज्यों में व्यापक पशुधन हानि हुई है। प्रदेश में इसके प्रसार को रोकने के लिए हमें मिशन मोड में काम करना होगा। स्थिति सामान्य होने तक प्रदेश में पशुमेलों का आयोजन स्थगित रखा जाए। अंतरराज्यीय पशु परिवहन पर रोक लगाई जाए। पशुपालकों को संक्रमण के लक्षण और उपचार के बारे में पूरी जानकारी दी जाए। गोआश्रय स्थलों में अनावश्यक लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि लंपी वायरस से सुरक्षा के लिए पशु टीकाकरण का विशेष अभियान चलाया जाना जरूरी है। यह मच्छर इत्यादि से फैलने वाला वायरस है, ऐसे में ग्राम्य विकास, नगर विकास और पशुपालन विभाग परस्पर समन्वय से गांव व शहरों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए। किसी भी दशा में संक्रमण का प्रसार न हो।
मुख्यमंत्री ने कहा कि लंपी वायरस से संक्रमित गोवंश, स्वस्थ हुए गोवंश और गैर संक्रमित गोवंश के लिए पृथक-पृथक बाड़े की व्यवस्था की जाए। निराश्रित गोवंश स्थलों, कान्हा उपवनों के साथ-साथ आम पशुपालकों को भी इस बारे में जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि निराश्रित गोवंश संरक्षण की दिशा में सतत प्रयासों के संतोषप्रद परिणाम मिल रहे हैं। वर्तमान में 6889 निराश्रित गोवंश स्थलों में 11.89 लाख गोवंश संरक्षित हैं।

# मप्रः अतिथि शिक्षकों का मानदेय दोगुना, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में 435 नए पद होंगे सृजित

**एजेंसी। भोपाल**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में शनिवार को राज्य मंत्रि-परिषद की बैठक हुई, जिसमें कई अहम फैसलों पर मुहर लगाई गई। मंत्रि-परिषद ने जहां अतिथि शिक्षकों के मानदेय बढ़ाने के प्रस्ताव के साथ ही 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना' को मंजूरी दी है। यह योजना पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के जिम्मे होगी। जिन्हें पीएम आवास योजना में मकान नहीं मिल पाए, उन्हें इस योजना के तहत मकान दिए जाएंगे। दरअसल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पहले ही यह घोषणा कर दी थी कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ



से वंचित रह गए व्यक्तियों को आवास दिए जाएंगे। वहीं, बैठक में निर्णय लिया गया कि स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र क्षेत्र में 435 नए पद भरे जाएंगे। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रि-परिषद ने अतिथि शिक्षकों का मानदेय बढ़ाने का निर्णय लिया है। वर्ग एक को नौ हजार रुपये से बढ़ाकर 18 हजार रुपये, वर्ग दो को सात हजार से बढ़ाकर 14 हजार रुपये और वर्ग तीन को पांच हजार से बढ़ाकर 10 हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। इससे राज्य के साढ़े चार हजार अतिथि शिक्षकों को लाभ होगा।उन्होंने बताया कि मंत्रि-परिषद की बैठक में माब लिंचिंग पीड़ित प्रतिकर योजना 2023 को भी स्वीकृति दी गई। इसमें पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों की भीड़ द्वारा किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को धर्म, जाति, लिंग, जन्म स्थान, भाषा, खान-पान, राजनीतिक संबद्धता अथवा अन्य किसी आधार पर क्षति पहुंच जाती है तो आर्थिक सहायता दी जाएगी। जीवन हानि होने पर पीड़ित के आश्रित को न्यूनतम पांच लाख और अधिकतम 10 लाख रुपये प्रतिकार का भुगतान किया जाएगा। इसी तरह सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पीड़ित को अधिकतम 10 लाख, स्थाई निशक्तता होने पर पांच लाख की सहायता दी जाएगी।

# फ्लैट ठगी मामलाः अभिनेत्री रूपलेखा 13 सितंबर को नहीं जाएंगी ईडी दफ्तर

**एजेंसी। कोलकाता**

राज्य में बुजुर्ग नागरिकों को फ्लैट देने के नाम पर करोड़ों रुपये ठगने के मामले में अभिनेत्री रूपलेखा मित्र को केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आगामी बुधवार को सीजीओ कांप्लेक्स स्थित केंद्रीय एजेंसी के दफ्तर में हाजिर होने को कहा है। हालांकि शनिवार को रूपलेखा ने स्पष्ट कर दिया है कि वह उस दिन केंद्रीय एजेंसी के दफ्तर में नहीं जाएंगी। रूपलेखा ने कहा है कि केंद्रीय एजेंसी ने नोटिस जरूर भेजा है लेकिन उसमें कई सारे दस्तावेज भी मांगे हैं। दस्तावेजों को एकत्रित करने में वक्त लगेगा इसलिए मैंने उन्हें पत्र भेज कर



अतिरिक्त समय देने की मांग की है। इसी मामले में तृणमूल कांग्रेस की सांसद और अभिनेत्री नुसरत जहां को भी तलब किया गया है। उन्हें मंगलवार को बुलाया गया है जबकि रूपलेखा को बुधवार को।
दरअसल वर्ष 2013-14 के समय एक संस्था के जरिए 400 से अधिक बुजुर्ग नागरिकों से प्रति व्यक्ति 5.5 लाख रुपये की वसूली की गई थी। उनसे वादा किया गया था कि तीन सालों के भीतर उन्हें न्यू टाउन में हिडको के पास तीन बीएचके फ्लैट दिया जाएगा लेकिन दस साल से अधिक का वक्त गुजर जाने के बाद भी बुजुर्गों को ना रुपये मिले ना ही फ्लैट। उस कंपनी में नुसरत जहां, रूपलेखा और राकेश नाम का एक और शख्स निदेशक थे। इसी मामले में ईडी के पास शिकायत दर्ज कराई गई है जिसके बाद इन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

राजनीति

### उप्र विस चुनाव में कांग्रेस ने महिलाओं के लिए आरक्षण पर जोर दिया था

# लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी कर रही मंथन

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान अगर कोई एक मुद्दा जोकि लाउडस्पीकरों से गूंजा और अब पूरी तरह शांत हो गया है, तो वह महिला आरक्षण से जुड़ा है।
जब कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपना 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' अभियान शुरू किया और महिलाओं के लिए 40 प्रतिशत टिकटों की घोषणा की, तो उन्होंने अन्य राजनीतिक दलों को परेशान करने में कामयाबी हासिल की। समाजवादी पार्टी जैसी पार्टियों ने चुप्पी साधे रखी, लेकिन यह देखने के लिए स्थिति पर उत्सुकता से नजर रखी कि क्या महिलाओं के लिए कोटा इच्छित परिणाम देता है। यह मुद्दा बुरी तरह फ्लॉप हो गया और कांग्रेस ने अपना अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन किया। केवल एक महिला आराधना मिश्रा मोना विजेता बनी, जो एक अनुभवी राजनीतिज्ञ हैं। अधिकांश महिला उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई



और कांग्रेस तब से इस मुद्दे पर चुप है। अन्य पार्टियों ने राहत की सांस ली है। दिलचस्प बात यह है कि आज प्रियंका गांधी महिलाओं के लिए आरक्षण का कोई जिक्र नहीं करती हैं और पार्टी के रणनीतिकार भी इस मुद्दे को फिर से उठाने में कोई उत्सुकता नहीं दिखाते हैं।
यहां तक कि कांग्रेस के प्रचार अभियान की पोस्टर गर्ल प्रियंका मौर्य भी कांग्रेस को शर्मसार कर बीजेपी में शामिल हो गई हैं। वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक वाई के. मिश्रा बताते हैं, "कांग्रेस ने बिना किसी तैयारी के हवा में गोलियां चलाईं और गहरे पानी में कूद गईं। प्रियंका ने महिलाओं को चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं किया और उनकी उम्मीदवारों की पसंद बचकानी थी। उनमें से एक महिला ने घरेलू परेशानी का सामना किया था। महिलाओं को मीडिया में गौरव के संक्षिप्त क्षण मिले और वे राजनीतिक मुद्दों से पूरी तरह अपरिचित थी।
वाई के. मिश्रा ने आगे कहा कि यह कांग्रेस ही थी, जिसने मूल रूप से महिला आरक्षण विधेयक को आगे बढ़ाया था। लेकिन, यह प्रियंका का बचकाना दृष्टिकोण था, जिसने इस मुद्दे को हमेशा के लिए नष्ट कर दिया। कांग्रेस के किसी भी उम्मीदवार ने उस गंभीरता से राजनीति नहीं की है, जिसकी चुनाव के बाद जरूरत होती है। एक बिग बॉस शो में गया, जबकि दूसरा घरेलू लड़ाइयों में लौट आया है। हालांकि, इस मुद्दे पर कांग्रेस की नाकामी समाजवादी पार्टी (सपा) जैसी पार्टियों के लिए एक बड़ी राहत बनकर आई।
गौरतलब है कि सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया था कि महिला आरक्षण विधेयक से ग्रामीण महिलाओं को कोई फायदा नहीं होगा क्योंकि वे संपन्न वर्ग की महिलाओं की तुलना में उतनी आकर्षक नहीं हैं।
जब मार्च 2010 में विधेयक को मंजूरी के लिए राज्यसभा में पेश किया गया था, तो मुलायम सिंह यादव ने इसी तरह की टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि महिला आरक्षण विधेयक, यदि अपने वर्तमान स्वरूप में पारित हो गया, तो युवा पुरुषों को संसद में सीटी बजाने के लिए उकसाया जाएगा।
एक अन्य समाजवादी नेता शरद यादव ने भी इसी तरह की भावना व्यक्त की थी। उन्होंने कहा था कि केवल 'परकटी' महिलाओं (संपन्न परिवारों से संबंधित छोटे बाल रखने वाली महिलाएं) को लाभ होगा। दोनों नेताओं ने विधेयक का विरोध करने के लिए महिलाओं के बीच वर्ग भेद पैदा किया। दूसरी तरफ अखिलेश यादव नई पीढ़ी से हैं। वह महिला आरक्षण के मुद्दे पर भी संदिग्ध रूप से चुप रहे हैं। उनकी पत्नी डिंपल यादव मैनपुरी से सांसद हैं, लेकिन समाजवादी पार्टी महिलाओं को दलीय राजनीति में आगे बढ़ाने में विश्वास नहीं रखती है। पार्टी में सक्रिय महिलाओं की संख्या उंगलियों पर गिनी जा सकती है। पार्टी का रुख मुलायम सिंह जैसा ही है, हालांकि इस बारे में कोई नहीं बोलता। सपा ओबीसी जाति जनगणना पर जोर दे रही है लेकिन महिलाओं के लिए आरक्षण की बात नहीं करती है।

## जादवपुर विवि के पास गांजा के साथ पकड़े गए दो युवक

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने जादवपुर विश्वविद्यालय के पास गांजा के साथ दो युवकों को धर दबोचा है। इनकी पहचान 21 साल के तनिष्क पांडे और इसी उम्र के विवेक अग्रहरी के तौर पर हुई है। एसटीएफ के उपायुक्त आईपीएस हरि कृष्ण पाई ने शनिवार अपराह्न इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया है की पुख्ता सूचना के आधार पर इन्हें शुक्रवार रात पूर्व जादवपुर थाना अंतर्गत विश्वविद्यालय के पास से गिरफ्तार किया गया था। इनके पास से 851 ग्राम विदेशी गांजा बरामद किया गया है जिसे डार्क नेट के जरिए आर्डर किया गया था। इनमें से तनिष्क मूल रूप से कोलकाता के तिलजला थाना अंतर्गत पिकनिक गार्डन का रहने वाला है जबकि विवेक अग्रहरी कसबा थाना क्षेत्र के नस्करहाट का निवासी है। इन दोनों से पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि ये लोग गांजा को कहां से मंगाए थे और किस लिए ले जा रहे थे। दोनों छात्र हैं या नहीं इस बारे में फिलहाल पुलिस ने खुलासा नहीं किया है।

## NEWS इन ब्रीफ

### एशिया-प्रशांत एमेच्योर गोल्फ में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे रेहान थॉमस



**नई दिल्ली।** उभरते भारतीय गोल्फर रेहान थॉमस, जिन्होंने 2017 में लगातार 9 बर्डी के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की थी, अक्टूबर में मेलबर्न में होने वाली 2023 एशिया-पैसिफिक एमेच्योर चैंपियनशिप में भाग लेने का लक्ष्य बना रहे हैं। थॉमस 2018 में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में एक शौकिया गोल्फर के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार, एशिया-प्रशांत एमेच्योर चैम्पियनशिप (एएसी) जीतने के बेहद करीब पहुंच गए थे और अब वह खिताब के लिए प्रयास करने वापस आ गए हैं। थॉमस, जो इस साल दिसंबर में 24 साल के हो जाएंगे, 26-29 अक्टूबर तक द रॉयल मेलबर्न गोल्फ क्लब में एएसी के 2023 संस्करण के लिए सात सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। वह कार्तिक सिंह, शौर्य भट्टाचार्य, राघव चुघ, कृष्णव निखिल चोपड़ा, वेदांत सिरोही और युवराज सिंह वाले भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे।

### मुक्केबाज मनीष कौशिक, मंजू रानी फाइनल में



**नई दिल्ली।** 2019 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मंजू रानी और 2019 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मनीष कौशिक ने शुक्रवार को बोस्निया और हजेगोविना के साराजेवो में 21वें मुस्तफा हजरुलाहोविच मेमोरियल टूर्नामेंट में समान सर्वसम्मत जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया। मनीष (63 किग्रा) ने भारत के लिए दिन की शुरूआत अफगानिस्तान के मोहम्मद सरवारी के खिलाफ की। मनीष ने अपने अनुभव का इस्तेमाल किया और अपने प्रतिद्वंद्वी को 5-0 से मात देने के लिए तीन राउंड में अपना सर्वश्रेष्ठ आक्रमण किया। फाइनल में अब मनीष का मुकाबला फिलिस्तीन के मोहम्मद सउद से होगा।

### लखनऊ सुपर जायंट्स के सहायक कोच नियुक्त हुए श्रीधरन श्रीराम

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अगले सीजन से पहले भारत के पूर्व क्रिकेटर श्रीधरन श्रीराम को अपना सहायक कोच नियुक्त किया है। आईपीएल के पहले दो सीजन में प्लेऑफ में जगह बनाने के बावजूद, लखनऊ सुपर जायंट्स ने मुख्य कोच एंडी फ्लावर से नाता तोड़ लिया, जिन्हें बाद में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने अपने साथ जोड़ लिया। फ्लावर को बर्खास्त करने के बाद, लखनऊ सुपर जायंट्स ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज और मुख्य कोच जस्टिन लैंगर को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त किया। इसके बाद अब आईपीएल फ्रेंचाइजी ने श्रीधरन श्रीराम को अनुबंधित किया है।

एशिया कप-2023

# श्रीलंका ने बांग्लादेश को जीत के लिए 258 रनों का दिया टारगेट

**एजेंसी। कोलंबो**

श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच एशिया कप सुपर 4 का दूसरा मैच आज दोपहर कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जा रहा है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया है। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी कुसल मेंडिस और सदीरा समरविक्रमा के अर्धशतकों की बदौलत 9 विकेट के नुकसान पर बांग्लादेश को 258 रन का लक्ष्य दिया है। मेंडिस ने 73 गेंदों पर 6 चौकों और एक छक्के की मदद से 50 रन बनाए जबकि 72 गेंदों पर 8 चौकों और 2 छक्के की मदद से 93 रन बनाए। बांग्लादेश की तरफ से हसन महमूद ने 3 जबकि शोरगुल वाला इस्लाम तथा तस्कीन अहमद ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। शाकिब अल हसन ने कहा, 'हम पहले



फील्डिंग करेंगे, कोई खास वजह नहीं, आसपास थोड़ी बारिश हो सकती है। हमारे पास एक अतिरिक्त गेंदबाज है और हम पहले गेंदबाजी करेंगे। जीत की स्थिति जरूर है, लेकिन श्रीलंका के खिलाफ श्रीलंका में खेलना आसान नहीं है। आत्मसंतुष्टि के लिए कोई जगह नहीं है, यह पाकिस्तान से थोड़ा अलग है और हमें सामंजस्य बिठाना होगा। एक बदलाव, नसुम ने अफीफ हुसैन की जगह ली है। दासुन शनाका ने कहा, 'हम पहले बल्लेबाजी करेंगे, यह रोशनी के नीचे थोड़ा सीम और स्पिन करेगा। वनडे में नियमों का मतलब है कि कुल स्कोर का बचाव करना मुश्किल है, लेकिन हमारे पास पाथिरन और थीक्षाना जैसे क्लास गेंदबाज हैं, जिससे हमें अफगानिस्तान के खिलाफ लड़ने में मदद मिली।

# मेदवेदेव ने अल्काराज को हराया

### दानिल मेदवेदेव फाइनल मुकाबला जोकोविच से होगा

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**





दानिल मेदवेदेव ने यूएसटीए बिली जीन किंग में गत चैंपियन कार्लोस अलकराज को 7-6(3), 6-1, 3-6, 6-3 से हराकर अपने तीसरे यूएस ओपन फाइनल में प्रवेश किया। यूएस ओपन ने मेदवेदेव के हवाले से कहा, मैंने कहा था कि मुझे 10 में से 11 खेलने की जरूरत है। मैंने तीसरे सेट को छोड़कर, 10 में से 12 खेले। यही एकमात्र तरीका है (अल्काराज को हराने का)। वह बहुत युवा है, पहले से ही दो ग्रैंड स्लैम जीत चुका है, कई हफ्तों तक विश्व नंबर 1 रहा है, ईमानदारी से कहूं तो यह बहुत अविश्वसनीय है और मुझे लगता है कि उससे पहले किसी ने भी ऐसा नहीं किया है, इसलिए उसे हराने के लिए आपको यह करना होगा अपने आप से बेहतर बनो और मैं यह करने में कामयाब रहा। दो सुपरस्टारों के मैचअप में, जिनमें से प्रत्येक के पास अप्राकृतिक टेनिस प्रतिभाओं का अपना अनूठा सेट है, 2021 न्यूयॉर्क चैंपियन, मेदवेदेव ने अपने शानदार बेसलाइन खेल के ब्रांड के साथ अल्काराज के आक्रामक खेल को बेअसर करने के लिए अपनी गणना बिल्कुल सही की। तीसरे वरीय ने भी शानदार सर्विंग प्रदर्शन का सहारा लिया, जो दूसरे सेट में चरम पर था, जब उन्होंने लगातार तीन लव होल्ड हासिल किए। मेदवेदेव शुरूआत में टिके हुए थे, कई कठिन पकड़ से जूझ रहे थे और पहले सेट के केवल दो ब्रेक प्वाइंट बचाए क्योंकि अल्काराज ब्लॉक से बाहर चला गया। लेकिन स्थिति तब बदलनी शुरू हुई जब मेदवेदेव ने सेट के अंत में सर्विस पर लगातार 12 अंक जीते, जिसमें लव होल्ड की एक जोड़ी भी शामिल थी। तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने डबल फॉल्ट से उबरते हुए टाईब्रेक में चार-पॉइंट ब्लिट्ज में दो फोरहैंड विनर्स मारकर सेट को 3-3 कर दिया। मेदवेदेव ने सेट दो में तत्काल ब्रेक के साथ उस बढ़त को हासिल कर लिया, और उन्होंने सेट में सर्विस पर एक भी अंक नहीं खोया। सेट तीन में अपरिहार्य अल्काराज के खेल में उछाल आया, जिसे उन्होंने अपने इरादे का संकेत देने के लिए प्यार से शुरू किया। न्यूयॉर्क में हमेशा प्रशंसकों के पसंदीदा रहे अल्काराज को ऐश का और भी अधिक समर्थन मिला क्योंकि उसने वापसी की कोशिश शुरू कर दी थी। मैच का पहला ब्रेक हासिल करने के बाद स्पैनियार्ड पूरे जोश में था और 3-1 से आगे था, उसकी बैलेस्टिक गतिविधियों ने उसे दुबले-पतले मेदवेदेव की रक्षा के माध्यम से शक्ति प्रदान की।

झारखंड की बेटियों ने लहराया परचम

# थाईलैंड ओपन कराटे चैंपियनशिप में काजल कुजूर ने जीता कांस्य पदक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

थाईलैंड बैंकॉक में चल रहे थाईलैंड ओपन कराटे चैंपियनशिप में भारतीय कराटे टीम में शामिल झारखंड की दोनों खिलाड़ियों ने अपना उम्दा प्रदर्शन कर देश का परचम लहराया है एलिसन रूपल खाखा के कांस्य पदक जीतने के बाद काजल कुजूर ने भी अपना शानदार प्रदर्शन का कांस्य पदक जीतकर देश का परचम लहराया।

14 वर्ष से कम आयु वर्ग के 52 किलो से कम वजन वर्ग के फाइट में काजल कुजूर ने अपने स्पर्धा में 2 देश फिलीपींस और थाईलैंड के प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को हराकर सेमीफाइनल राउंड में प्रवेश कर कांस्य पदक जीतकर देश के नाम किया

भारतीय कराटे टीम के कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने काजल कुजुर को बधाई देते हुए कहा कि प्रतिभा की कमी नहीं है झारखंड के खिलाड़ियों में बस जरूरत है उसे निखारने की। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में जिस प्रकार से



झारखंड की लड़कियों ने अपना प्रदर्शन किया है इनके इस प्रदर्शन से पूरा राज्य गौरवान्वित है हम गर्व से कह सकते हैं कि झारखंड के खिलाड़ी भी अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में पदक ला सकते हैं।

काजल के पदक जीतने के बाद पूरे भारतीय कराटे टीम में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है काजल कुजूर के पदक जीतने पर विश्व कराटे संघ के तकनीकी कमेटी के सदस्य हंशी भरत शर्मा कराटे इंडिया ऑगेनाईजेशन के अध्यक्ष शिहान विजय तिवारी महासचिव शिहान संजीव जांगड़ा इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी इमा के अध्यक्ष सेंसई अनिल किस्पोट्टा सचिव मोहिनी रितिका टोप्पो राकेश तिर्की अन्य खिलाड़ियों ने बधाई दी है। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के अध्यक्ष सेंसई अनिल किस्पोट्टा ने कहां की काजल कुजुर इमा कराटे स्टूडियो की खिलाड़ी है वहीं ऐलिसन रूपल खाखा जोसेफ क्लब में अपना प्रशिक्षण ले रही है इन्होंने खिलाड़ियों के रांची आने पर भव्य स्वागत किए जाने की बात कही।

# भारत-पाकिस्तान सुपर फोर मुकाबले में बारिश फिर डाल सकती है खलल

**एजेंसी। कोलंबो**

भारत-पाकिस्तान सुपर फोर मुकाबले के लिए रिजर्व डे की घोषणा के बाद शुक्रवार से एशिया कप में अव्यवस्था का माहौल बन गया। अब, जबकि दोनों टीमें रविवार को कोलंबो में अपनी प्रतिद्वंद्विता को नवीनीकृत करना चाहती हैं, बारिश का खतरा कम नहीं हुआ है। जिस तरह पल्लेकेल में भारत का लीग मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था और नेपाल के खिलाफ उसका लक्ष्य भी इसी कारण से प्रभावित हुआ था, उसी तरह कोलंबो में भी बारिश की वजह से मैच रद्द होने का खतरा मंडरा रहा है। विभिन्न मौसम पूर्वानुमानों के अनुसार, रविवार के मैच के लिए वर्षा की संभावना 90% है।

इसके कारण, सोमवार को टकराव के लिए एक आरक्षित दिन रखा गया है, लेकिन पूर्वानुमान यह भी कहता है कि इसमें 100% वर्षा की संभावना है। यदि कोलंबो में मौसम साफ होने पर कोई चमत्कार होता है, तो भारत पुरुष वनडे विश्व कप के लिए अपने संयोजन को



अंतिम रूप देने में कुछ उत्तर तलाशना चाहेगा। रोहित शर्मा, शुभमन गिल और विराट कोहली शीर्ष तीन में स्थापित दिख रहे हैं, साथ ही श्रेयस अय्यर चौथे नंबर के बल्लेबाज के रूप में वापस आ रहे हैं, भारत को केएल राहुल और इशान किशन के बीच अपनी पहली पसंद के विकेटकीपर- बैटर के रूप में चुनने की अपनी दुविधा का समाधान ढूंढना होगा।

जनवरी 2020 से, राहुल ने भारत के लिए एक भरोसेमंद मध्य-क्रम बल्लेबाज के रूप में अपने पुनरुत्थान में 56.53 का औसत बनाया है, लेकिन दाहिनी जांघ की चोट के कारण सर्जरी की आवश्यकता थी, जिससे उन्हें इस साल मई से एक्शन से बाहर रहना पड़ा।

हालाँकि मूल चोट से संबंधित एक छोटी सी चोट के कारण उन्हें पल्लेकेल लेग से बाहर रखा गया, लेकिन उन्होंने कोलंबो में विकेटकीपिंग अभ्यास में भाग लिया, जिससे संकेत मिला कि वह दोहरी भूमिकाएँ निभाने के लिए तैयार हैं।

**टीमें इस प्रकार है**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, इशान किशन, हार्दिक पांड्या (उप-कप्तान), रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा।

**पाकिस्तान :** बाबर आजम (कप्तान), अब्दुल्ला शफीक, फखर जमान, इमाम-उल-हक, सलमान अली आगा, इफ्तिखार अहमद, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद हारिस, शादाब खान, मोहम्मद नवाज, उसामा मीर, फहीम अशरफ, हारिस रऊफ, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी, सऊद शकील और तैय्यब ताहिर (ट्रैवलिंग रिजर्व)।

# नेमार ने महान फुटबॉलर पेले का रिकॉर्ड तोड़ा

### ब्राजील के सर्वकालिक टॉप गोल स्कोरर बने

**एजेंसी। साओ पाउलो**

नेमार तीन बार के विश्व कप विजेता और महान फुटबॉलर पेले को पछाड़कर ब्राजील के लिए सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गये। नेमार ने यह उपलब्धित बोलिविया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में 61वें मिनट में गोल करके हासिल की। अमेजन शहर के बेलेम में इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने 78वां गोल दागा जिससे वह पेले के 77 गोल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने में सफल रहे। ब्राजील ने इस विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में 5-1 से जीत दर्ज की। नेमार ने मैच




में टीम के लिए चौथा और पांचवां गोल दागा। अब उनके कुल 79 गोल हो गये हैं। अल हिलाल का यह स्ट्राइकर 17वें मिनट में एक पेनल्टी से भी चूक गया था। नेमार ने यह रिकॉर्ड गोल करने के बाद हवा में मुक्का लगाकर जश्न मनाया जैसा कि आमतौर पर पेले किया करते थे। पिछले साल दिसंबर में पेले का निधन हो गया था जिन्होंने ब्राजील के लिए 92 मैच में 77 गोल दागे थे।

# यूरो 2024 क्वालीफाइंग : पुर्तगाल स्पेन और क्रोएशिया ने दर्ज की जीत

**एजेंसी। त्बिलिसी**

कप्तान अल्वारो मोराटा की हैट्रिक की मदद से दो बार के चैंपियन स्पेन ने शुक्रवार रात यूरो 2024 क्वालीफाइंग ग्रुप ए मैच में जॉर्जिया पर 7-1 से बड़ी जीत हासिल की। स्पेन के लिए मोराटा (22वें, 40वें और 65वें मिनट), सोलोमन किविर्कवेलिया (27वें मिनट, आत्मघाती गोल), दानी ओल्मो (38वें मिनट), निको विलियम्स (68वें मिनट) और लैमिन यामल (74वें मिनट) ने गोल किये। जॉर्जिया के लिए 49वें मिनट में जियोर्गी चकवेताद्जे ने एकमात्र गोल किया। इस जीत के साथ, स्पेन अब ग्रुप ए में दो जीत और एक



हार के साथ छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि जॉर्जिया एक जीत, एक हार और दो ड्रॉ के साथ चार अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। ग्रुप ए के एक अन्य मैच में स्कॉटलैंड ने साइप्रस को 3-0 से हराया। स्कॉटलैंड के लिए स्कॉट मैकटोमिने (छठे मिनट), रयान पोर्टियस (16वें मिनट) और जॉन मैकगिन (30वें मिनट) ने गोल किए, जिससे वह पांच मैचों में पांच जीत और कुल 15 अंकों के साथ शीर्ष पर बना हुआ है। साइप्रस अपने सभी चार मैच हार चुका है और सबसे निचले पायदान पर है। ग्रुप डी मैच में, कतर में 2022 फीफा विश्व कप में तीसरे स्थान पर रहने वाले क्रोएशिया ने ब्रूनो पेटकोविच (तीसरे और 44 वें मिनट) के दो और लुका इवानुसेक (13 वें मिनट), आंद्रेज क्रामारिक (68वें मिनट) और मारियो पासालिक (78वें मिनट) के 1-1 गोल की बदौलत लातविया को 5-0 से हरा दिया।

# स्टेनली ग्रैन्डी ने राइफल-शॉटगन शूटर ने एक बार फिर मंदसौर का परचम लहराया

**एजेंसी। मंदसौर**

मध्य प्रदेश के महू में 3 सितम्बर से 10 सितम्बर तक 32 जीवी मावलंकर (प्री नेशनल) शॉटगन शूटिंग प्रतियोगिता संचालित कि जा रही है। इस प्रतियोगिता में मंदसौर जिले के एकमात्र राष्ट्रीय स्तर के शूटर स्टेनली ग्रैन्डी ने भाग लिया और ट्रैप शूटिंग इवेंट में उम्दा प्रदर्शन किया और हर साल के तरह इस साल भी नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में अपना स्थान बरकरार रखकर मंदसौर जिले को गौरवान्वित किया है।

स्टैनली मंदसौर के एकलौते राष्ट्रीय स्तर के राइफल और शॉटगन शूटर हैं। श्री ग्रैन्डी ने इस पहले भी महू और देश की



राजधानी दिल्ली सहित अनेक स्थानों पर शार्टगन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर मंदसौर का परचम फहराया है।

हांग्जो एशियाई खेल — हॉकी टूर्नामेंट को लेकर अभिषेक ने कहा-


# हम पूरे आत्मविश्वास के साथ मैच खेलेंगे

**एजेंसी। बेंगलुरु**

अभिषेक ने अपने हॉकी करियर की शुरूआत एक हिंदी शिक्षक के संरक्षण में घास की पिच पर की। 19वें एशियाई खेलों के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम में उनका चयन उनके समर्पण का प्रमाण है। 24 वर्षीय खिलाड़ी अपने करियर के सबसे बड़े एशियाई टूर्नामेंट को लेकर उत्साहित हैं। अभिषेक ने अपने चयन के बारे में हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, मैं टीम में नामित होने से खुश हूं, और मैं मैदान पर अपना सब कुछ देने के लिए उत्सुक हूं। 19वें एशियाई खेल हांग्जो 2022 एक बड़ा टूर्नामेंट है, और हम उसी के अनुसार तैयारी कर रहे हैं। हम आत्मविश्वास के साथ खेलेंगे, और हमारा लक्ष्य टूर्नामेंट के अंत में बिना किसी पछतावे के चीन छोड़ना है। जब अभिषेक 9 साल के थे, तब



उनके स्कूल शिक्षक शमशेर सिंह ने उन्हें हरियाणा के सोनीपत में पढ़ाई के दौरान हॉकी स्टीक उठाने के लिए प्रोत्साहित किया था, और तब से उन्होंने पीछे नहीं देखा। उन्होंने अब तक 48 मैचों में 18 गोल किए हैं। उन्होंने कहा, मैंने अपने करियर के पहले दस वर्षों तक घास पर खेला, और पहली बार मैंने टर्फ पर तब खेला जब मैं कुछ वर्षों के लिए राष्ट्रीय हॉकी अकादमी (एनएचए) में स्थानांतरित हो गया। मेरे करियर की वह अवधि यादगार थी; मैंने प्रतिस्पर्धा की राष्ट्रीय हॉकी अकादमी से अंडर-18 एशिया कप में भाग लिया और 2017 में जूनियर भारतीय पुरुष हॉकी टीम में जगह बनाई। उसके बाद, मैं 2018 में पंजाब नेशनल बैंक हॉकी टीम में शामिल हो गया और भारतीय पुरुष हॉकी में जगह बनाने से पहले तीन साल तक वहां खेला।" अभिषेक ने अपने अब तक के करियर के बारे में कहा, "बैंगलोर में पहली हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष इंटर-डिपार्टमेंट नेशनल चैंपियनशिप 2021 में मेरे प्रदर्शन के आधार पर मुझे टीम में जगह मिली।" अभिषेक ने 2021-22 एफआईएच हॉकी प्रो लीग में पदार्पण किया और एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर - राउरकेला के दौरान दो प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार जीतकर बड़े मंच पर अपना नाम बनाया। जब अभिषेक से 19वें एशियाई खेलों के लिए उनकी टीम की तैयारियों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, हमारा सामना कुछ अच्छी टीमों से होगा, और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण में बहुत कड़ी मेहनत कर रहे हैं कि जब हम मैदान में उतरें तो हम सर्वोत्तम शारीरिक और मानसिक स्थिति में हों। भारत को 19वें एशियाई खेल हांग्जो 2022 के पूल ए में पाकिस्तान, जापान, बांग्लादेश, सिंगापुर और उज्बेकिस्तान के साथ रखा गया है। अभिषेक ने टीम के अंदर वातावरण को लेकर कहा, मेरी टीम के साथी और कोच मेरी मदद करने के लिए उत्सुक हैं; अगर मैं प्रशिक्षण में कोई गलती करता हूं तो वे मुझे प्रोत्साहित करते हैं और तेजी से आगे बढ़ने में मेरा समर्थन करते हैं। अगर मुझे संरचना के बारे में कोई चिंता होती है तो मैं अक्सर समर्थन के लिए मंदीप और ललित के पास जाता हूं; वे मैदान के अंदर और बाहर बात करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।



# अडानी ग्रुप के शेयरों पर हिंडनबर्ग रिपोर्ट का असर नहीं

# 11 लाख करोड़ रुपये के पार गया कंपनियों का मार्केट कैप

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अडानी ग्रुप के शेयरों पर हिंडनबर्ग रिपोर्ट का असर अब दूर-दूर तक नहीं है। भारी खरीदारी के चलते विगत शुक्रवार को अडानी ग्रुप का कुल बाजार पूंजीकरण 11 लाख करोड़ रुपये के पार चला गया। अडानी ग्रुप के शेयरों में लगातार वैश्विक और घरेलू निवेशकों की खरीदारी देखने को मिल रही है। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन अडानी ग्रुप की कंपनियों ने अपने मार्केट कैप में 7,039 करोड़ रुपये जोड़े। इससे ग्रुप की 10 लिस्टेड कंपनियों का कुल बाजार मूल्यांकन 11.02 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद



लोगों ने अडानी ग्रुप के शेयरों में जमकर बिकवाली की थी। कई शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई थी। फिर मार्च, 2023 के बाद से शेयरों में रिकवरी आना शुरू हुई। तब से अडानी ग्रुप ने अपने मार्केट कैप में करीब 5 लाख करोड़ रुपये जोड़े हैं। अडानी के शेयरों में उछाल की वजह ग्रुप द्वारा इसके इंफ्रास्ट्रक्चर और पावर बिजनसेज में लागातर विकास करते रहना, रणनीतिक फोकस, फंड जुटाना और एनर्जी की लगातार बढ़ती डिमांड है। एक जानी-मानी घरेलू ब्रोकरेज फर्म के विश्लेषक ने कहा, 'निवेशक अडानी ग्रुप के डायवर्सिफाइड बिजनस मॉडल की वैल्यू को पहचान रहे हैं। ग्रुप ने फंडरेजिंग की कोशिशों और प्रोजेक्ट्स के क्रियान्वयन को दोगुना कर दिया है। आने वाले समय में बिजली एक प्रमुख मुद्दा बन सकती हैं। क्योंकि मजबूत घरेलू आर्थिक विकास के कारण देश में एनर्जी की डिमांड बढ़ रही है। आने वाले महीनों में यह ट्रेंड अडानी ग्रुप के शेयरों में लिवाली की भावना में बदल सकता है। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को अडानी एंटरप्राइजेज 0.47 फीसदी, अडानी पोर्ट्स 1.92 फीसदी, अडानी पावर 2.93 फीसदी, अडानी ग्रीन 0.06 फीसदी, एनडीटीवी 0.45 फीसदी और अडानी विल्मर 0.42 फीसदी की बढ़त लेकर बंद हुआ। वहीं, एसीसी 0.82 फीसदी, अंबुजा सीमेंट 0.08 फीसदी, अडानी एनर्जी 0.65 फीसदी और अडानी टोटल का शेयर 0.32 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ।

## NEWS इन ब्रीफ

### 11 सितंबर से सस्ता सोना खरीदने का मौका

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक लोगों को सस्ता सोना खरीदने का मौका दे रहा है। इस सोने को आप बाजार भाव से कम कीमत में खरीद सकते हैं। सस्ता सोना सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम के तहत खरीदा जा सकता है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की दूसरी सीरीज जारी कर दी है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम के तहत सस्ता सोना खरीदने के लिए पांच दिन का समय दिया जा रहा है। 11 सितंबर से 15 सितंबर तक सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम सदस्यता के लिए खुला रहेगा। सोना ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड दोनों तरीके से खरीदा जा सकता है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेशक 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने में निवेश करते हैं यानी 99.9 फीसदी प्योर गोल्ड में इंवेस्ट किया जा सकता है। 8 सितंबर को जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम की दूसरी सीरीज के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने इश्यू प्राइस 5,923 रुपये प्रति ग्राम रखा है।

### ईशा अंबानी की कंपनी पर कर्ज का भारी बोझ

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी लिस्टेड कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज रिटेल बिजनेस में आक्रामक तरीके से कारोबार का विस्तार कर रही है। यह बिजनेस रिलायंस रिटेल लिमिटेड के नाम से हो रहा है, जिसे ईशा अंबानी लीड कर रही हैं। पिछले वित्त वर्ष के दौरान रिलायंस रिटेल ने कारोबार का तेजी से विस्तार किया और उसके वित्तपोषण के लिए कर्ज उठाया। एक रिपोर्ट के अनुसार, कारोबार विस्तार के आक्रामक अभियान के चलते ईशा अंबानी की अगुवाई वाली कंपनी का कुल कर्ज पिछले वित्त वर्ष के दौरान नई ऊंचाई पर पहुंच गया। रिलायंस रिटेल लिमिटेड की हालिया सालाना रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान बैंकों से 32,303 करोड़ रुपये का कर्ज लिया। रिलायंस रिटेल लिमिटेड के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष के दौरान लिए गए कुल कर्ज में 19,243 करोड़ रुपये नॉन-करेंट, लॉन्ग टर्म, बॉरोइंग्स कैटेगरी के थे।

## चीन ने कर दिया एप्पल का भारी नुकसान

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में शुमार आईफोन मेकर एप्पल को तगड़ा झटका लगा है। एप्पल को यह झटका दिया है चीन ने, जिसके एक फैसले से एप्पल की वैल्यू में जबरदस्त गिरावट आई है। हाल ऐसा हुआ है कि एप्पल को महज 2 दिन में 200 बिलियन डॉलर यानी 20 हजार करोड़ डॉलर से ज्यादा का नुकसान हो गया है। एप्पल का शेयर अभी 178 डॉलर के आस-पास आया हुआ है। पिछले कुछ दिनों में एप्पल के शेयरों में 6 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई है। यह अभी अपने ऑल टाइम हाई लेवल से काफी नीचे कारोबार कर रहा है। एप्पल के शेयर का ऑल टाइम हाई लेवल 198.23 डॉलर है। शेयरों में आई इस गिरावट का नुकसान एप्पल को एमकैप के रूप में हुआ है। 2 दिन पहले तक एप्पल 3 ट्रिलियल डॉलर यानी 3 लाख करोड़ डॉलर से ज्यादा वैल्यू वाली कंपनी थी। अभी कंपनी का एमकैप कम होकर 2.79 लाख करोड़ रुपये रह गया है।

## सोनी पश्मीना में निशांत एक बिजनेस टाइकून राघव की भूमिका निभाएंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सोनी सब का आगामी शो 'पश्मीना - धागे मोहब्बत के' एक अनोखी प्रेम कहानी है और यह टेलीविजन पर अपनी तरह का पहला शो है, जिसे कश्मीर की जादुई घाटी में सेट और शूट किया गया है। पश्मीना बहुत ही अलग-अलग मान्यताओं वाले दो लोगों के बीच के खूबसूरत रोमांस को जीवंत करता है। बड़े पर्दे के सिनेमाई अनुभव को छोटे पर्दे पर लाते हुए, यह शो कई शानदार व प्रतिभाशाली कलाकारों को प्रदर्शित करने का वादा करता है और शो के कलाकारों में शामिल होने वाला नवीनतम नाम निशांत मलकानी का है, जो मुख्य भूमिका निभाएंगे। निशांत राघव का किरदार निभाते नजर आएंगे - एक चतुर व्यवसायी जो अपने काम में व्यस्त है और प्यार की अवधारणा में विश्वास नहीं करता है। भारतीय टेलीविजन के अगले हार्टथ्रोब के रूप में उभरते हुए, निशांत मलकानी पश्मीना में अपनी अनोखी केमिस्ट्री से दर्शकों को प्रभावित करने के लिए तैयार हैं। कश्मीर के शानदार परिदृश्यों के बीच, राघव का जीवन तब अप्रत्याशित मोड़ लेता है जब वह पश्मीना से मिलता है। प्यार और जीवन के प्रति पश्मीना के जुनून और सहजता से भरे उसके उत्साही दृष्टिकोण के सामने, राघव को अपनी मान्यताओं को फिर से समझने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। जब उनकी प्रेम कहानी कश्मीर घाटी की आश्चर्यजनक पृष्ठभूमि में सामने आती है, तो राघव खुद को भावनाओं के ऐसे बवंडर में फंसता हुआ पाता है जिनका अनुभव उसने पहले कभी नहीं किया था। कश्मीर की शांत सुंदरता उनके खिलते प्यार को दर्शाती है, जहां वे अपने रिश्ते के उतार-चढ़ाव से गुजरते हैं। राघव कौल की भूमिका निभा रहे, निशांत मलकानी ने कहा, राघव का किरदार निभाना मेरे लिए वाकई शानदार रहा है।

## सितंबर के आखिरी में स्माल सेविंग स्कीम के ब्याज में होगा बदलाव


**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार स्माल सेविंग स्कीम के तहत कई सरकारी योजनाओं संचालित करती है। इसमें पीपीएफ से लेकर एनएससी, सुकन्या समृद्धि योजना, सीनियर सीटिजन सेविंग स्कीम और अन्य योजनाएं शामिल हैं। आरबीआई ने अभी हाल ही में हुए मॉनिटरी पॉलिसी की बैठक के दौरान रेपो रेट दर को स्थिर रखा था। हालांकि अभी भी महंगाई दर आरबीआई के तय लक्ष्य के ऊपर है, जिस कारण कई सरकारी योजनाओं के ब्याज में बदलाव हुआ है। अब सरकार एक बार फिर स्माल सेविंग स्कीम के ब्याज में बदलाव कर सकती है। सितंबर के आखिरी यानी 29 और 30 सितंबर को छोटी बचत योजनाओं के ब्याज में संशोधन किया जा सकता है। स्माल सेविंग स्कीम के तहत आने वाले सरकारी योजनाओं के ब्याज में पिछली बार 30 जून 2023 को संशोधन किया गया था। सरकार छोटी बचत योजना के तहत हर तीन महीने के दौरान इसमें बदलाव करती है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि तीन महीने का समय सितंबर के आखिरी में पूरा हो रहा है, जिस कारण एक बार फिर सरकार इसमें 30 सितंबर तक बदलाव करेगी। 30 जून को अंतिम अपडेट के मुताबिक, छोटी बचत योजनाओं के लिए दरों में बढ़ोतरी देखी गई थी। इससे पहले अप्रैल-जून 2023 की अवधि के लिए भी दरें बढ़ाई गई थीं। 30 जून के संशोधन में सरकार ने 1 साल और दो साल के डाकघर टाइम डिपॉजिट के लिए ब्या दर 10 बेसिस अंक बढ़र दीं, जिससे ब्याज दर क्रमशः 6.9 फीसदी और 7 फीसदी तय किया गया। इसके आलवा आरडी में 30 बीपीएस की बढ़ोतरी की गई , जिससे ब्याज दर 6.5 फीसदी हो चुका था।

## नवाज शरीफ अक्टूबर में लौट सकते हैं पाकिस्तान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ब्रिटेन में अपने चार साल से अधिक के स्वनिर्वासन को समाप्त करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के अगले महीने पाकिस्तान लौटने की संभावना है। एक मीडिया रिपोर्ट में शनिवार को यह जानकारी दी गई। शरीफ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के सर्वोच्च नेता हैं। लंदन में एक बैठक के दौरान शरीफ की कार्यकताओं से बातचीत के दौरान मौजूद रहे सूत्रों को उद्धृत करते हुए ह्यडॉन' अखबार की रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्होंने अपनी वापसी के बारे में बातचीत की, लेकिन यात्रा को लेकर किसी तय तिथि का खुलासा नहीं किया गया। 73 वर्षीय शरीफ नवंबर 2019 से लंदन में स्वनिर्वासन में रह रहे हैं। उन्हें 2018 में अल-अजीजिया मिल्स और एवेनफील्ड भ्रष्टाचार मामलों में दोषी ठहराया गया था। वह अल अजीजिया मिल्स मामले में लाहौर की कोट लखपत जेल में सात साल की कैद की सजा काट रहे थे,



लेकिन 2019 में ह्यचिकित्सा आधार' पर उन्हें लंदन जाने की अनुमति दी गई थी। डॉन की रिपोर्ट में कहा गया, ह्यह्यबैठक में पीएमएल-एन कार्यकर्ता अपने नेता की वापसी की तैयारी के लिए उत्सुक थे और उनकी वापसी को लेकर यात्रा संबंधी परिवहन के विवरण पर चर्चा कर रहे थे। शरीफ ने अक्टूबर में पाकिस्तान लौटने की पुष्टि की है।" रिपोर्ट में कहा गया है कि नवाज शरीफ ने पहले कहा था कि उन्हें मौजूदा आर्थिक संकट के बीच अपने वोट बैंक और समर्थकों से जुड़ने के लिए वापस लौटना होगा।

## भारत-अमेरिका ने सुलझा लिया विश्व व्यापार संगठन का आखिरी विवाद

**एजेंसी। वाशिंगटन**

जी20 समिट से पहले विगत शुक्रवार को अमेरिका और भारत ने पोल्ट्री उत्पादों पर विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में आखिरी विवाद के निपटा निपटा लिया है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि, कैथरीन ताई ने शुक्रवार को घोषणा की कि अमेरिका और भारत विश्व व्यापार संगठन, भारत में अपने अंतिम बकाया विवाद जो कुछ कृषि उत्पादों के आयात के संबंध में उपाय (डीएस 430) से संबंधित को हल करने के लिए सहमत हुए हैं। संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि के कार्यालय के अनुसार भारत ने फ्रोजन टर्की, बत्तख, ताजा और फ्रोजन ब्लूबेरी और क्रैनबेरी, सूखे और प्रसंस्कृत ब्लूबेरी और



क्रैनबेरी, और ताजा और फ्रोजन क्रैनबेरी सहित कई अमेरिकी सामानों पर टैरिफ कम करने पर सहमति व्यक्त की है। बैठक में दोनों नेताओं ने हळड मुद्दे पर चर्चा की और दोनों ने शीघ्र समाधान की इच्छा व्यक्त की। राजदूत ताई ने कहा ने कहा कि इस अंतिम बकाया डब्ल्यूटीओ विवाद का समाधान अमेरिका-भारत व्यापार संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर दशार्ता है, जबकि कुछ अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ कम करने से अमेरिकी कृषि उत्पादकों के लिए महत्वपूर्ण बाजार पहुंच बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि ये घोषणाएं, जून में प्रधान मंत्री मोदी की राजकीय यात्रा और इस सप्ताह राष्ट्रपति बाइडेन की नई दिल्ली यात्रा के साथ मिलकर, हमारी द्विपक्षीय साझेदारी की ताकत को रेखांकित करती हैं।

## पेज एक के शेष

### नई दिल्ली लीडस...

डिक्लेरेशन को आधिकारिक तौर पर जी20 इंडिया लीडर्स समिट में अपनाया गया है। अमिताभ कांत ने कहा, आज के युग को मानव-केंद्रित वैश्वीकरण के स्वर्ण युग के रूप में चिह्नित किया जाना चाहिए और पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की जी20 प्रेसीडेंसी ने इस लक्ष्य की दिशा में अथक प्रयास किया है।

अमिताभ कांत ने कहा कि शनिवार को जी20 नेताओं द्वारा अपनाई गई नई दिल्ली डिक्लेरेशन मजबूत और सतत विकास, सतत विकास लक्ष्यों पर प्रगति में तेजी लाने, हरित विकास समझौते और बहुपक्षवाद को फिर से मजबूत करने पर केंद्रित है। कांत ने कहा कि जी20 डेक्लेरेशन सभी विकासात्मक और भू-राजनीतिक मुद्दों पर 100 प्रतिशत सर्वसम्मति के साथ ऐतिहासिक और अग्रणी थी। उन्होंने कहा, नए भू-राजनीतिक पैराग्राफ आज की दुनिया में धरती, लोगों, शांति और समृद्धि के लिए एक शक्तिशाली आह्वान हैं।भारत के जी-20 शेरपा ने कहा कहा कि जी20 घोषणापत्र के सफल होने से आज की दुनिया में प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व प्रदर्शित हुआ है। कांत ने कहा, जी20 अध्यक्षता के इतिहास में जी20 भारत सबसे महत्वाकांक्षी रहा है। 112 परिणामों और प्रेसीडेंसी दस्तावेजों के साथ, हमने पिछले प्रेसीडेंसी की तुलना में तीन गुना से अधिक महत्वपूर्ण काम किया है।

### जेएसएससी ने ...

भुगतान करने के लिए 27 अक्टूबर तक का समय निर्धारित किया गया है। वहीं फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने, आवेदन पत्र का प्रिंट आउट लेने के लिए 29 अक्टूबर तक का समय निर्धारित किया गया है। 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक अभ्यर्थी नाम, जन्मतिथि, मेल आईडी और मोबाइल नंबर संख्या को छोड़कर किसी भी तरह की गलती को सुधार कर सकते हैं।

### चोरी के आरोप में...

में थी कि वह आरोपियों के घरों में आग लगाने को आतुर थी पुलिस ने उन्हें किसी तरह से रोका।

**कई थानों की टीम मौके पर :** ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए आनन -फानन में सिल्ली डीएसपी और ओरमाँझी थाना प्रभारी ,अनगड़ा थाना प्रभारी और बीआईटी थाना प्रभारी मौके पर पहुच ग्रामीणों को समझाने में लग गए। सिल्ली डीएसपी क्रिस्टोपर केरकेटा ने बताया कि हत्याकांड में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है इसके बावजूद ग्रामीणों का आक्रोश कम नहीं हुआ है वे लोग आरोपी के घर को आग के हवाले करना चाह रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए फिलहाल गांव में भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। कुछ जगहों पर ग्रामीणों के द्वारा सड़क जाम किया गया है उसे हटाने की कोशिश की जा रही है।

### पीएलएफआई का ...

क्षेत्र उरीकेल, तपिंगसेरा, एतरे के जंगली क्षेत्र में भ्रमणशील है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए अपर पुलिस अधीक्षक अभियान रमेश कुमार के निर्देश पर और खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में खूंटी जिला पुलिस बल, क्यूआरटी सीआरपीएफ 94 बटालियन, खूंटी जिला पुलिस के पदाधिकारी और सशस्त्र बल को शामिल कर छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने मुरहू थाना क्षेत्र के एतरे टोला अलटंडा के जंगल में चलाये गये सर्च अभियान के दौरान एक व्यक्ति को पकड़ा, जबकि अन्य लोग भागने में सफल रहे। पकड़े गये व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम दसाय पुर्ति उर्फ गेड़े पिता स्व बुधराम पूर्ति ग्राम एतरे थाना मुरहू बताया। एसपी ने बताया की पूछताछ के दौरान गिरफ्तार दसाय पूर्ति ने बताया कि पीएलएफआई के एरिया कमांडर टीरा बोदरा उर्फ लंबू द्वारा उसे क्षेत्र की देखरेख करने और लेवी वसूलने की जिम्मेदारी सौंपी थी। उसने बताया कि टीरा बोदरा के कहने और उसके इशारे पर कई घटनाओं में वह शामिल था।

**पुराना आपराधिक इतिहास रहा है दसाय पूर्ति का :** एसपी ने बताया कि दसाय पूर्ति उर्फ गेड़े का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ मुरहू थाना, खूंटी, नामकुम और बंदगांव थाने में हत्या, आर्म्स एक्ट, 17 सीएलए एक्ट सहित अन्य संगीन धाराओं के तहत सात मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया की दसाय पूर्ति के खिलाफ मुरहू थाने में चार मामले दर्ज हैं।

### मांडर के बाद डुमरी...

के मुसलमान पाकिस्तान नहीं जाना चाहते। उनको यहीं रहना है। दूसरा पाकिस्तान बन भी नहीं सकता। वो देख रहे हैं कि ओवैसी का फैक्टर डेमोक्रेटिक और सेक्यूलर नहीं है। मुस्लिम वोटर तब उनके पास जाते हैं जब कोई विकल्प नहीं दिखता। यह परिणाम बता रहा है कि आने वाले दिनों में मुस्लिम वोटर सिर्फ और सिर्फ इंडिया गठबंधन की तरफ ही जाएंगे। जहां मुस्लिम अपने बूते चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं, वहां भी वे क्षेत्रीय स्तर पर तय करेंगे। वैसे भी झारखंड में इंडिया गठबंधन के पास कई बड़े मुस्लिम चेहरे हैं जिन पर झारखंड के मतदाताओं का भरोसा है और इसलिए किसी बाहरी नेता पर विश्वास करना थोड़ा कठिन है। उधर, डुमरी उपचुनाव के नतीजों को लेकर आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को निराशा हुई होगी। सुदेश महतो ने डुमरी में कैंप कर अपने प्रत्याशी के पक्ष में खूब जनसंपर्क अभियान किया था। ऐसी उम्मीद भी की जा रही थी कि बाजी पलट सकती है। उनकी सभाओं में लोगों की भीड़ भी उमड़ रही थी लेकिन चुनाव में हार के बाद उन्हें हार विश्लेषण करना होगा। भाजपा ने भी ऐड़ी चोटी का जोर लगाया था। भाजपा नेता लगातार सीएम और सोरेन परिवार पर हमलावर थे। लेकिन कोई फॉर्मूला काम नहीं आया। इसको लेकर भाजपा के भीतरखाने से गम से ज्यादा खुशी दिख रही है। इसकी वजह भी है। चर्चा है कि अगर यह चुनाव आजसू जीत गया होता तो उसका आत्मविश्वास सांतवें आसमान पर होता क्योंकि कुछ माह पहली ही रामगढ़ में उपचुनाव में आजसू की जीत हुई थी। दूसरी जीत मिलने पर यह मैसेज जाता कि आजसू के बगैर कुर्मी वोट की गोलबंदी भाजपा के बूते संभव नहीं। इसका असर 2024 के विधानसभा चुनाव के वक्त सीट शेयरिंग पर दिखता। अब डुमरी में आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा दावेदारी ठोक सकती है।

2019 के विधानसभा चुनाव के वक्त डुमरी सीट के लिए नोटा समेत कुल 16 प्रत्याशी मैदान में थे। झामुमो को कांग्रेस और राजद का समर्थन था जबकि आजसू और बीजेपी ने अपने बूते प्रत्याशी मैदान में उतारे थे। 2019 में सभी 16 प्रत्याशियों के बीच कुल 1,90,289 वोट पड़े थे। लेकिन उपचुनाव में कुल 1,93,826 यानी सिर्फ 3,537 वोट ज्यादा पड़े।

## विदेश

### मोरक्को में आई भीषण भूकंप, कई इमारतें हुई क्षतिग्रस्त

# 820 की हुई मौत, 672 हुए घायल

**एजेंसी। मोनाको**

मोरक्को में विगत शुक्रवार रात भीषण भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 820 हो गई है वहीं 672 लोग घायल हुए हैं। देश के गृह मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। देश की ऐतिहासिक मराकेश शहर से लेकर एटलस पर्वत पर स्थित गांवों तक कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। गृह मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि भूकंप के कारण कम से कम 820 लोगों की मौत हो गई है और 672 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंत्रालय ने बताया कि सबसे अधिक नुकसान शहरों और कस्बों के बाहर हुआ है। मोरक्को वासियों ने सोशल मीडिया पर कई वीडियो साझा किए हैं, जिनमें इमारतें ढहकर मलबे में बदली दिखाई दे रही हैं और चारों तरफ धूल नजर आ रही है।



मोरक्को के ऐतिहासिक शहर मराकेश के चारों ओर बनी प्रसिद्ध लाल दीवारों के कुछ हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। मराकेश यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन) के विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल है। भूकंप के केंद्र के पास स्थित एक शहर के प्रमुख ने मोरक्को की समाचार साइट ह्य2ट' को बताया कि निकटवर्ती शहरों के कई घर आंशिक रूप से या पूरी तरह ढह गए हैं, कुछ स्थानों पर बिजली आपूर्ति ठप हो गई है और सड़क मार्ग बाधित हो गए हैं। तलत एन'याकूब शहर के प्रमुख अब्दर्रहमान ऐत दाउद ने बताया कि प्राधिकारी प्रांत में सड़कों को साफ कर रहे हैं, ताकि एम्बुलेंस वहां से गुजर सकें और प्रभावित आबादी को सहायता मुहैया कराई जा सके। उन्होंने कहा कि पर्वत पर स्थित गांवों के बीच अत्यधिक दूरी होने के कारण नुकसान का आकलन करने में समय लगेगा। स्थानीय मीडिया ने बताया कि भूकंप के केंद्र के आसपास के पर्वतीय क्षेत्र की ओर जाने वाले सड़क मार्ग बाधित हो जाने के कारण बचाव अभियान धीमा है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि रात 11 बजकर 11 मिनट पर आए भूकंप की प्रारंभिक तीव्रता 6.8 थी और भूकंप बाद के झटके कई सेकंड तक जारी रहे। अमेरिकी एजेंसी ने 19 मिनट बाद 4.9 तीव्रता का भूकंप के बाद का झटका आने की सूचना दी। शुक्रवार को आए इस भूकंप का केंद्र मराकेश से लगभग 70 किलोमीटर दक्षिण में अल हौज प्रांत के इघिल शहर में था। वरत्र्रा ने बताया कि भूकंप का केंद्र पृथ्वी की सतह से 18 किलोमीटर गहराई

### चीन की अर्थव्यवस्था पर बढ़ा दबाव, अगस्त में घटा निर्यात व आयात


**सिंगापुर।** कमजोर वैश्विक मांग से धीमी पड़ी चीन की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है जिस कारण चीन के निर्यात और आयात दोनों में अगस्त में सालाना आधार पर गिरावट आई है। यह कमजोर वैश्विक मांग को दशार्ता है जिससे पहले से ही धीमी पड़ी उसकी अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है। जारी सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में निर्यात सालाना आधार पर 8.8 प्रतिशत घटकर 284.87 अरब डॉलर रहा। आयात एक साल पहले की तुलना में 7.3 प्रतिशत घटकर 216.51 अरब डॉलर रहा। चीन का व्यापार अधिशेष 68.36 अरब डॉलर रहा, जो जुलाई में यह 80.6 अरब डॉलर था। चीन के नेताओं ने हाल के महीनों में अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए कई नीतिगत उपाय किए, क्योंकि कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद अर्थव्यवस्था उम्मीद से काफी पहले ही कमजोर पड़ गई है।

## पुण्यतिथि | दुनिया का सबसे महंगा सिक्का, कीमत 192 करोड़ रुपए

# 4 किलो सोने से बना है,क्वीन एलिजाबेथ को दी गयी श्रद्धांजलि

**एजेंसी। लंदन**

ईस्ट इंडिया कंपनी ने क्वीन एलिजाबेथ-II की पहली डेथ एनिवर्सरी (पुण्यतिथि) पर एक सिक्का जारी किया है। इसकी कीमत 192 करोड़ रुपए है। इसे 4 किलोग्राम सोने से बनाया गया है। इसमें 6 हजार 400 हीरे भी जड़े हुए हैं। इसे 'द क्राउन कॉइन' नाम दिया गया है। इसे अब तक का सबसे महंगा सिक्का कहा जा रहा है। इसके पहले 'डबल ईगल' नाम के सिक्के को दुनिया का सबसे महंगा सिक्का माना जाता था। इस 'डबल ईगल' की कीमत 163 करोड़ रुपए थी। इसे ऑगस्टस सेंट गॉडंस ने 1933 में डिजाइन किया था। इस एक सिक्के का वजन करीब 3.6 किलो है। इसका डायमीटर (व्यास) 9.6 इंच है। इस एक सिक्के का वजन करीब 3.6 किलो है। इसका डायमीटर




(व्यास) 9.6 इंच है। 8 सितंबर 2022 को क्वीन एलिजाबेथ का निधन हुआ था। एक साल बाद ईस्ट इंडिया कंपनी ने उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए 'द क्राउन कॉइन' जारी किया। इस सिक्के के किनारों पर महारानी एलिजाबेथ-क्कके कोट्स लिखे हैं। पहला कोट है-उम्र के साथ अनुभव आता है और अगर इसका सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए तो यह एक गुण हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस सिक्के का साइज बास्केट बॉल के बराबर है। इसका डायमीटर

**रिपोर्ट के मुताबिक, इस सिक्के का साइज बास्केट बॉल के बराबर है। इसका डायमीटर (व्यास) 9.6 इंच है। इसमें दिवंगत सम्राट की तस्वीरें भी लगी हैं**

(व्यास) 9.6 इंच है। इसमें दिवंगत सम्राट की तस्वीरें भी लगी हैं। इन तस्वीरों को प्रसिद्ध चित्र कलाकारों मैरी गिलिक, अर्नोल्ड माचिन, राफेल मैकलॉफ और इयान रैंक-ब्रॉडली ने बनाया है। वहीं, इस सिक्के को बनाने में भारत, जर्मनी, यूके, श्रीलंका और सिंगापुर के कारीगरों को लगाया गया था। इसे ईस्ट इंडिया कंपनी के भारतीय मूल के सीईओ संजीव मेहता ने जारी किया है। तस्वीर ईस्ट इंडिया कंपनी के भारतीय मूल के उएड संजीव मेहता की है। उनके हाथ में 'द क्राउन कॉइन' है। तस्वीर ईस्ट इंडिया कंपनी के भारतीय मूल के सीईओ संजीव मेहता की है। उनके हाथ में 'द क्राउन कॉइन' है। स्काई न्यूज के मुताबिक, इस सिक्के को बनाने में करीब 16 महीने का समय लगा। स्काई न्यूज के मुताबिक, इस सिक्के को बनाने में करीब 16 महीने का समय लगा। 24 अगस्त 1608 को ईस्ट इंडिया कपंनी का पहला जहाज सूरत के तट पर आया था। इसे ही ईस्ट इंडिया कंपनी का भारत में आगमन माना जाता है। उस समय कोई नहीं जानता था कि व्यापार के लिए आई ये कंपनी करीब 200 सालों तक भारत पर राज करेगी। इस घटना ने भारत के भूगोल, इतिहास दोनों को बदलकर रख दिया।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### बालाकोट सेक्टर में तैनात बीएसएफ का जवान लापता

**पुंछ।** पुंछ जिले की नियंत्रण रेखा के साथ सटे बालाकोट सेक्टर के फॉरवर्ड भरनी में तैनात बीएसएफ का एक जवान शुक्रवार से अपनी ड्यूटी से लापता है। अधिकारियों ने शनिवार को जानकारी दी कि बीएसएफ का एक जवान बिहार निवासी अमित पासवान को शुक्रवार सुबह से अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित पाया गया है। उन्होंने कहा कि सभी संभावित स्थानों पर उसकी तलाश करने के बावजूद अभी तक उसका पता नहीं चल सका है। पुलिस पोस्ट बालाकोट में उसके गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। अधिकारी ने कहा कि उसे ढूंढने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास जारी हैं।

### पंजाब पुलिस ने फाजिल्का से पकड़ी 15 किलो हेरोइन

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर 15 किलो हेरोइन बरामद करके एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई हेरोइन की कीमत 105 करोड़ के करीब आंकी गई है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले नेटवर्क के खिलाफ फाजिल्का की एसएसओसी विंग ने खुफिया अभियान चलाया था। इसी दौरान एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया गया है, जिसके पास से पुलिस ने 15 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। भारतीय तस्कर इस खेप को भूसे से भरी ट्रॉली में छिपा कर ले जा रहा था। पकड़ी गई हेरोइन को जांच के लिए लैब में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले 45 दिनों में एसएसओसी फाजिल्का ने 147 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है।

# मानव केन्द्रित दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ना होगा : पीएम




**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारत मंडपम में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान "वन अर्थ" पर प्रथम सत्र में कहा कि हमें मानव केन्द्रित दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ना होगा। उन्होंने वैश्विक विश्वास की कमी को कम करने और विश्वास के माहौल को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने भारत मंडपम में जी20 शिखर सम्मेलन में उद्घाटन भाषण में तमाम राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत किया। इसके साथ ही दो दिवसीय सम्मेलन की शुरूआत हो गई। मोदी ने जी-20 बैठक को संबोधित करते हुए देश का नाम 'भारत' बताते हुए कहा, 'जी20 के प्रेसिडेंट के तौर पर भारत आप सभी का हार्दिक स्वागत करता है।'

अफ्रीकी देश में भूकंप पर मोदी ने दुख जताते हुए कहा कि सम्मेलन की औपचारिक कार्यवाही शुरू करने से पहले, मैं मोरक्को में भूकंप के कारण प्रभावित लोगों के प्रति अपनी सहानुभूति व्यक्त करता हूं। हम प्रार्थना करते हैं कि घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। पूरा वैश्विक समुदाय मोरक्को के लोगों के साथ खड़ा है। जी20 शिखर सम्मेलन शुरू होने पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कोविड के बाद की दुनिया विश्वास की कमी से जूझ रही है और युद्ध ने इसे और गहरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि अगर हम कोविड को हरा सकते हैं, तो हम युद्ध के कारण पैदा हुई विश्वास की कमी पर भी विजय पा सकते हैं। अब समय आ गया है कि हम सभी वैश्विक भलाई के लिए एक साथ चलें।

उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का ये समय पूरी दुनिया को नई दिशा दिखाने वाला और नई दिशा देने वाला एक महत्त्वपूर्ण समय है। ये वो समय है जब वर्षों पुरानी चुनौतियां हमसे नए समाधान मांग रही हैं। इसलिए हमें मानव केन्द्रित दृष्टिकोण के साथ अपने हर दायित्व को निभाते हुए ही आगे बढ़ना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास" का विचार दुनिया के लिए मार्गदर्शक हो सकता है। उन्होंने कहा, भारत की जी20 अध्यक्षता देश के अंदर और बाहर "सबका साथ" का प्रतीक बन गई है। यह भारत में लोगों का जी20 बन गया है और देश भर में 200 से अधिक बैठकें आयोजित की गईं।

## भारत भविष्य में प.एशिया-यूरोप के बीच आर्थिक एकीकरण का माध्यम बनेगा

**प्रधानमंत्री** ने शनिवार को कहा कि आने वाले समय में भारत पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक एकीकरण का माध्यम बनेगा। यह बात प्रधानमंत्री मोदी ने भारत मंडपम में पीजीआईआई और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। मोदी ने कहा कि आज हम सबने एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक समझौता संपन्न होते हुए देखा है। आने वाले समय में ये भारत-पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक एकीकरण का प्रभावी माध्यम होगा। ये पूरे विश्व में कनेक्टिविटी और विकास को टिकाऊ दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि मजबूत कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर मानव सभ्यता के विकास का मूल आधार हैं। भारत ने अपनी विकास यात्रा में इस विषय को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने ग्लोबल साउथ के अनेक देशों में एक विश्वसनीय पार्टनर के रूप में ऊर्जा, रेलवे, जल और टेक्नोलॉजी पार्क जैसे क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स इम्प्लीमेंट किए हैं। इन प्रयासों में हमने मांग आधारित और पारदर्शी दृष्टिकोण पर विशेष बल दिया है।

**शिखर सम्मेलन में इंडिया की जगह भारत लिखा गया :** भारत और इंडिया विवाद के बाद मोदी सरकार ने भारत शब्द का उपयोग शुरू कर दिया है। जी-20 समिट के दौरान भी भारत शब्द को प्राथमिकता के साथ लिखा जा रहा है। शनिवार को जब पीएम जी-20 नेताओं को संबोधित कर रहे थे तो उनके सामने भारत लिखा गया। जबकि बाली में हुई जी-20 समिट के दौरान जब प्रधानमंत्री मोदी वहां गए थे तो उनके सामने लगे नेमप्लेट में इंडिया लिखा गया था। जानकारों का मानना है कि मोदी सरकार अब आधिकारिक तौर पर इंडिया की जगह भारत का ही उपयोग करेगी। हालांकि विपक्ष का आरोप है कि मोदी सरकार संविधान संशोधन कर इंडिया हटा कर भारत को आधिकारिक नाम के तौर पर लिखेगी। जबकि सरकार की ओर से अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की गई है।

## लीडर्स घोषणापत्र मजबूत, टिकाऊ, संतुलित व समावेशी विकास पर केन्द्रित: विदेश मंत्री



**विदेश मंत्री** डॉ एस जयशंकर ने शनिवार को जी20 शिखरवार्ता के बाद एक पत्रकार वार्ता में कहा कि नई दिल्ली जी20 लीडर्स घोषणापत्र मजबूत, टिकाऊ, संतुलित और समावेशी विकास को बढ़ावा देने पर केन्द्रित है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और जी20 शेरपा के साथ संयुक्त पत्रकार वार्ता में विदेश मंत्री ने कहा कि घोषणापत्र सतत विकास लक्ष्यों की प्रगति में तेजी लाने के लिए एक कार्ययोजना लाया है। इसमें स्थिर भविष्य के लिए हरित विकास के समझौते की कल्पना की गई है। उन्होंने बताया कि यह यह स्थायी विकास के लिए जीवनशैली पर उच्च-स्तरीय सिद्धांतों, हाइड्रोजन के स्वैच्छिक सिद्धांतों, टिकाऊ लचीली नीली अर्थव्यवस्था के लिए चेन्नई सिद्धांतों और खाद्य सुरक्षा और पोषण पर डेक्कन सिद्धांतों का समर्थन करता है। जी20 घोषणापत्र में परिवर्तन, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर ध्यान देने के साथ प्रौद्योगिकी की समावेशी भूमिका पर प्रकाश डाला गया है। जयशंकर ने कहा कि भारत ने जी20 अध्यक्षता को समावेशी और व्यापक बनाने का प्रयास किया है। यह संतोष का विषय है कि भारत की अध्यक्षता में अफ्रीकी संघ जी20 का स्थाई सदस्य बना है।

### अफ्रीकी संघ हुआ शामिल, भारत का जताया आभार

भारत की अध्यक्षता में हो रहे जी20 शिखर सम्मेलन में शनिवार को अफ्रीकी संघ को भी सदस्य के रूप में शामिल कर लिया गया है। इस कदम के लिए अफ्रीकी संघ ने भारत का आभार व्यक्त किया है। दक्षिण अफ्रीका ने इस पर खुशी जताते हुए भारत के पीएम का आभार व्यक्त किया है। द. अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के प्रवक्ता विंसेंट मैग्वेन्या ने अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, हम प्रधानमंत्री मोदी द्वारा प्रदर्शित नेतृत्व और जी20 की अध्यक्षता के दौरान भारत सरकार द्वारा प्रदर्शित किए गए नेतृत्व से काफी खुश हैं।

## मुंबई में जलती हुई पांच मंजिला इमारत से दो नवजात समेत 33 लोगों को सुरक्षित निकाला

**एजेंसी। मुंबई**

मुंबई फायर ब्रिगेड ने यहां शनिवार को एक पांच मंजिला इमारत में आग लगने के बाद दो नवजात शिशुओं सहित 33 लोगों को सुरक्षित निकाला। बीएमसी आपदा नियंत्रण ने बताया कि सुबह लगभग 9 बजे अंधेरी पूर्व के साकीनाका में साकी सोसाइटी में आग लगने की सूचना मिली। विभिन्न मंजिलों पर कई लोग आग में फंसे हुये थे। आग स्पष्ट रूप से भूतल पर स्थित एक इलेक्ट्रिक मीटर बॉक्स केबिन में लगी, जिसने वायरिंग, इंस्टॉलेशन, इलेक्ट्रिकल पैनल बोर्ड और अन्य वस्तुओं को



अपनी चपेट में ले लिया और तेजी से आवासीय भवन की ऊपरी मंजिलों तक फैल गई। चारों तरफ चीख-पुकार मची हुई थी। लोग अलग-अलग मंजिलों पर फंस गए थे। घने जहरीले धुएं के कारण वे सीढ़ियों से भी नहीं उतर पा रहे थे। छत पर ताला लगा हुआ था। अत्याधुनिक उपकरणों और सीढ़ियों से लैस मुंबई फायर ब्रिगेड की एक टीम इमारत में पहुंची और आग से लड़ते हुए निकासी अभियान शुरू किया। एक घंटे के भीतर, उन्होंने एंगस लैडर और इमारत की सीढ़ियों का उपयोग करके पहली मंजिल से 7 लोगों को, दूसरी मंजिल से दो नवजात सहित 16 लोगों को और तीसरी तथा चौथी मंजिल से 10 और लोगों को निकाला। बीएमसी आपदा नियंत्रण ने कहा, "आखिरकार, सुबह 10:45 बजे के आसपास आग बुझ गई और अब कूलिंग ऑपरेशन चल रहा है। इस त्रासदी में कोई घायल नहीं हुआ है।

## पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा शिवसेना के शिंदे गुट में शामिल

**एजेंसी। जयपुर**

पूर्व मंत्री और राजस्थान के उदयपुरवाटी निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस विधायक राजेंद्र गुढ़ा शनिवार को शिवसेना के शिंदे गुट में शामिल हो गए। गुढ़ा ने लाल डायरी को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला था। राजेंद्र गुढ़ा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में अपने पैतृक गांव गुढ़ा (नीमकाथाना) में पार्टी में शामिल हुए। उन्हें संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। शिंदे ने गुढ़ा का शिवसेना में उनका स्वागत किया। गुढ़ा पहले भी बसपा और कांग्रेस में काम कर चुके हैं। शिंदे



ने कहा कि गहलोत ने जो किया उसका जवाब जनता देगी। गुढ़ा ने क्या गलती की? क्या सच का साथ देना गुनाह है? उन्होंने राजस्थान में कानून व्यवस्था और महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों को लेकर आवाज उठाई थी। शिंदे ने कहा कि गुढ़ा ने मंत्री पद छोड़ा, लेकिन सच्चाई नहीं छोड़ी। राजेंद्र गुढ़ा का शिवसेना में स्वागत है। गुढ़ा जब भी महाराष्ट्र आते थे तो उन्हें वहां रहने वाले राजस्थानियों की चिंता सताती थी। हम महाराष्ट्र में रहने वाले हर राजस्थानी का ख्याल रखेंगे। शिंदे ने आगे कहा, मैंने भी आपकी (गुढ़ा) तरह मंत्री पद छोड़ा था। मैंने बाला साहेब के विचारों और आदर्शों के लिए मंत्री पद छोड़ा था। सत्य के लिए राजेंद्र गुढ़ा ने मंत्री पद छोड़ा, राजस्थान में कानून व्यवस्था मजबूत होनी चाहिए।" गुढ़ा ने मंत्री रहते हुए जुलाई में विधानसभा में कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए थे। विधानसभा में जब कांग्रेस विधायकों ने मणिपुर हिंसा और महिलाओं के नग्न घूमने का मुद्दा उठाया था तो उन्होंने पलटवार करते हुए कहा था कि रेप के मामले में राजस्थान पहले नंबर पर है।

## एनआईए ने माओवादियों के 8 ठिकानों पर की छापेमारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अगस्त महीने में विस्फोटकों की बरामदगी से जुड़े एक मामले में शनिवार को तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में आठ ठिकानों पर छापेमारी की और तलाशी ली। यह जानकारी एनआईए ने शनिवार को यहां जारी एक वक्तव्य में दी। एनआईए ने बताया कि चेरला ड्रोन मामले में जारी जांच के तहत एजेंसी ने शनिवार को तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में आठ स्थानों पर छापेमारी की। एजेंसी ने तेलंगाना के वारंगल में पांच स्थानों, भद्राद्री और कोठागुडेम में दो स्थानों तथा छत्तीसगढ़ के बीजापुर में एक स्थान पर छापेमारी कर आरोपितों के परिसरों की तलाशी ली। यहां से कई डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए। लंबे समय तक केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने के कथित उद्देश्य के साथ विभिन्न प्रकार की गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल वामपंथी चरमपंथी संगठन सीपीआई (माओवादी) को रसद समर्थन प्रदान करने में आरोपितों की भागीदारी को उजागर करने के लिए इन उपकरणों और दस्तावेजों की विस्तृत जांच चल रही है।

## तेलंगाना चुनाव के लिए कांग्रेस ने विभिन्न समितियों का किया गठन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने तेलंगाना में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए चुनाव प्रबंधन समिति, घोषणापत्र समिति और रणनीति समिति सहित विभिन्न समितियों का गठन किया है। कांग्रेस के संगठन प्रभारी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, दामोदर राजा नरसिम्हा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रमुख होंगे। पैनल के सदस्यों में वामशी चंद रेड्डी, ई. कोमरैया, जगनलाल नाइक और फकरुद्दीन के नाम शामिल हैं।



डुडिल्ला श्रीधर बाबू को घोषणापत्र समिति का अध्यक्ष और गद्दाम प्रसाद को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रणनीति समिति के अध्यक्ष प्रेमसागर राव होंगे। इसके अलावा, पार्टी ने एआईसीसी कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति, प्रचार समिति, आरोप पत्र समिति, संचार समिति और प्रशिक्षण समिति का भी गठन किया है। पार्टी के बयान में कहा गया है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन समितियों के गठन के प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दे दी है। तेलंगाना में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। कांग्रेस ने विश्वास जताया कि वह सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को सत्ता से बाहर कर देगी।




### बॉलीवुड को एल्विश यादव जैसे हीरो की जरूरत है : उर्वशी रौतेला

**एक्ट्रेस उर्वशी** रौतेला और 'बिग बॉस ओटीटी 2' के विजेता एल्विश यादव 'हम तो दीवाने' नामक एक नया म्यूजिक वीडियो लेकर आ रहे हैं। एल्विश के साथ काम करने को लेकर उर्वशी काफी खुश हैं और उन्होंने कहा कि बॉलीवुड को उनके जैसे और हीरो की जरूरत है। उन्होंने कहा, एल्विश यादव ने 'हम तो दीवाने' में वास्तव में शानदार काम किया है, जिससे हर कोई हैरान रह गया। मुझे लगता है कि बॉलीवुड को एल्विश जैसे हीरो की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा, "पूरी शूटिंग के दौरान, मेरा ध्यान केवल उन्हीं पर था, क्योंकि मेरा मानना है कि जब हीरो बेस्ट परफॉर्म करता है, तो ऑनस्क्रीन जोड़ी के रूप में हम बेस्ट दिखते हैं। दर्शक हमें अपना प्यार और आशीर्वाद प्रदान करें।" गाना का एक पोस्टर सामने आया है, जिसमें उनका अलग लुक नजर आ रहा है। उर्वशी वाइब्रेंट रेड अनारकली सूट में बहुत खूबसूरत लग रही हैं।




### सिमरन कौर 'तोसे नैना मिला के' नाम की लव स्टोरी के साथ टीवी पर लौटीं



**टीवी एक्ट्रेस** सिमरन कौर लव स्टोरी 'तोसे नैना मिला के' का हिस्सा हैं। उन्होंने इस प्रोजेक्ट को अपनाने, इसकी यूएसपी, किस चीज ने उन्हें यह किरदार निभाने के लिए प्रेरित किया, इस बारे में बात की है। एक्ट्रेस ने कहा, "यह शो दो बहनों पर केंद्रित है: एक असाधारण रूप से गोरी, सुंदर और तेजस्वी है, जबकि दूसरी बहन पारंपरिक सौंदर्य मानकों पर फिट नहीं बैठती है। मैं पूर्व बहन का चित्रण करती हूं। शादी के बाद दोनों बहनें एक ही छत के नीचे रहती हैं। शो में मैं छोटे भाई से शादी करती हूं, जबकि मेरी बहन बड़े भाई से शादी करती है। अवधारणा शानदार और लेखन उत्कृष्ट है। यह शो एक सकारात्मक संदेश देता है जो इस बात पर जोर देता है कि हम सभी अपने तरीके से सुंदर हैं।

### कंगना, राघव लॉरेंस 'चंद्रमुखी 2' की आगे बढ़ी रिलीजिंग डेट

**कंगना रनौत** और राघव लॉरेंस की अपकमिंग फिल्म 'चंद्रमुखी 2' की रिलीज को आगे टेक्निकल कारणों के चलते आगे बढ़ा दिया है। लाइका प्रोडक्शंस ने इंस्टाग्राम पर घोषणा की कि फिल्म अब 28 सितंबर को रिलीज होगी। प्रोडक्शन हाउस ने नई रिलीज डेट के साथ एक वीडियो शेयर किया और इसे कैप्शन दिया, "टेक्निकल कारणों के चलते चंद्रमुखी -2 की रिलीज डेट 28 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। राजा वेट्टेयन और चंद्रमुखी पहले की तुलना में इस बार ज्यादा मजबूत वापसी करेंगे।" पी. वासु द्वारा निर्देशित यह फिल्म पहले 15 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। 'चंदमुखी 2' 2005 में रिलीज हुई रजनीकांत और ज्योतिका अभिनीत 'चंद्रमुखी' का सीक्वल है। यह एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है जो डिसोसिएटिव आइडेंटिटी डिसऑर्डर से पीड़ित है।



'चंद्रमुखी' निर्देशक की अपनी कन्नड़ फिल्म आप्तमित्र (2004) का आधिकारिक रीमेक है, जो मलयालम फिल्म मणिचित्राथाझु (1993) का रूपांतरण है।

**राजनीति** संसद के विशेष सत्र के दौरान महिला आरक्षण विधेयक लाए जाने की चर्चा

## लोस चुनाव के पहले फिर गरमाएगा आरक्षण का मुद्दा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लुटियंस में ऐसी चर्चा है कि प्रधानमंत्री संसद के विशेष सत्र के दौरान महिला आरक्षण विधेयक लाएंगे। तेलंगाना विधान परिषद सदस्य और मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता ने इस कानून को औपचारिक रूप देने के लिए समर्थन के लिए सभी 47 राजनीतिक दलों के अध्यक्षों को पत्र लिखा है। इस विधेयक में 15 वर्षों के लिए लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की परिकल्पना की गई है। हालाँकि, यह विधेयक कोई नया प्रयास नहीं है और यहाँ तक इसकी यात्रा एक तरह से आजादी से पहले ही शुरू हो गई थी। महिला आरक्षण विधेयक का वर्तमान विचार 1993 में एक संवैधानिक संशोधन से उत्पन्न हुआ, जिसमें कहा गया था कि



ग्राम पंचायत में ग्राम परिषद नेता (सरपंच) का एक-तिहाई यादृच्छिक पद महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाना चाहिए। यह विधेयक इस प्रावधान को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं तक विस्तारित करने की दीर्घकालिक योजना बन गया। हालाँकि, हालिया संदर्भ में, यह विधेयक तत्कालीन प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा की संयुक्त मोर्चा सरकार ने 12 सितंबर 1996 को लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के प्रस्ताव वाल विधेयक लोकसभा में पेश किया था। इस आरक्षण के मानदंड यह थे कि यह चक्रीय आधार पर होगा, और सीटें इस तरह से आरक्षित की जाएंगी कि हर तीन लगातार आम चुनावों के लिए एक सीट केवल एक बार आरक्षित होगी। वाजपेयी सरकार ने इस विधेयक को लोकसभा में पेश किया लेकिन कोई असर नहीं हुआ। बाद में, मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए-1 सरकार ने विधेयक को राज्यसभा में पेश किया, जहां कुछ क्षेत्रीय दलों के विरोध और कांग्रेस, भाजपा और वामपंथी दलों के सामूहिक समर्थन के बीच 9 मार्च 2010 को इसे एक के मुकाबले 186 वोटों के साथ पारित कर दिया गया। लेकिन चूंकि इसे निचले सदन में लंबित छोड़ दिया गया था, इसलिए यह 15वीं लोकसभा के विघटन के साथ समाप्त हो गया। राजद और समाजवादी पार्टी इस समय महिला आरक्षण बिल के मुखर विरोधी थे। उन्होंने महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत कोटा के भीतर पिछड़े समूहों के लिए अतिरिक्त 33 प्रतिशत आरक्षण की मांग की। जद (यू) के शरद यादव ने कुख्यात रूप से कहा था कि इस विधेयक से सिर्फ पर कटी महिलाओं को फायदा होगा जो हमारी (ग्रामीण) महिलाओं का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकतीं। इस विधेयक का विरोध करने वालों ने इसे महिलाओं के प्रति अधिमान्य व्यवहार माना। हालांकि, एलजेपी के चिराग पासवान और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक अपनी रैलियों और भाषणों में इस बिल को पारित कराने पर जोर देते रहे हैं। फिलहाल स्थिति यह है कि बिल अभी भी लोकसभा में लंबित है। यह तभी कानून बनेगा जब सत्तारूढ़ सरकार न केवल शब्दों से बल्कि कार्रवाई से इसका समर्थन करेगी- इसका कारण लोकसभा में उसकी ताकत है। भाजपा के पास बहुमत होने के कारण सरकार इस विधेयक को कानून बनाने में उत्प्रेरक बन सकती है।